इधर इन बातों से व्यथित नीतीश कुमार पिछले कोई चार बार से पीएम मोदी से मिलने का समय मांग रहे हैं, पर अब तक उन्हें यह सौभाग्य प्राप्त नहीं हो पाया है। सूत्रों की मानें तो इसके बाद नीतीश ने दिल्ली के अपने एक मुंहलगे वरिष्ठ पत्रकार को एक 'वॉयस नोट' भेजा, जिसका लब्बोलुआब था कि 'क्या उन्हें एक बंधक की जिंदगी जीने को मजबूर किया जा रहा है?' पत्रकार महोदय यह 'वॉयस नोट' मिलते ही फौरन हरकत में आ गए, वे भागे-भागे ललन सिंह के पास पहुंचे और उन्हें इस बात की जानकारी दी। कहते हैं इस 'वॉयस नोट' में इस बात का जिक्र था कि 'नीतीश से सीएम पद वापिस लेते हुए उनसे यह वायदा किया गया था कि उन्हें केंद्र में एक अहम मंत्रालय से नवाजा जाएगा, पर वह आज तक नहीं हुआ।'

कहते हैं अपनी व्यथा बताते नीतीश ने बहुत कुछ साफ कर दिया 'वे अपने पुत्र निशांत को राजनीति में लाने और उन्हें बिहार सरकार में मंत्री बनवाने को कभी उत्सुक नहीं थे। भाजपा व समाट ने अपनी इच्छा से यह किया है।' कहते हैं इस 'वॉयस नोट' को सुनने के बाद ललन सिंह ने फौरन भाजपा के बड़े नेताओं से संपर्क साधा, जहां उनसे कहा गया है कि 'दीपावली से पहले नीतीश जी से मिल लिया जाएगा और केंद्रीय मंत्रिमंडल का जब भी अगला फेरबदल होगा नीतीश के मनोभावों को उसमें जगह मिलेगी।'

क्या दिल्ली आएंगे फडणवीस?

केंद्र सरकार ने जितनी भी दफे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस को दिल्ली आने का और केंद्रनीत सरकार में मंत्री बनने का ऑफर दिया है, कहते हैं, हर बार ही चतुर सुजान फड़णवीस ने विनम्र शब्दों में दिल्ली आने से मना कर दिया है और कहा है कि 'वे मुंबई में ही ठीक हैं।' पर कुछ तो वजह रही होगी कि इस दफे दिल्ली का रुख किंचित कड़ा दिखता है और एकबारगी पुन: फड़णवीस से कहा गया है कि 'वे दिल्ली आने की तैयारियां शुरू कर दें।' सूत्रों की मानें तो फड़णवीस से कहा गया है कि 'एक बार जब वे दिल्ली आ जाते हैं तो उन्हें उनका मनमाफिक मंत्रालय दिया जा सकता है।'

वैसे भी फड़णवीस की कुर्सी पर लंबे समय से शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे की निगाहें जमी हैं, पर भाजपा के इरादे कुछ और बताए जाते हैं, फड़णवीस की जगह वह अपने पिटारे से एक चौंकाने वाला नाम निकाल कर सबको भी चकका कर सकती है, यह नाम है महाराष्ट्र भाजपा के मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण का। यह डोम्बिवली से भाजपा विधायक हैं और दिल्ली के साथ-साथ संघ के भी उतने ही दुलारे हैं।



संघ ने अमेरिका में किस नाम से पंजीकरण कराया है?

सूत्रों की मानें तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अमेरिका में 'आरएसएस फ्रेंडस' के नाम से अपना पंजीकरण कराया है। यह पंजीकरण 'फॉरेन एजेंट्स रजिस्ट्रेशन एक्ट' (फारा) के तहत यूएस डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस (अमेरिकी न्याय विभाग) में हुआ है। यह पंजीकरण अमेरिका में रह रहे कुछ संघ शुभचिंतकों ने 27 अगस्त 2026 को कराया है, क्या यह महज इत्तफाक है कि यह पंजीकरण संघ प्रमुख मोहन भागवत के न्यूर्याक स्थित मेडिसन स्क्वायर गार्डन प्रोग्राम के ठीक दो दिन पहले हुआ था।

जब संघ प्रमुख वहां 'यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन' में हिस्सा लेने न्यूर्याक पहुंचे थे। सनद रहे कि 'फारा' के 84 सालों के इतिहास में पहली बार संघ को



विदेशी प्रधान के रूप में नामित किया गया है, क्योंकि अमेरिकी न्याय विभाग में जमा दस्तावेजों में इस संगठन का स्थानीय पता जार्जिया के पीएच ट्री कॉनर्स का है, जबकि नई दिल्ली के झंडेवालान स्थित संघ मुख्यालय 'केशव कुंज' को फॉरेन प्रिंसिपल (विदेश प्रधान) के तौर पर दर्ज किया गया है। हालांकि इस समूह ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि 'उनके व संघ के बीच इस संस्था को लेकर कोई परामर्श, लॉबिंग या एजेंसी समझौता नहीं है।' पर जानकार इसे संघ की अपनी वैश्विक पहुंच बढ़ाना और पश्चिमी मीडिया में अपनी छवि सुधारने की कवायद के तौर पर देख रहे हैं।

मोदी की आंखों के तारे ये दो मंत्री हमारे

मौजूदा केंद्रीय कैबिनेट में दो मंत्रियों की तूती बोल रही है। इसमें से एक हैं गुजरात से आने वाले सीआर पाटिल जो केंद्रीय जल शक्ति मंत्री हैं। साथ ही यह गुजरात प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं। ये चार बार के लोकसभा सांसद हैं, इनका लोकसभा क्षेत्र नवसारी है। कहते हैं इन दिनों प्रधानमंत्री अपने कई अहम राजनैतिक निर्णयों में पाटिल की राय को महत्व दे रहे हैं। इसके अलावा उन्हें दो चुनावी राज्यों पंजाब व उत्तराखंड में भी एक अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है।



दूसरे मंत्री हैं केंद्रीय सूचना प्रसारण व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी बहुत मजबूत है और जब-जब बात अहम प्रशासनिक निर्णयों की होती है तो वैष्णव की इसमें तूती बोलती है। केंद्र सरकार की हर अहम पॉलिसी उनसे होकर गुजरती है, वे इस पर मंथन करते हैं और सीधे पीएम मोदी को अपनी भावनाओं से अवगत कराते हैं। अब भगवा सियासत में इस बात पर कयास जारी है कि 'आखिरकार सीआर पाटिल को किस नेता के विकल्प के तौर पर उभारा जा रहा है, वहीं अश्विनी वैष्णव के केंद्र में मंत्री बनने से पहले सरकार की नीतिगत फैसलों पर मंथन और उन्हें खंगालने का काम पीयूष गोयल का हुआ करता था।



दो नावों की सवारी और शरद पवार

शरद पवार परिवार को लगता है अब दो नावों की सवारी रास नहीं आ रही है, सो अब वह एनडीए व इंडिया गठबंधन को लेकर अपना स्टैंड साफ करना चाहते हैं। पिछले दिनों जब राकांपा प्रमुख शरद पवार की सांसद पुत्री सुप्रिया सूले की महाराष्ट्र के मराठी साहित्यकारों से एक अहम मीटिंग आहूत थी तो सियासी पक्षपातों से अलहदा वहां मौजूद साहित्यकारों ने सुप्रिया से कई चुभते सवाल पूछ डाले। पर सुप्रिया ने मजबूती से अपना व अपने पिता का पक्ष उनके समक्ष रखा। इस बैठक में एक बजुर्ग व नामधन्य मराठी साहित्यकार ने सुप्रिया से दो टूक पूछ लिया कि 'हम पिछले 50 सालों से शरद जी के साथ हैं, सो, यह जानने में हमारी दिलचस्पी है कि 'परिसीमन बिल' व 'वोट चोरी' पर पार्टी का आधिकारिक स्टैंड क्या है? क्योंकि आप दोनों पीएम मोदी से मिल कर उन्हें परिसीमन बिल पर समर्थन देने की बात पहले ही कह चुके हैं, अब आप रामलीला मैदान पर आयोजित होने वाली विपक्षी रैली में शामिल होने का इरादा रखते हैं।' तो सुप्रिया ने सफाई देते हुए कहा-जब हम पीएम से मिले थे तो हमारी पार्टी पर टूट का खतरा मंडरा रहा था, आज स्थितियां बदल गई हैं, विपक्ष के तेवर भी बदल गए हैं और इसके इरादे भी, सो हम फिलहाल तो विपक्ष के हाथ मजबूत करना चाहते हैं।



...और अंत में

बात सिर्फ विपक्षी दलों के सीएम तक सीमित नहीं है, भाजपा शीर्ष अब अपने मुख्यमंत्रियों से भी उतनी ही सख्ती से पेश आ रहा है। पिछले दिनों भाजपा शीर्ष ने कम से कम अपने दो मुख्यमंत्रियों के विदेशी दौरों को 'ना' कह दिया। जबकि ये दोनों ही दिल्ली के अत्यंत दुलारे मुख्यमंत्री हैं।



इनमें से एक हैं असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा जो 'प्रवासी असमिया दिवस' के लिए शायद अमेरिका की ठौर पकड़ना चाहते थे, दूसरे सीएम हैं ओडिशा के मोहन मांझी, जिन का 'प्रवासी ओडिशा दिवस' के लिए सिंगापुर जाने का प्लॉन था, वह भी अपने पेरे दल-बल के साथ। केंद्र ने इन दोनों मुख्यमंत्रियों को न सिर्फ विदेश जाने की परमिशन देने से मना कर दिया, बल्कि उन्हें कड़ी डांट भी लगाई गई कि 'विदेश की जगह अपने प्रदेश पर ध्यान लगाइए। विदेश का मामला केंद्र देख लेगा।'



आखिर यूपी में क्यों नहीं लागू हुआ 'कामराज प्लॉन'

नई दिल्ली, (एनटीआई): यूपी को लेकर भाजपा किंचित बहुत गंभीर है। पार्टी के बड़े नेता यूपी में ही डटे हुए हैं। आने वाले यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली अपना हर कदम बेहद फूंक-फूंक कर रखना चाह रही है। भाजपा की ही पहल पर पिछले दिनों एक बड़ी चुनावी एजेंसी ने गुपचुप तरीके से सीएम योगी, इनके दोनों उप मुख्यमंत्रियों व इनकी सरकार में शामिल तमाम मंत्रियों के बारे में एक जमीनी सर्वे करवाया है। जिसमें यूपी के अलग-अलग इलाकों, शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के कुछ चुनिंदे मतदाताओं से योगी सरकार और इनके मंत्रियों के काम-काज और इनकी लोकप्रियता के आंकलन के लिए कई अलग-अलग सवाल पूछे गए थे। सूत्रों की मानें तो स्वयं योगी ही इस अग्नि परीक्षा में पास हो गए, पर उनके दोनों उपमुख्यमंत्री यानी केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक जनता की आशाओं की कसौटी पर आँधे मुंह लुढ़क गए।



इतना ही नहीं योगी मंत्रिमंडल के ज्यादातर मंत्रियों के रिपोर्ट कार्ड को औसत से भी कम नंबर मिले थे। इसके बाद तस्वीर कुछ ऐसी बनी कि योगी सरकार के 65 फीसदी मंत्री इस दफे अपनी सीटें बचा पाने में भी स्ट्रगल कर रहे हैं। सो, माना जाता है कि दिल्ली की ओर से योगी को सलाह दी गई है कि 'वे अपने यहां भी कामराज प्लॉन लागू करें, एक साथ अपने सारे मंत्रियों का इस्तीफा ले लें और नकारा मंत्रियों को बाहर का रास्ता दिखा उनकी जगह नए चेहरों से अपने नए कैबिनेट का गठन करें।' दिल्ली का तर्क था कि 'प्रदेश सरकार की छवि सुधारने की दिशा में यह एक जरूरी कदम होगा।' पर कहते हैं योगी दिल्ली की इस राय से कतई इत्तफाक नहीं रखते थे, उनका मानना था कि 'अब चूंकि चुनाव इतने करीब आ चुके हैं तो ऐसे में थोकभाव में अपने मंत्रियों को ड्रॉप करने से लोगों में सही संदेश नहीं जाएगा। साथ ही ऐन चुनाव के वक्त मंत्रियों को हटाने से वे पार्टी विरोधी गतिविधियों में भी शामिल हो सकते हैं।'

दिल्ली की ओर से योगी को यह भी बताया गया है कि 'योगी सरकार में शामिल उनके गठबंधन साथियों की भी जमीन दरक रही है, अकेले कुर्मी वोटों की बात करें तो 60-65 फीसदी कुर्मी वोट सपा की ओर शिफ्ट हो चुके हैं, कमोबश यही हाल निषाद वोटरों का भी है। सो, इन्हें सीटें देने से पहले योगी को सौ बार सोचना होगा।'

रिश्तों का कत्ल



श्रीमती किरण चोपड़ा
प्रबंधक- पंजाब केसरी दैनिक समाचार पत्र, वेबपोर्टल- वहित कमरीन केसरी समय मूल्य तंत्रविकास- दीक्षित सदस्या- राष्ट्रीय समाचारपत्र मण्डल, स्थापन तंत्रविकास- सदस्यीय तंत्रीय विकास परिषद
f/kiranchopra01
kiranchopra@punjabkesari.com
kiranchopradesk@gmail.com

परिवार और समाज में सबसे अहम अगर कोई चीज है तो वह रिश्ते हैं, जिन्हें हम निभाते हैं। आपसी रिश्ते चाहे भाई-बहन, माता-पिता या पति-पत्नी के हों, उनकी पवित्रता से इन रिश्तों को मजबूती मिलती है और आगे चलकर यही रिश्ते उदाहरण बनते हैं, सच तो यही है कि इनके दम पर ही हम संस्कारों व संस्कृति की स्थापना करते हैं। इस कड़ी में पिछले दिनों दो ऐसी खबरें उभर कर सामने आईं जो हमें सोचने पर मजबूर कर देती हैं। उन्हें पढ़कर सचमुच रूह भी कांप उठती है। मेरठ की एक विवाहित महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति सौरभ की हत्या करवा दी और शव के टुकड़े-टुकड़े करके उसे सीमेंट से भरे एक नीले ड्रम में छिपा दिया ताकि लाश का पता ही न चले। इस महिला और उसके प्रेमी को अदालत ने दुर्लभ श्रेणी का मर्डर केस मानकर मृत्यु दंड की सजा सुनाई। इसी मेरठ से एक और चौंकाने वाली खबर है कि एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति का गला घोट दिया। इसके बाद वहां एक सांप छोड़ दिया और प्रचार किया कि सांप ने उसके पति को डंस लिया है। यह हत्या सांप कांड के नाम से चर्चित हुई और माननीय अदालत ने पत्नी और उसके प्रेमी को हत्या का दुर्लभतम केस मानते हुए दोनों को फांसी की सजा सुनाई।

जिस देश में रिश्तों की पवित्रता के उदाहरण दिए जाते हों वहां ये घटनाएं होना बड़ा दुखदायी है लेकिन सकून है कि अदालत ने दोषियों को फांसी दिए जाने का ऐलान भी किया। इसी कड़ी में पुणे में एक युवती ने अपने मंगेतर की हत्या इसी साल करवाई जबकि इन्दौर के केस में सोनम रघुवंशी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। इन दोनों केसों पर अभी कोर्ट में सुनवाई चल रही है। इनके अलावा ऐसी सैकड़ों घटनाएं पिछले सिर्फ तीन साल में हुई जिन पर अदालतों में सुनवाई चल रही है। यह रिश्तों का कत्ल नहीं तो और क्या है? समाज नारी का यह कौन सा रूप देख रहा है जिसमें पत्नियां अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्याएं कर रही हैं। हत्याएं भी इतने वीभत्स तरीके से हो रही हैं कि आत्मा तक कांप रही है।





आखिरकार समाज जा कहां रहा है? ऐसी विवाहित महिलाओं पर ऐसा कौन सा दबाव है, ऐसा कौन सा तनाव है, ऐसा कौन सा अविश्वास है कि जिस पति के साथ फेरे लिए उसकी हत्या करवा रही हैं। दूसरे व्यक्ति को अपना बनाने के लिए अपने पति को मार डालना यह बहुत बड़ा पाप और विश्वासघात है। जिस पति को परमेश्वर कहा गया उसकी इतनी निर्दयता के साथ हत्या कर देना यह समाज के लिए और आधुनिक परिवारों के लिए बहुत ही दु:खद बात है। जिस माता-पिता ने अपना बेटा खोया वहीं उस महिला ने क्या प्राप्त कर लिया जिसने प्रेमी को पाने के लिए हत्या करवाई। इसका जवाब कौन देगा? विवाह के बाद लड़ाई-झगड़े और रिश्तों के टकराव या संपत्ति के विवाद ऐसे आरोप एक-दूसरे पर लगते हमने खूब देखे और पढ़े हैं लेकिन पिछले दिनों हुई ये चर्चित हत्याओं की घटनाएं सचमुच रिश्तों की पवित्रता पर सवाल खड़ा कर रही हैं। अकेला प्रेम संबंध ही अगर इसकी वजह बताया जा रहा है तो किसी भी स्थिति में परिवारों में हिंसा का यह मार्ग स्वीकार नहीं किया जा सकता। इसकी जितनी निन्दा की जाए वह कम है।

मुझे तो यही कहना है कि आज परिवारों के सिर पर बड़े-बुजुर्गों का होना बहुत जरूरी है। बदलती जीवनशैली, सोशल मीडिया के बीच हमारी नई पीढ़ी अपनी व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा सुख उठाने में संयुक्त परिवारों से दूर हो रही है। सच बात तो यह है कि संयुक्त परिवार अब खत्म हो रहे हैं। भगवान श्रीराम जैसे आदर्श परिवार और संस्कार जीवन में कहां रह गए हैं? पति-पत्नी के बीच रिश्ते में इस कद्र अविश्वास पैदा हो रहा है कि बात हत्या तक आ जाए तो इसे क्या कहेंगे। व्यक्तिगत रूप से मुझे यही कहना है कि माननीय अदालतों ने दोषियों को जो मृत्युदंड दिया है यह इसलिए स्वागत योग्य है क्योंकि यह दोनों घटनाएं 2025 में हुई और उनका फैसला एक वर्ष में ही आ गया। किसी अपराध का जल्दी फैसला होने का मतलब है पीड़ित पक्ष को इंसाफ मिल जाना।

अब लंबी-चौड़ी कोर्ट-कचहरी और तारीखों की परंपरा खत्म करनी होगी तथा उन संस्कारों को फिर से जागृत करना होगा जो हमारे परिवारों की पहचान रहे हैं। संस्कार जगाने के लिए कुछ भी करना पड़े वह करना चाहिए लेकिन हत्याएं बंद होनी चाहिए। परिवारों में संवाद बढ़ना चाहिए। पति-पत्नी के बीच कोई झगड़ा होता है तो पहले माता-पिता और बड़े-बुजुर्ग उन्हें संभाल लेते थे लेकिन अब इन रिश्तों को बचाना होगा जिसका मतलब इंसानियत को बचाना होगा। अगर कोई जीवनसाथी चुनने में सहमति नहीं बन रही तो किसी भी दबाव के तहत शादी करना और फिर हत्या करना यह तो हमारी परंपरा नहीं है। हमारी नई पीढ़ी और परिवारों को बचाना है तो संयुक्त परिवार और संस्कार फिर से पैदा करने होंगे तभी रिश्तों का कत्ल होने से रोका जा सकता है और ऐसा करना समय की मांग भी है। जिन कन्याओं को हम बेटियां व बहू मानते हैं, उनकी यह कैसी सोच है कि अपनी पसंद को सही ठहराने के लिए हत्याओं जैसी साजिश को अंजाम देना पड़े। इस मानसिकता को केंट्रोल करने का समय आ गया है। इसमें देरी नहीं होनी चाहिए और जो ऐसा करते हैं उन्हें सजा भी तुरन्त मिलनी चाहिए। यही परम्परा शुरू करनी होगी।

सड़क पर विरोध-प्रदर्शन से नहीं, जनादेश से बनती हैं सरकारें : अभाविप

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने अपने 'अराजकता रोको, लोकतंत्र अपनाओ' अभियान के तहत देशभर में छात्र रैलियां निकाली और इस बात पर बल दिया कि राजनीतिक मतभेदों को सड़कों पर विरोध प्रदर्शन करने के बजाय संवैधानिक माध्यमों से सुलझाया जाना चाहिए। दिल्ली, जम्मू, कोलकाता, लखनऊ और पटना सहित कई स्थानों पर 'छात्र गर्जना' के नाम से निकाली गयी इन रैलियों में बड़ी संख्या में छात्रों और अभाविप कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इससे पहले 18 अक्टूबर को लखनऊ में भी एक विशाल रैली निकाली गई थी, जिसमें हजारों छात्रों ने लखनऊ विश्वविद्यालय से हजरतगंज स्थित गांधी चौक तक मार्च किया था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े इस छात्र संगठन ने कहा कि चुनावी प्रक्रियाओं, मतदाता सूची के एसआईआर और संवैधानिक संस्थाओं के कामकाज को लेकर जारी विवाद के बीच इस अभियान का उद्देश्य लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक संस्थाओं और कानून के शासन के महत्व को रेखांकित करना था।

अभाविप ने कहा, हमारा उद्देश्य यह रेखांकित करना है कि भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को अपनी वैधता जनादेश और संवैधानिक प्रक्रियाओं से मिलती है। इसलिए राजनीतिक असहमतियों को सड़क पर प्रदर्शनों के दबाव या जबरन भीड़ जुटाने के बजाय लोकतांत्रिक व कानूनी तरीकों से हल किया जाना चाहिए। संगठन ने स्पष्ट किया कि सरकार की नीतियों पर सवाल उठाना और चुनावी प्रक्रियाओं पर चिंता व्यक्त करना वैध लोकतांत्रिक अधिकार है लेकिन किसी भी आरोप का ठोस सबूत होना चाहिए और उसे उचित संवैधानिक व कानूनी तंत्र के माध्यम से ही उठाया जाना चाहिए।

दिल्ली आर.एन.आई. नं. 40474/83
पंजाब केसरी
दिल्ली कार्यालय :
फोन आफिस: 011-30712200,45212200,
प्रसार विभाग: 011-30712224
विज्ञापन विभाग: 011-30712229
सम्पादकीय विभाग: 011-30712292-93
पेजमेक विभाग: 011-30712330
फैक्स : 91-11-30712290, 30712384, 011-45212383, 84
Email: Editorial@punjabkesari.com
स्वत्वाधिकारी दैनिक समाचार लिमिटेड, 2-प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, नजदीक वजीरपुर डीटीसी डिपो, दिल्ली-110035 के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक अनिल शारदा द्वारा पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रैस, 2-प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से मुद्रित तथा 2, प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से प्रकाशित।

चक्रवातों के साये में तटीय भारत का भविष्य

डॉ. प्रियंका सौरभ

समुद्र जितना जीवनदायी है, उसका रौद्र रूप उतना ही विनाशकारी हो सकता है। भारत की करीब 7,500 किलोमीटर लंबी तटरेखा देश की अर्थव्यवस्था, व्यापार, मत्स्य पालन और पर्यटन के लिए बेहद अहम है। लेकिन यही तटीय क्षेत्र हर साल चक्रवातों, समुद्री तूफानों, बाढ़ और तटीय कटाव का खतरा भी झेलते हैं। चक्रवात अर्नब ने एक बार फिर तटीय भारत की संवेदनशीलता और आपदा प्रबंधन की तैयारियों पर सवाल खड़े किए हैं। सवाल केवल यह नहीं है कि चक्रवात कब और कहां आएगा, बल्कि यह भी है कि उससे निपटने के लिए हमारी तैयारी कितनी मजबूत है। बदलते मौसम के दौर में अब आपदा आने के बाद राहत पहुंचाने के बजाय पहले से नुकसान कम करने की रणनीति बनानी होगी।

चक्रवातों से निपटने में सबसे बड़ी चुनौती उनके बदलते स्वरूप और तीव्रता का अनुमान लगाना है। आधुनिक तकनीक और मौसम पूर्वानुमान में सुधार के बावजूद कई बार चक्रवात कम समय में अधिक शक्तिशाली हो जाते हैं। ऐसे में प्रशासन के पास लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और राहत सामग्री जुटाने के लिए बहुत कम समय बचता है। तेज हवाओं के साथ भारी बारिश, समुद्र में उठने वाली ऊंची लहरें और नदियों में बाढ़ एक साथ तबाही मचा सकती हैं।

जलवायु परिवर्तन और समुद्र के बढ़ते तापमान ने इस चुनौती को और गंभीर बना दिया है तटीय क्षेत्रों में कमजोर बुनियादी ढांचा भी बड़ी समस्या है। चक्रवात के दौरान बिजली के खंभे गिर जाते हैं, सड़कें जलमग्न हो जाती हैं और संचार सेवाएं ठप पड़ जाती हैं। इससे राहत और बचाव कार्य प्रभावित होते हैं। कई तटीय शहरों में अनियोजित निर्माण, जल निकासी की खराब व्यवस्था और निचले इलाकों में बस्तियों का विस्तार खतरे को बढ़ा रहा है। ऐसे में आपदा के समय लोगों को बचाने के साथ-साथ बिजली, पानी, स्वास्थ्य और परिवहन जैसी जरूरी सेवाओं को जल्द बहाल करना भी बड़ी चुनौती बन जाता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग की पूर्व चेतावनी प्रणाली पहले से बेहतर हुई है, लेकिन चुनौती अब भी यह है कि चेतावनी समय पर हर व्यक्ति तक पहुंचे। समुद्र में मछली पकड़ने वाले मछुआरों, दूरदराज के गांवों और छोटे द्वीपों में रहने वाले



लोगों तक सूचना पहुंचाना आसान नहीं है। कई बार लोग चेतावनी को गंभीरता से नहीं लेते या घर और आजीविका छोड़ने के डर से सुरक्षित स्थानों पर जाने में देरी करते हैं। इसलिए केवल चेतावनी जारी करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि लोगों को उसके खतरे और उससे बचने के उपायों के बारे में समझाना भी जरूरी है। चक्रवात का असर सभी पर समान नहीं पड़ता। गरीब परिवार, महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और दिव्यांग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। जिन परिवारों की आजीविका खेती, मछली पकड़ने या दिहाड़ी मजदूरी पर निर्भर है, उनके लिए घर छोड़कर सुरक्षित स्थान पर जाना भी आसान नहीं होता। उन्हें अपनी संपत्ति, पशुओं और रोजगार की चिंता सताती है। चक्रवात के बाद मछली पकड़ने का काम बंद हो जाता है, खेतों में खारा पानी भर जाता है और छोटे कारोबार ठप पड़ जाते हैं। इससे प्रभावित परिवारों के सामने लंबे समय तक आर्थिक संकट बना रहता है। प्राकृतिक सुरक्षा कवच का कमजोर होना भी चिंता का विषय है। मैंग्रोव वनों की कटाई, आर्द्रभूमियों का विनाश और समुद्र तटों पर बढ़ता निर्माण चक्रवातों के खतरे को बढ़ाते हैं। मैंग्रोव वन समुद्री लहरों की ताकत कम करने और तटीय इलाकों को बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इसके बावजूद विकास के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। तटीय क्षेत्रों में विकास जरूरी है, लेकिन पर्यावरण की कीमत पर होने वाला विकास भविष्य के लिए बड़ा संकट बन सकता है।

इन चुनौतियों से निपटने के लिए सबसे पहले पूर्व चेतावनी प्रणाली को मजबूत करना होगा। मौसम विभाग की तकनीकी क्षमता बढ़ाने के साथ उपग्रहों, डॉप्लर रडार और समुद्री निगरानी तंत्र का विस्तार जरूरी है। चेतावनी केवल मोबाइल संदेशों तक सीमित न रहे। सायरन, सामुदायिक रेडियो, स्थानीय प्रशासन और पंचायतों के माध्यम से भी सूचना लोगों तक पहुंचाई जाए। चेतावनी स्थानीय भाषा में हो और उसमें यह साफ बताया जाए कि लोगों को क्या करना है और कहां जाना है। इसके साथ ही तटीय इलाकों में मजबूत बुनियादी ढांचा तैयार करना होगा। चक्रवात आश्रयस्थलों की संख्या बढ़ाने, सुरक्षित निकासी मार्ग बनाने और अस्पतालों, बिजलीघरों तथा पेयजल व्यवस्था को आपदा के लिहाज से मजबूत करने की जरूरत है। आश्रयस्थलों में महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और दिव्यांगों की जरूरतों का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। नियमित मॉक ड्रिल से लोगों को आपदा के समय सही कदम उठाने का अभ्यास कराया जा सकता है। आपदा प्रबंधन में स्थानीय समुदायों की भागीदारी भी जरूरी है। पंचायतों, स्वयंसेवी संगठनों, मछुआरा समितियों और युवाओं को आपदा प्रबंधन योजनाओं से जोड़ा जाना चाहिए। स्कूलों में आपदा संबंधी जागरूकता और प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया जाए। स्थानीय लोगों को अपने क्षेत्र के जोखिम की बेहतर जानकारी होती है। इसलिए उनकी भागीदारी से राहत और बचाव कार्य अधिक प्रभावी बनाए जा सकते हैं। प्रकृति के साथ तालमेल बनाकर भी नुकसान कम किया जा सकता है। मैंग्रोव वनों, आर्द्रभूमियों और तटीय वनस्पतियों का संरक्षण किया जाए। संवेदनशील क्षेत्रों में अनियंत्रित निर्माण पर रोक लगे और तटीय विनियमन के नियमों का सख्ती से पालन हो। इसके अलावा मछुआरों, किसानों और छोटे कारोबारियों के लिए बीमा, आर्थिक सहायता और आजीविका पुनर्वास की व्यवस्था जरूरी है, ताकि आपदा के बाद वे दोबारा अपने पैरों पर खड़े हो सकें। चक्रवात अर्नब ने यह समझने का अवसर दिया है कि प्राकृतिक आपदाओं से पूरी तरह बचना संभव नहीं, लेकिन बेहतर तैयारी से उनके नुकसान को जरूर कम किया जा सकता है। भारत ने मौसम पूर्वानुमान और लोगों की निकासी के मामले में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन तटीय क्षेत्रों में अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। अब जरूरत राहत और बचाव तक सीमित रहने की नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था बनाने की है जो आपदा से पहले ही नुकसान को कम कर सके। आखिरकार, सुरक्षित तट केवल मजबूत इमारतों से नहीं बनते, बल्कि जागरूक नागरिकों, जवाबदेह प्रशासन और संरक्षित पर्यावरण से बनते हैं।

ऑरेंज अलर्ट के बाद भी शटल सेवा
हेली सेवा में मनमानी यात्री सुरक्षा दांव पर

डॉ बृजेश सती

चारधाम यात्रा में हेली सेवा प्रदाता कंपनियों की मनमानी और सुरक्षा मानकों की अनदेखी यात्रियों की जान पर भारी पड़ रही है। पिछले वर्ष हुई हेली दुर्घटनाओं के बाद सरकार ने सुरक्षा को लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी किए। मगर जमीनी हकीकत इन दावों से अलग नजर आ रही है। हेली कंपनियों पर इन निर्देशों का असर होता दिखाई नहीं दे रहा है। निर्धारित क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाने और सिंगल इंजन हेलीकॉप्टरों का संचालन बदस्तूर जारी है।

चिंताजनक पहलू यह है कि पिछले दो दिनों के दौरान मौसम विभाग के ऑरेंज अलर्ट के बावजूद केदारनाथ धाम के लिए हेलीकॉप्टरों की उड़ानें जारी रहीं। प्रतिकूल मौसम की चेतावनी के बीच इस तरह का संचालन यात्रियों की सुरक्षा के प्रति गंभीर लापरवाही है। इससे डीजीसीए, यूकाडा (उत्तराखंड सिविल एविएशन डिपार्टमेंट) और स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली और जवाबदेही पर सवाल उठ रहे हैं।



मुख्यमंत्री के सख्त निर्देशों के बावजूद हेली सेवा कंपनियां की मनमानी जारी है। हेली सेवा प्रदाता कंपनियां, यात्रियों की जान जोखिम में डालकर अपना व्यावसायिक हित साध रही हैं।

शुक्रवार को ट्रांस भारत एविएशन का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें पायलट सहित छह यात्रियों की मौत हो गई। मृतक पांचों यात्री कर्नाटक राज्य के निवासी थे। दुर्घटना का कारण साफ नहीं हो पाया है। लेकिन प्रथम दृष्टया मौसम खराब होना इसका कारण बताया जा रहा है। बड़ा सवाल यह है कि मौसम विभाग की ओर से मौसम को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किए जाने के बाद भी हेलीकॉप्टर उड़ान की अनुमति कैसे और क्यों दी गई। विगत बृहस्पतिवार को राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो रही थी। ऐसे में हेलीकॉप्टर उड़ानों की अनुमति देना यात्रियों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ है। दुर्घाटा की ओर से कहा गया है कि जब हेलीकॉप्टर ने उड़ान भरी उस समय मौसम साफ था पिछले हफ्ते ट्रांस भारत एविएशन कंपनी के हेलीकॉप्टर को टिहरी जिले में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी थी।

दिलचस्प बात यह है कि मौसम विभाग की ओर से मौसम को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किए जाने के बाद भी 29 और 30 अक्टूबर को केदारनाथ के उड़ान भरी गई। 29 और 30 तारीख को फाटा, सिरसी और गुप्तकाशी से दो दिनों में कुल 216 सटल सेवा की गई। इसमें 29 अक्टूबर को 155 और 30 अक्टूबर को 61 हेलीकॉप्टर्स ने केदारनाथ के लिए उड़ान भरी। इसमें 29 को 915 और 30 अक्टूबर को 353 यात्री केदारनाथ धाम गए और वापस आए। इसके अलावा देहरादून से बदरीनाथ और केदारनाथ धाम के अलग अलग हेली कंपनी द्वारा 8 उड़ाने संचालित की गई। सरकार के स्तर से एसओपी बनाई गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसको लेकर सख्त निर्देश दिए गए। इसके तहत खराब मौसम, क्षमता से अधिक भार और उड़ान मार्गों पर कड़ी निगरानी रखने के लिए एसओपी लागू की गई है। लेकिन जमीन पर हवा में उड़ान भरने वालों पर एसओपी का ठीक से अनुपालन नहीं हो रहा है। इधर बृहस्पतिवार को आपदा प्रबंधन सचिव की ओर से भी मौसम को देखते हुए दिशा निर्देश जारी किए गए थे। पिछले साल 4 मई से लेकर 17 मई के बीच चार अलग-अलग कंपनियों के हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं।

शांत और परोपकारी स्वभाव सुखी जीवन का मूल मंत्र

भारतीय संस्कृति, सभ्यता के बारे में हमने साहित्य और इतिहास के माध्यम से और भारत माता की गोद में रहकर पारिवारिक संस्कृति, मान सम्मान, रीति- रिवाजों से इसे प्रत्यक्ष महसूस भी कर रहे हैं। परंतु हमारे बड़े बुजुर्गों के माध्यम से हमने कई बार सतयुग का नाम सुने हैं, जिसका वर्णन वे स्वर्गलोक के तुल्य करते हैं। याने इतनी सुखशांति, अपराध मुक्ति, ईमानदारी, शांति सरोवर तुल्य, कोई चालाकी चतुराई गलतफहमी या कुटिलता या ईर्ष्याचार नहीं, बस एक ऐसा युग कि कोई अगर कुछ दिन, माह के लिए बाहर गांव जाए तो अपने घरों को ताला तक लगाने की जरूरत नहीं! अब कल्पना कीजिए कि अपराध बोध मुक्त युग! मैं एडवोकेट किशन सनमुखराव भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि हमारी पूर्व की पीढ़ियों ने ऐसा युग जिए होंगे तब यह बोध आगे की पीढ़ियों में आया, जिसे सतयुग के नाम से जरूर जाना जाता है।

साथियों बात अगर हम वर्तमान युग पर बड़े बुजुर्गों में चर्चा की करें तो इस इसे कलयुग नाम देते हैं, याने सभी प्रकार के अपराध बोध से युक्त संसार। हर तरह की बेईमानी, ईर्ष्याचार कुटिलता से भरा हुआ युग! आज भी बुजुर्गों का मानना है कि वह सतयुग फिर आएगा, याने आज की तकनीकी भाषा में अपराध मुक्त, ईर्ष्याचार बेईमानी कुटिलता मुक्त पारदर्शिता और अनेकता में एकता वाले भारत की परिकल्पना का युग! साथियों बात अगर हम अपराध, ईर्ष्याचार, बेईमानी, कुटिलता से भरे जग की करें तो मेरा मानना है कि इसका मुख्य प्रवेश द्वार क्रोध, उत्तेजित स्वभाव व लालच है जिसमें आपराधिक बोध प्रवृत्ति का जन्म होता है और व्यक्ति क्रोध में हिंसा, अपराध, लालच, ईर्ष्याचार, बेईमानी और कुटिलता के अमानवीय कृति और अन्य गलत कार्यों की ओर मुड़ जाता है और आगे बढ़ते ही चले जाता है जब जीवन के असली महत्व का पता चलता है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। क्रोध की अभिव्यक्ति हमारे अंदर की कुंठा, हिंसा व द्वेष के कारण भी हो सकती है। वर्तमान काल में अपराधों के बढ़ने का एक प्रमुख कारण भीषण क्रोध ही है। क्रोध से उत्पन्न हुए अपराधों के औचित्य को सिद्ध करने के लिए क्रोधी व्यक्ति कुतर्क कर दूसरे को ही दोषी सिद्ध करता है। एक दोष को दूर करने के लिए अनेक कुतर्क पेश करता है। क्रोध में व्यक्ति आपा खो देता है। क्रोध में अंततः बुद्धि निस्तेज हो जाती है और विवेक नष्ट हो जाता है। क्रोध का विकराल रूप जुनून है। आदमी पर जुनून सवार होने पर वह जघन्य से जघन्य अपराध कर बैठता है। जुनून की हालत में उसे मानवीय गुणों का न बोध रह पाता है और न ही ज्ञान। क्रोध मानव का सबसे बड़ा शत्रु है, बहुत बड़ा अभिशाप है साथियों वात अगर हम शांत, परोपकारी स्वभाव ही जीवन का मूल मंत्र की करें तो अभिभावकों, शिक्षकों को बच्चों को यह शिक्षा देना है और हम बड़ों को यह




स्वतः संज्ञान लेना है कि माचिस की तीली बनने की बजाय शांत सरोवर बनना होगा, जिसमें कोई अंगारा भी फेंके तो स्वयं ही बुझ जाए, बस! यह भाव अगर हम मनोचिंतों के हृदय में समाहित हो जाए तो यह विश्व फिर सतयुग का रूप धारण करेगा जहां किसी तरह का कोई अपराध बोध या गलत काम का भाव नहीं होगा। सभी मनीषी जीव परोपकारी भाव से युक्त होंगे भाईचारा, प्रेम, सद्भाव की बारिश होगी जहां बिना ताले घरबार छोड़ कहीं भी जाने के भाव जागृत होंगे और हमारे बुजुर्गों का सतयुग रूपी सपना साकार होगा।साथियों बात अगर हम स्वयं को माचिस की तीली याने क्रोधित होने पर विपरीत परिणामों की करें तो, क्रोध मनुष्य को बर्बाद कर देता है और उसे अच्छे बुरे का पता नहीं चलने देता, जिस कारण मनुष्य का इससे नुकसान होता है। क्रोध मनुष्य का प्रथम शत्रु होता है। क्रोधी व्यक्ति आवेश में दूसरे का इतना बुरा नहीं जितना स्वयं का करता है। क्रोध व्यक्ति की बुद्धि को समाप्त करके मन को काला बना देता है।साथियों बात अगर हम क्रोध को नियंत्रित कर समाप्त करने की तकनीकी की करें तो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अनुसार क्रोध के नकारात्मक प्रभाव पूरे इतिहास में देखे गए हैं। प्राचीन राशनिकों, धर्मपरायण व्यक्तियों और आधुनिक मनोवैज्ञानिकों द्वारा प्रतीत होने वाले अनियंत्रित क्रोध का मुकाबला करने की सलाह दी गई है। आधुनिक समय में, क्रोध को नियंत्रित करने की अवधारणा को मनोवैज्ञानिकों के शोध के आधार पर क्रोध प्रबंधन कार्यक्रमों में अनुवादित किया गया है क्रोध प्रबंधन क्रोध की रोकथाम और नियंत्रण के लिए एक मनो-चिकित्सीय कार्यक्रम है। इसे क्रोध को सफलतापूर्वक तैनात करने के रूप में वर्णित किया गया है। क्रोध अक्सर हताशा का परिणाम होता है, या किसी ऐसी चीज से अवरुद्ध या विफल होने का अनुभव होता है जिसे विषय महत्वपूर्ण लगता है। अपनी भावनाओं को समझना क्रोध से निपटने का तरीका सीखने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकता है। जिन बच्चों ने अपनी नकारात्मक भावनाओं को क्रोध डायरी में लिखा था, उन्होंने वास्तव में अपनी भावनात्मक समझ में सुधार किया, जिससे बदले में कम आक्रामकता हुई। जब अपनी भावनाओं से निपटने की बात आती है, तो बच्चे ऐसे उदाहरणों के प्रत्यक्ष उदाहरण देखकर सबसे अच्छा सीखने की क्षमता दिखाते हैं, जिनके कारण कुछ निश्चित स्तर पर गुस्सा आया। उनके क्रोधित होने के कारणों को देखकर, वे भविष्य में उन कार्यों से बचने की कोशिश कर सकते हैं या उस भावना के लिए तैयार हो सकते हैं जो वे अनुभव करते हैं यदि वे खुद को कुछ ऐसा करते हुए पाते हैं जिसके परिणामस्वरूप आमतौर पर उन्हें गुस्सा आता है, इसके साथ ही एकांत में जाकर ध्यान के माध्यम से क्रोध के विकारों को नष्ट करने का प्रयास करें तो ज्ञानात्मक ऊर्जा को मोड़कर हम सकारात्मक ऊर्जा से विवेक सम्मत निर्णय लेने में सक्षम हो सकते हैं।

किशन सनमुखदास भावनानीं

हर वक्त साफ-सुथरा घर जरूरी नहीं
थोड़ा बिखराव भी अच्छा

(द कन्वरसेशन) अगर घर को व्यवस्थित रखने की विशेषज्ञ मैरी कोंडो की सोच पर चलें, तो साफ-सुथरा और करीने से सजा घर ही बेहतर घर है, लेकिन महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन शायद इस बात से सहमत नहीं होते। उनके नाम से प्रचलित एक कथन है, "अगर बिखरी हुई मेज अव्यवस्थित मन की निशानी है, तो फिर खाली मेज किस बात का संकेत है?" हाल ही में प्रकाशित मेरे शोध में भी इस आम धारणा पर सवाल उठाया गया है कि घर में बिखरी चीजें एक ऐसी समस्या हैं, जिन्हें हर हाल में ठीक किया जाना चाहिए। इस शोध में न्यूजीलैंड के 22 परिवारों के घरों का अध्ययन किया गया।

शोध से पता चलता है कि घर में बिखरी चीजें हमेशा खराब व्यवस्था या लापरवाही का संकेत नहीं होता। कई बार यह परिवार के सदस्यों के बीच तालमेल बनाए रखने और रोजमर्रा के कामकाज को आसान बनाने में मददगार साबित होता है। अपने घर के उन हिस्सों के बारे में सोचिए, जिनका इस्तेमाल एक से अधिक कामों के लिए होता है और जहां अक्सर चीजें इकट्ठा होती रहती हैं। मसलन, 'ड्राइंग रूम' (बैठक कक्ष) का इस्तेमाल बच्चों के खेलने के लिए भी होता है या शयनकक्ष में पढ़ाई की मेज भी लगी होती है। एक दंपति ने मुझे बताया कि उनका डाइनिंग टेबल (खाने की मेज) रोजमर्रा की चीजें रखने की जगह बन जाता है। वहां बैग, पानी की बोतलें और दूसरी चीजें रख दी जाती हैं। हालांकि, हर शाम वे इन चीजों को हटाकर मेज साफ कर देते हैं। एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि वह रसोई के बीच बने काउंटर पर कोई जरूरी चीज जानबूझकर छोड़ देता है, ताकि घर से निकलते समय उसे वह चीज याद रहे और वह उसे ले जाना न भूले। भले ही ये सभी जगहें देखने में बिखरी हुई लगती हों, लेकिन वास्तव में ये परिवार के रोजमर्रा के कामकाज को आसान बनाती हैं। सिर्फ घर को साफ-सुथरा दिखाने के लिए इन व्यवस्थाओं को बदलने से उन दिनचर्याओं में बाधा आ सकती है, जो परिवार के लिए उपयोगी हैं। हम अक्सर बिखरी चीजों को ऐसी वस्तुओं के रूप में देखते हैं, जो हमारे रास्ते में आती हैं या काम में बाधा डालती हैं, लेकिन कई बार कोई जगह इसलिए बिखरी हुई दिखती है, क्योंकि उसका इस्तेमाल कई कामों के लिए किया जा रहा होता है। एक मां के लिए रसोई का काउंटर डाइनिंग टेबल उनके तथा उनकी बेटी के काम करने की जगह, दोनों का काम करने की जगह। वहां पेन, खिलौने और दूसरी चीजें जमा होती रहती थीं, लेकिन उनका कहना था, "जब तक वहां खाना खाने भर की जगह बची रहती है, मैं चीजों को वैसे ही रहने देती हूं।" घर में बिखरी चीजें हमें परिवार के सदस्यों के आपसी रिश्तों के बारे में भी बहुत कुछ बताता है। एक पिता अपनी बेटी का स्वेटर अलमारी में रखने के बजाय कुर्सी की पीठ पर टांगकर छोड़ देते थे। पहले उनकी बेटी स्वेटर को फर्श पर छोड़ देती थी। पिता चाहते थे कि वह जिस तरह अब स्वेटर को कुर्सी पर रखने लगी है, उस छोटे से बदलाव को भी प्रोत्साहन मिले। उन्होंने कहा, "मैं इसे उसकी एक उपलब्धि मानता हूं।" एक अन्य महिला ने बताया कि वह अपने साथी की बिखरी हुई चीजों को कुछ हद तक नजरअंदाज कर देती हैं, क्योंकि "यह घर उसका भी है।" उनका मानना था कि साझा घर को सिर्फ एक व्यक्ति की साफ-सफाई की पसंद के हिसाब से व्यवस्थित नहीं किया जाना चाहिए। कुछ चीजों को वैसे ही छोड़ देना इस बात को स्वीकार करने का तरीका था कि घर दोनों का है।



नट नगरी
घास-जड़ और पार्टी



बड़े साहब जी ! नमस्कार!

आपकी पार्टी की राजनीति में आजकल घास की बड़ी दुर्दशा है। बेचारी घूट फूट कर रोती है। किसी सही आदमी को डाली ही नहीं जा रही। जिस घास जड़ को कभी पार्टी की जान कहा जाता था, आज उसी को उखाड़कर किनारे रख दिया गया है। पॉलिटिक्स के पालनहार माली अब घास जड़ों की बजाय फूलों की अर्चना में व्यस्त हैं। उन्हें लगता है कि फूल होंगे तो बगीचा खूबसूरत दिखाई देगा। पर उन्हें कौन समझाए कि फूलों की उम्र बहुत कम होती है, घास और जड़ों की नहीं। कभी घास-जड़ कार्यकर्ता पार्टी की असली ताकत हुआ करते थे। वे धूप में झुलसते थे, बारिश में भीगते थे, पोस्टर लगाते थे, नारे लगाते थे, घर-घर जाकर वोट मांगते थे और चुनाव के बाद भी जनता के बीच मौजूद रहते थे। मगर अब उनका काम सिर्फ भीड़ बढ़ाना और नेताओं की गाड़ियों के पीछे चौड़ना रह गया है।टिकट वितरण की बारी आती है तो घास के इन सिपाहियों को अचानक सच्चा सबक सिखाया जाता है कि राजनीति में मेहनत से ज्यादा जरूरी है माल का प्रभाव, समर्पण से ज्यादा जरूरी है ऊपर वालों से सम्बन्ध और जमीन पर काम करने से ज्यादा जरूरी है हाईकमान तक पहुंच।अब पार्टी में ऐसे लोग ही महत्वपूर्ण हो गए हैं जिनके पास पैराशूट है उनके पास बड़े नेताओं के डायरेक्ट मोबाइल नंबर हैं। वे सीधे पैराशूट से उतरते हैं और खुद को उसी जमीन से जुड़ा और निकला हुआ बताते हैं, जहां अभी अभी पहली बार उतरे हैं। घास- जड़ कार्यकर्ताओं की मजबूरी है कि उनको जमीन से निकला हुआ न सिर्फ मानें बल्कि गायें भी। अब राजनीति की घास- जड़ें धीरे-धीरे उदासीन हो रही हैं। कुछ तो दूसरी क्यारियों में अपनी जगह तलाश रहे हैं।माली साहब को लगता है कि बगीचा हरा-भरा है, क्योंकि ऊपर से घास दिखाई हरी दे रही है। मगर उन्हें यह नहीं मालूम कि वे रंग छिड़की हुई ग्रीनरी है। वे अपनी जड़ें उखाड़ चुकी हैं। चुनाव के दिन जब वोटों की फसल सूखी मिलती है तो समीक्षा बैठक होती है। हुजूर कभी जड़ों की भी ई सी जी कर लीजिए। आखिर बिना जड़ की कद्र के घास भी कितने दिन हरी रहेगी!

सादर
सर्वेश अस्थाना

मिठास के नाम पर जहर : त्योहारों में मिलावट का बढ़ता कारोबार

सुनील कुमार महला

दीपावली खुशियों, उमंग, प्रकाश और मिठास का त्योहार है। इस पर्व पर घर-परिवार में मिठाइयों का आदान-प्रदान केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, आत्मीयता और सद्भाव का प्रतीक भी है। दीपावली आने से कई दिन पहले ही बाजार रंग-बिरंगी मिठाइयों से सजने लगते हैं और बाजार में दुकानों पर काजू कतली, बेसन के लड्डू, मोतीचूर, रसगुल्ले, बर्फी, पेड़े और गुलाब जामुन की बहार दिखाई देने लगती है। कभी घरों में ही दीपावली के लिए तरह-तरह के पकवान और मिठाइयां तैयार की जाती थीं, लेकिन बदलती जीवनशैली और व्यस्तता के कारण अब अधिकांश लोग बाजार से ही मिठाइयां खरीदना पसंद करते हैं। यही वह समय है, जब मिठाइयों की मांग अचानक बढ़ जाती है और कुछ मुनाफाखोर इस मांग को कमाई का अवसर बना लेते हैं।विडंबना यह है कि जिस मिठास को हम अपने परिवार और प्रियजनों के साथ बांटने के लिए खरीदते हैं, उसी में मिलावट का खतरा छिपा होता है। मिलावट तो मिलावट, तौल तक में गड़बड़ी की जाती है और डिब्बे को भी मिठाई के साथ ही तौल दिया जाता है। शुद्ध देसी घी, असली मावे और गुणवत्तापूर्ण दूध से बनी मिठाइयों के नाम पर आज नकली घी, मिलावटी मावा, सिंथेटिक दूध और घटिया खाद्य सामग्री से तैयार मिठाइयां ऊंचे दामों पर बेची जाती हैं। कई बार ग्राहक को यह पता ही नहीं चलता कि वह जिस मिठाई को शुद्ध और स्वादिष्ट समझकर खरीद रहा है, उसमें इस्तेमाल की गई सामग्री उसकी सेहत के लिए कितनी नुकसानदेह हो सकती है। यह केवल उपभोक्ता के साथ आर्थिक धोखाधड़ी नहीं, बल्कि उसके स्वास्थ्य और विश्वास के साथ किया जाने वाला गंभीर अपराध है।

हम सभी जानते हैं कि मिलावट का यह कारोबार केवल मिठाइयों तक ही सीमित नहीं है। दूध, घी, पनीर, मावा, मसाले, तेल, दालें, सूखे मेवे और यहां तक कि रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाले कई खाद्य पदार्थ भी इसकी चपेट में हैं। कहीं दूध में पानी और अन्य रासायनिक पदार्थ मिलाए जाते हैं, तो कहीं पनीर और मावा तैयार करने में गैर-मानक सामग्री का इस्तेमाल होता है। मसालों में रंग और अन्य अवांछित पदार्थ मिलाकर उन्हें आकर्षक बनाया जाता है। खाद्य तेलों में मिलावट और नकली ब्रांडों के नाम पर बिक्री की शिकायतें भी सामने आती रहती हैं। त्योहारों के अवसर पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर सरकारी स्तर पर भी चिंता जताई जाती है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने 29 सितंबर 2026 को राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को पत्र जारी कर नवरात्र और दीपावली के दौरान खाद्य पदार्थों की जांच, निगरानी और नमूने लेने की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए। इसमें दूध एवं दुग्ध उत्पादों, मिठाइयों, नमकीन, खाद्य तेल और घी को विशेष निगरानी में रखने को कहा गया लेकिन यहां सवाल यह उठता है कि जब हर साल त्योहारों से पहले ऐसे निर्देश जारी होते हैं, तब भी मिलावट का कारोबार आखिर क्यों नहीं रुकता? इस क्रम में हाल के घटनाक्रम इस समस्या की गंभीरता को उजागर करते हैं। दिल्ली में अक्टूबर 2026 के शुरुआती दिनों में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई के दौरान 4,100 किलोग्राम से अधिक संदिग्ध मिलावटी मावा और पनीर नष्ट किए जाने की खबर सामने आई। इतना ही नहीं, हाल ही में 29 अक्टूबर को भी दिल्ली के तीन बाजारों में छापेमारी के दौरान करीब 949 लीटर घटिया घी जब्त किया गया। वहीं, हरियाणा के मेवात क्षेत्र में भी लगभग 10 हजार किलोग्राम मिलावटी पनीर जब्त किए जाने की जानकारी सामने आई। राजस्थान की राजधानी जयपुर में भी दीपावली से पहले घटिया मावे और खाद्य तेल की आपूर्ति



सामने आई। वास्तव में, ये घटनाएं बताती हैं कि मिलावट की समस्या किसी एक शहर, प्रदेश या मिठाई की दुकान तक सीमित नहीं है। यह एक संगठित और व्यापक समस्या का रूप ले चुकी है।वास्तव में, सबसे चिंताजनक बात यह है कि मिलावटखोरों के हौसले केवल इसलिए बुलंद नहीं हैं कि बाजार में खाद्य पदार्थों की मांग अधिक है, बल्कि इसलिए भी कि उन्हें कानून का पर्याप्त भय नहीं है।यह बात ठीक है कि समय-समय पर छापेमारी होती है, कुछ नमूने भी लिए जाते हैं, कुछ दुकानों से खाद्य सामग्री जब्त होती है और खराब सामग्री नष्ट कर दी जाती है। मीडिया में कार्रवाई की खबरें सुर्खियां बनती हैं, लेकिन कुछ समय बाद सब कुछ पहले जैसा ही हो जाता है। असली जरूरत केवल त्योहारों पर दिखावटी सक्रियता की नहीं, बल्कि पूरे वर्ष निरंतर निगरानी और दोषियों के विरुद्ध ऐसी कठोर कार्रवाई की है, जिससे मिलावट का कारोबार करने वालों में कानून का वास्तविक भय पैदा हो।आज सोशल मीडिया का युग है और सोशल मीडिया के इस दौर में मिलावट के कारोबार की तस्वीरें और वीडियो भी अक्सर सामने आते रहते हैं। कहीं नकली मावा बनाने की प्रक्रिया दिखाई जाती है, तो कहीं रासायनिक पदार्थों से दूध तैयार करने और वनस्पति व अन्य वसा मिलाकर घी बनाने के वीडियो प्रसारित होते हैं। ये वीडियो लोगों को विचलित करते हैं और कुछ समय तक चर्चा का विषय भी बने रहते हैं, लेकिन केवल वीडियो वायरल होने से समस्या का समाधान नहीं हो सकता। ऐसे मामलों की गंभीरता से जांच होनी चाहिए और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित लोगों के विरुद्ध तत्काल सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। आखिर खाद्य सुरक्षा विभाग और प्रशासन की जिम्मेदारी केवल शिकायतों का इंतजार करना नहीं, बल्कि ऐसी गतिविधियों पर पहले से नजर रखना भी है। यहां यह बात भी बिल्कुल सही है कि देश में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कानूनों की कमी नहीं है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत असुरक्षित खाद्य पदार्थों के उत्पादन और बिक्री पर गंभीर दंड का प्रावधान है। यदि असुरक्षित खाद्य पदार्थ के सेवन से किसी व्यक्ति को चोट पहुंचती है, गंभीर चोट लगती है अथवा मृत्यु होती है तो अपराध की गंभीरता के अनुसार कारावास और जुर्माने की सजा हो सकती है। मृत्यु के मामले में कम से कम सात वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक का प्रावधान है। इसके बावजूद कानून का प्रभाव तभी दिखाई देगा, जब उसकी निष्पक्षता से पालना हो और दोषियों को समय पर सजा मिले। विदेशों में खाद्य सुरक्षा और उपभोक्ता के स्वास्थ्य को लेकर कई देशों ने सख्त निगरानी व्यवस्थाएं विकसित की हैं। वहां खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, उत्पादन प्रक्रिया, भंडारण और बिक्री तक पर निगरानी रखी जाती है। पाठकों को बताता चलूं कि वैश्विक स्तर पर, यूरोपीय संघ में खाद्य सुरक्षा और उपभोक्ता स्वास्थ्य को लेकर दुनिया के सबसे सख्त कानून और निगरानी व्यवस्थाएं हैं। गौरतलब है कि यूरोपियन फूड सेफ्टी अथॉरिटी एहतियाती सिद्धांत' पर काम करती है, जिसका अर्थ है कि किसी भी खाद्य योजना, रसायन या नए उत्पाद को तब तक बाजार में बिकने की अनुमति नहीं दी जाती, जब तक कि उसका सुरक्षित होना वैज्ञानिक रूप से 100% साबित न हो जाए।



चीन निर्मित वस्तुओं का भारतीयों की जिंदगी पर गहरा प्रभाव है, लेकिन चीनियों के जीवन पर हमारा असर अति-सीमित है। हमें अपनी आर्थिक स्थिति इतनी मजबूत करनी होगी कि चीन या कोई और हमारी तरफ आंख उठाने से पहले 50 बार सोचे। स्वदेशी के नारे के साथ हमने प्रगति तो की है, पर अभी लंबी दूरी तय करनी है।

आजकल संवाद के तहत प्रकाशित आलेखों के लिए

चीनी चौधराहट के विरुद्ध

शशि शेखर

इतिहास के संयोग कैसी त्रासदी जनते हैं? वह अक्तूबर-नवंबर 1962 की सर्दियां थीं, जब लाल सैनिक पूर्वोत्तर की हमारी सीमा में घुस आए थे। भीषण जंग में भारत को हताशा का सामना करना पड़ा था।

आज 64 बरस बाद पूर्वोत्तर में तथाकथित घुसपैठ को लेकर माहौल गरमाने की कोशिशें जारी हैं। सीमाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार स्थिति साफ कर चुकी है, लेकिन सोशल मीडिया के अदृश्य सुपारी किलर और विपक्ष नाखुशी जाहिर कर रहा है। तब और अब में अंतर मात्र इतना है कि 1962 में हंगामा खड़ा करने वालों के सियासी वंशज आज हुकूमत में हैं और तब के हुक्मरानों के वारिस विपक्ष की कतारों को आबाद कर रहे हैं।

समय के साथ देश बदल गया, दुनिया बदल गई, पर हमारे राजनीतिज्ञ उस अनुपात में क्यों नहीं बदले?

इन संघर्ष-कथाओं से इतर एक और सच है, जिसे दरकिनार करना नामुमकिन है। हम दीवाली पर जो झालरें लगाते हैं और जिन मूर्तियों का पूजन करते हैं, वे अक्सर हमारे इस पड़ोसी देश से आयात की जाती हैं। चीन निर्मित वस्तुओं का भारतीयों की जिंदगी पर गहरा प्रभाव है, लेकिन चीनियों के जीवन पर हमारा असर अति-सीमित है। हमें अपनी आर्थिक स्थिति इतनी मजबूत करनी होगी कि चीन या कोई और हमारी तरफ आंख उठाने से पहले 50 बार सोचे। स्वदेशी के नारे के साथ हमने प्रगति तो की है, पर अभी लंबी दूरी तय करनी है। चीन हमारा सबसे बड़ा व्यापारिक सहयोगी है, लेकिन उसके हम 10-12 वें नंबर के साझीदार हैं।

इस रिक्ति को पाटना जरूरी है।

हम जानते हैं, चीन की सत्ता-व्यवस्था बंद दरवाजों की नीति में यकीन करती है, इसीलिए वहां के लोग भारत और भारतीयों के बारे में बहुत कम जानते हैं। जानकारी का यह अभाव वहां वैसा बवंडर नहीं रचता, जैसा हमारे यहां देखा जाता है। चीन के रमणीक तटीय शहर चिन्हुआंगदाओ में अपने नौजवान गाइड से बातचीत के दौरान मैंने पूछा कि आप भारत के बारे में क्या जानते हैं? उसका जवाब था, बहुत कम, क्योंकि हम वही पढ़ते और देखते हैं, जो सरकार चाहती है। भारत एवं चीन के बीच का आर्थिक असंतुलन और वहां के लोगों की अनभिज्ञता के कारण दोनों मुल्कों के बीच अमन की मांग वहां नहीं पनप पाती।

इस तथ्य को पाकिस्तान के हवाले से भी समझा जा सकता है।

भारत और पाकिस्तान चार युद्ध लड़ चुके हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' हमारे बीच की ताजा-तरीन झड़प थी। पाकिस्तान के इस जन्मना वैमनस्य के बावजूद दोनों तरफ के आम अवाम अमन के पक्ष में रहते हैं, क्योंकि हमारे और उनके बीच रोटी-बेटी के रिश्ते हैं। चीन हजारों साल से हमारा सांस्कृतिक सहयोगी है, पर भौगोलिक दुरूहता ने आपस में कभी आम आदमी से आम आदमी के रिश्ते नहीं जनमने दिए। कुछ वहां की सत्ता संरचना, तो कुछ दोनों देशों के निवासियों की अजनबीयत बीजिंग को बेलगाम करती है। दोनों देशों के बीच जारी सीमा संबंधी बातचीत के परवान न चढ़ने की एक वजह यह भी है।

आजकल

अब मौजूदा झड़पों पर आते हैं।

भारत और चीन की रेखांकन रहित सीमा को ऐतिहासिक कारणों से वास्तविक सीमा रेखा कहा जाता है। किसी चिह्नांकन के अभाव में दोनों देशों के गश्ती-दल कभी-कदा एक-दूसरे की सीमा में कुछ किलोमीटर तक चले जाते हैं। इनमें आपस में झड़प भी हो जाती है, मगर गलवान को छोड़ दें, तो बड़े स्तर पर खून-खराबे से दोनों पक्ष बचते आए हैं। रही बात मौजूदा विवाद की, तो इसकी शुरुआत पिछले हफ्ते भारत-तिब्बत पुलिस बल के रिटायर होते महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के एक वीडियो से हुई। इस वीडियो में अपने सहयोगियों से तकरीर करते वक्त



उन्हें यह कहते सुना गया कि भारत-चीन के बलों के बीच जुलाई में शुरू हुई झड़प आज तक जारी है। सोशल मीडिया के शहसवारों को कपूर के बयान से पंख मिल गए। तरह-तरह के वीडियो और पोस्ट वायरल होने लगीं, जिनमें ऊटपटांग दावे किए जा रहे हैं। उसी शाम विदेश मंत्रालय ने स्थिति साफ कर दी थी कि यह अतिरंजना है। उधर, आईटीबीपी ने अपने महानिदेशक का यह वीडियो अपने हैंडल से हटा दिया। शत्रुजीत कपूर 31 अक्तूबर को इस विवाद शृंखला को पीछे छोड़ शासकीय सेवा से रुखसत हो चुके हैं।

कुछ लोग शायद मेरी इस बात को अन्यथा लें, लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारत ने पिछले दस वर्षों में चीन सीमा पर अपनी स्थिति लगातार मजबूत की है। रोहतांग, जोजिला और सेला जैसे दुर्गम दर्रों में सुरंगों का निर्माण कर यह सुनिश्चित किया गया है कि चीन की ओर जाने वाली सीमाओं पर यातायात 12 महीने खुले रहें। जो लोग सीमावर्ती प्रदेशों में हो रहे परिवर्तनों को जानते हैं, उन्हें मालूम है कि युद्धस्तर पर सड़क और रेलमार्ग निर्माण के कार्य जारी हैं। यही नहीं, सीमावर्ती क्षेत्रों में हवाई पट्टियों को भी बेहतर किया गया है, ताकि आपात स्थिति में सैनिक और सैन्य सामग्री वहां पहुंचाई जा सके।

इसके अलावा घातक घुसपैठ रोकने के लिए हेरॉन मार्क-2 ड्रोन की तैनाती के साथ 'ऑल वेदर सेंसर' लगाए गए हैं। रिसैट और एमिसैट जैसे उपग्रह सतत निगरानी के लिए अलग से तैनात हैं। सियाचिन और कारगिल की वजह से हमारे पास उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में लंबे समय तक लड़ने की दक्षता रखने वाले दस्ते मौजूद हैं। इन दस्तों ने गलवान के बाद कैलाश पर्वतमालाओं पर साजो-सामान सहित तिरंगा गाड़कर चीन को चमत्कृत कर दिया था।

जहां तक हमारे सैनिकों के शौर्य और क्षमता का सवाल है, तो मैं आपको सितंबर-अक्तूबर 1967 के दो इतिहास रचने वाले उदाहरणों से रूबरू कराना चाहूंगा। 1962 की जीत से इठलाते चीनी कमांडरों ने फतवा जारी किया था कि भारतीय सैनिक नाथू ला और चोला दर्रों को खाली कर दें। इसके लिए वे लगातार घुसपैठ कर रहे थे और इस घुसपैठ को रोकने के लिए मेजर जनरल सगत सिंह ने कंटीले तार लगवाने का फैसला किया। 11 सितंबर, 1967 को जब भारतीय सैनिक इस काम को अंजाम दे रहे थे, तब चीनी सैनिकों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। हमारे कई जवान शहीद हो गए। इसके जवाब में मेजर जनरल सगत सिंह ने आर्मी मुख्यालय के निर्देशों का इंतजार किए बिना अपनी तोपों के मुंह खोल दिए। इसके बाद पहली अक्तूबर को भारत के गोरखों ने चोला में तमाम चीनी सैनिकों को अपनी खुखरियों से काट डाला था। इन दोनों संघर्षों में चीन के 500 के करीब सैनिक हताहत हुए। 88 भारतीय जवान भी शहीद हुए, लेकिन चीन को तभी एहसास हो गया था कि भारत को हर बार डराया नहीं जा सकता।

क्या आपको नहीं लगता कि तब से अब तक भारत लगातार मजबूत हुआ है?

यहां एक और तथ्य गौरतलब है। मोदी सरकार ने सीमावर्ती गांवों को आखिरी की जगह देश का पहला गांव कहना शुरू कर दिया है। चीन ताकतवर जरूर है, पर हम भी इतने कमजोर नहीं कि अपने पहले गांव गंवा दें।

@shekharkahin
@shashishekhar.journalist

जीना इसी का नाम है

भुवन ऋभु
अधिवक्ता, सामाजिक कार्यकर्ता

एक भारतीय ने बाल विवाह मुक्त विश्व का सपना देखा

पिछले तीन वर्षों में भुवन की संस्था जेआरसी और उसके सहयोगी संगठनों ने भारत, नेपाल, केन्या और अमेरिका की सरकारों, कानून लागू करने वाली एजेंसियों और समुदायों के साथ मिलकर छह लाख से अधिक बच्चियों को बाल विवाह से बचाया है।

हिन्दुस्तान की बेटियां अपने पुरखों की इस बात के लिए हमेशा ऋणी रहेंगी कि उन्होंने आजादी के पहले दिन से यह संकल्प जताया, स्वतंत्र भारत लैंगिक भेदभाव को कबूल नहीं करेगा। संविधान ने इसकी गारंटी भी दी, हालांकि समाज को इस बदलाव को अपनाने में कई दशक लगे। आज बहुत सारी बेटियां जमीन से आसमान तक पुरखों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं, तब भी कई कोने ऐसे हैं, जो रोशनी की बाट जोह रहे हैं। भुवन ऋभु जैसे मानवता के अनथक सेनानी उन्हीं कोनों को रोशन कर रहे हैं। गौर कीजिए, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इसी साल से 27 नवंबर को बाल विवाह उन्मूलन दिवस मनाने का फैसला किया है और इसमें भुवन ऋभु की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।

आज से करीब 47 साल पहले जन्मे भुवन का बचपन दिल्ली में ही बीता। पिता कैलाश सत्यार्थी अपने सामाजिक कार्यों में इतने डूबे रहते कि कई-कई दिनों पर उनसे मुलाकात हो पाती थी। भुवन की पढ़ाई-लिखाई में उतार-चढ़ाव का क्रम शुरू से ही रहा। स्कूली कक्षाओं में उनके अच्छे अंक अक्सर नहीं आए, मगर विज्ञान विषयों का दामन उन्होंने नहीं छोड़ा। मेडिकल पढ़ने का सपना जो देखा था। वह ख्वाब पूरा नहीं हुआ, तो आगे क्या किया जाए, इसका कोई प्लान-बी उनके पास नहीं था। आखिरकार उन्होंने बीकॉम किया। इसके बाद एमबीए या सीए करने को लेकर मन बंट गया।

एक सुबह अखबार में छपे विधि संकाय में दाखिले के विज्ञापन पर भुवन की नजर पड़ी। उस वक्त तक वह 'विधि संकाय' शब्द का मतलब भी नहीं जानते थे। उन्होंने किसी से पूछा, तो पता चला कि यह 'लॉ फैकल्टी' का हिंदी तर्जुमा है। फिर क्या था, भुवन प्रवेश परीक्षा में बैठ गए और संयोग से दाखिले के लिए उनका चयन भी हो गया। कानून की पढ़ाई करते हुए उन्हें कई मामलों की वैधानिक जटिलताओं को समझने का मौका मिला। अलग-अलग मुकदमों में कौन-कौन से बिंदु ज्यादा अहमियत रखते हैं, इसकी बारीकियां समझते हुए भुवन उसमें रमते चले गए।

डिग्री हासिल करने के बाद बतौर वकील एक मुकदमे में रिसर्च का काम उन्हें मिला था। दरअसल, उन्हीं दिनों सूचना आई थी कि कुछ मानव तस्कर नौकरी दिलाने का झांसा देकर कई बच्चियों को नेपाल से उत्तर प्रदेश ले आए हैं और उनका यौन उत्पीड़न हो रहा है। उन बच्चियों को मुक्त कराने के लिए एक बचाव दल वहां जा रहा था। भुवन उस दल के साथ हो लिए। पुलिस और मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में बचाव दल के साथ काफी मारपीट की गई और तमाम लड़कियां गायब कर दी गईं। स्थानीय प्रशासन ने कहा, वहां लड़कियां कभी थीं ही नहीं।

इस वाकये ने भुवन को काफी आहत किया। उनके पास पुख्ता सुबूत थे। असामाजिक तत्वों के हमले में उन्हें खुद भी



काफी चोटें आई थीं। अपनी कानूनी समझ के आधार पर उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर कर दी। इस मुकदमे के आधार पर 40 दिन बाद 29 नेपाली लड़कियां आजाद कराई गईं। भुवन ने लिए यह कहानी का अंत नहीं था। असली कहानी तो यहीं से शुरू हुई। इसी केस को आधार बनाकर भुवन और उनकी टीम सुप्रीम कोर्ट में गई। साल 2011 में इसी केस के आधार पर मानव-तस्करी से जुड़े कानून को नए सिरे से परिभाषित किया गया।

नेपाली लड़कियों से जुड़े वाकये ने भुवन को उस पूरी परिस्थिति को समझने के लिए प्रेरित किया, जिसके कारण लड़कियां ऐसी स्थिति में पहुंच जाती हैं। उन्हें एहसास हुआ कि मानव तस्करी केवल गरीबी का परिणाम नहीं है। इसके पीछे एक पूरी प्रक्रिया है। ऐसे में, वेश्यावृत्ति, बंधुआ मजदूरी और बाल श्रम को खत्म करने के लिए केवल बचाव अभियान पर्याप्त नहीं होंगे। उस जड़ पर प्रहार करने की आवश्यकता है, जो इसके पीछे है। यहीं से मजलूमों की मदद से जुड़ी उनकी मुहिम कानून और व्यवस्था बदलने की लड़ाई में बदल गई।

दिसंबर 2004 में भुवन ने 'सेव द चाइल्डहुड फाउंडेशन' की स्थापना की। मानव तस्करी के मुकदमों पर रिसर्च करते हुए उन्हें लगा कि कानून का काम केवल अपराध हो जाने के बाद सजा देना नहीं है। सही कानून और उसका प्रभावी इस्तेमाल उस रास्ते को भी रोक सकता है, जो अपराध की ओर जाता है। साल 2005 में भुवन ने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया और बाल श्रम को अपराध बनाने की मांग की। पिछले दो दशकों में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में 60 से भी अधिक जनहित याचिकाओं और अन्य मामलों के जरिये उन्होंने बच्चों के संरक्षण के सामाजिक विषय को आपराधिक न्याय व्यवस्था का हिस्सा बनाने की कोशिश की है।

बच्चियों के अधिकारों की चिंता ही भुवन को बाल विवाह के मुद्दे तक ले गई। पहले नाबालिग पत्नी के साथ पति द्वारा जबरन यौन संबंध को बलात्कार की मान्यता नहीं दी जाती थी। 2015 में भुवन ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की कि नाबालिग पत्नी के साथ वैवाहिक यौन संबंध को पॉक्सो कानून के तहत गंभीर यौन अपराध माना जाए। अक्तूबर 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया कि नाबालिग पत्नी के साथ यौन संबंध बलात्कार है। बाल विवाह के खिलाफ वैश्विक मुहिम छेड़ने के इरादे से भुवन ने 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन' (जेआरसी) के तहत 2024 में एक अभियान शुरू किया- बाल विवाह मुक्त दुनिया।

इस वाकये ने भुवन को काफी आहत किया। असामाजिक तत्वों के हमले में उन्हें खुद भी काफी चोटें आई थीं। उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर कर दी। इस मुकदमे के आधार पर 40 दिन बाद 29 नेपाली लड़कियां आजाद कराई गईं।

आज जेआरसी के साथ 250 से अधिक नागरिक-समाज संगठन जुड़ चुके हैं और यह नेटवर्क देश के 782 जिलों में काम करता है। इन संगठनों का साझा लक्ष्य बाल विवाह, बाल श्रम और बाल यौन शोषण के खिलाफ काम करना है। पिछले तीन वर्षों में जेआरसी और उसके सहयोगी संगठनों ने सरकारों, कानून लागू करने वाली एजेंसियों और समुदायों के साथ मिलकर छह लाख से अधिक बच्चियों को बाल विवाह से बचाया है। मानवता की यह कितनी बड़ी सेवा है!

प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह

वो लम्हा

लुइज वॉलिस
पशु अधिकारवादी

क्रूरता के खिलाफ एक बुलंद आवाज

छोटे-छोटे दांतों वाला वह सफेद मासूम चूहा मचल रहा था। चूहा कभी पकड़ने वाले से नजरें मिलाता, तो कभी इधर-उधर सिर घुमाता। कभी अपने आगे के पैर या हाथ फैलाता, तो कभी जोड़ लेता। शायद चूहे ऐसा ही करते हैं, लेकिन क्या कुछ ही देर में इसकी गर्दन टूट जाएगी?



प्रयोगशाला में उस दिन बहुत सारे मोटे-मोटे चूहे लाए गए थे, जिन्हें देख वहां मौजूद प्रशिक्षुओं में खुशी की चहचहाहट हो रही थी। दूसरी ओर, मानो परेशान चूहे चीख रहे थे। प्रयोगशाला प्रभारी ने ऊंचे स्वर में कहा, 'एक-एक चूहा पकड़ लो और जैसा मैंने बताया है, वैसे गर्दन तोड़कर लाचार लिटा दो। तमाम प्रशिक्षु चूहों के पिंजरे की ओर उत्साह से बढ़े, पर उनमें से एक युवती के पसीने छूट गए। एक कदम उठाना भी दुश्वार हो गया। फरमान है, चूहे को पकड़ना है, यहां तक तो ठीक है, लेकिन उसके साथ हिंसा करनी है। जाहिर है, यह मात्र क्रूरता नहीं, हत्या है।

फिर भी डांट से बचने के लिए वह आगे बढ़ी और उसने एक चूहे को बहुत नरमी से थाम लिया। छोटे-छोटे दांतों वाला वह सफेद मासूम मचल रहा था। कौतूहल से भरा चूहा कभी पकड़ने वाले से नजरें मिलाता, तो कभी इधर-उधर सिर घुमाता। कभी अपने आगे के पैर या हाथ फैलाता, तो कभी जोड़ लेता। शायद चूहे ऐसा ही करते हैं, लेकिन क्या कुछ ही देर में इसकी गर्दन टूट जाएगी? आज गर्दन तोड़ना सिखाया जा रहा है। छात्रों को हुनरमंद बनाया जा रहा है। कत्ल सिखाया जा रहा है। क्या एक-दो चूहों को मारकर ही पढ़ाई पूरी नहीं हो सकती?

देखते-देखते तमाम प्रशिक्षुओं ने एक-एक हत्या को अंजाम दे दिया, पर वह युवती काठ की तरह खड़ी रही। क्यों मारे? क्या चूहा मारना सीखना इतना जरूरी है? प्रयोगशाला प्रभारी ने देखा और फिर आदेश दिया, 'देख क्या रही हो, इसे जल्दी मारो।' युवती ने इनकार करते हुए कहा, 'सर, यह काम मुझसे न लिया जाए। मैं इसके लिए तैयार नहीं हूं।'

युवती के मन में कहीं कोने में यह खुशी थी कि उसकी वजह से अभी कम से कम एक चूहे की जान बच जाएगी। वहां तब भी वह अकेली जिंदा बचा चूहा बाकी चूहों की किस्मत से अनजान मासूमियत दिखाए जा रहा था। आज शायद यह बच जाएगा, लेकिन दूसरे ही पल प्रभारी ने इशारा किया और एक अन्य प्रशिक्षु ने पलक झपकते उस चूहे को भी मार दिया। इतना जल्दी यह सब हुआ कि युवती चूहे के लिए कुछ न कर सकी। उसे सदमा लगा। चूहे का शरीर कुछ पल तड़पकर शांत हो गया, लेकिन उसे देखने तक की हिम्मत युवती में नहीं थी। एक चलती सांस थम गई। एक जीती-जागती रचना का अंत हो गया। दिली-दिमाग पर ऐसा असर हुआ कि कुछ दिन बड़ी बेचैनी में बीते और नींद उड़ गई, पर युवती ने ठान लिया कि वह आगे मौत का तमाशा नहीं देखेगी, जीव रक्षा के लिए कुछ बड़ा करेगी।

युवती ने पशुओं के साथ होने वाली हिंसा का गहराई से अध्ययन शुरू किया। वह अपने अध्ययन की गहराई में उतरती गई और नाम-पहचान बदलकर जगह-जगह पशुओं के साथ होने वाली हिंसा को अपनी आंखों से देखती-समझती गई। इंग्लैंड में तब मुट्ठी भर ऐसे ईसान थे, जिन्हें जीव दया के मायने पता थे। ऐसे ईसान छोटे स्तर पर ही बहुत सक्रिय रहते थे और उनके साथ जुड़कर युवती ने पशु-रक्षा के लिए काम शुरू किए। उनकी मेहनत रंग लाई। साल 1988 में उन्होंने पशु-हिंसा विरोधी विशाल रैली का आयोजन किया, जिसमें 25 हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए। क्रूरता के खिलाफ आवाज बुलंद हुई। इंग्लैंड ही नहीं, अन्य देशों में भी लोग जानने लगे कि लुइज वॉलिस पशुओं की एक बहुत बड़ी और जरूरी पैरोकार हैं। उन्हें ब्रिटेन की सबसे बड़ी पशु अधिकार कार्यकर्ता का खिताब दिया गया।

वॉलिस ने पूरे आंकड़े के साथ बताया कि पशुओं के प्रति दुनिया कितनी बेरहम है। ईसानी समाज प्रतिदिन 20 करोड़ से ज्यादा पशुओं को अपना आहार बनाता है। दुनिया में हर साल अरब ईसान रहते हैं, पर हर साल भोजन के मकसद से करीब 100 अरब पशुओं को पालते हैं। दुनिया में 70 प्रतिशत से ज्यादा कृषि उपज पशुओं को खिलाने में खर्च हो जाती है। लुइज वॉलिस ने शाकाहार के विचार को और आगे बढ़ाया। पशुप्रेमी डोनाल्ड वॉटसन ने साल 1944 में 'वेगन' शब्द का ककहरा गढ़ा था, उसके ठीक 50 साल बाद 1994 में लुइज वॉलिस ने एक महान शुरुआत की। उनकी ही कोशिशों से प्रति वर्ष 1 नवंबर को विश्व वेगन दिवस मनाने की प्रथा शुरू हुई। उन्होंने दुनिया में वेगन सोसायटी के काम को तेजी से आगे बढ़ाया और किसी भी तरह के पशु-उत्पादों से बचने की पुरजोर वकालत की। पशुपालन की दुनिया की स्याह सच्चाइयों को जगह-जगह बेपर्दा किया।

वह आज भी सक्रिय हैं और गुहार लगाती रहती हैं कि पशु से भोजन लेना हम भले छोड़ न पाएं, पर इसमें कमी जरूर लाएं। हिंसा से हिंसा ही पैदा होती है। हिंसा करके अहिंसा नहीं सिखाई जा सकती। हिंसा से हम खुद को ही नुकसान पहुंचाते हैं। हमें पेड़ों के साथ पशुओं को भी काटने से बचाना है, तभी हम बचेंगे।

प्रस्तुति : ज्ञानेश उपाध्याय

दिल्ली की किल्ली भी ढिल्ली हो गई

तिरछी नजर

सुधीश पचौरी
हिंदी साहित्यकार



भोपाल गया, तो दिल्ली मिली। पटना गया, तो दिल्ली ही दिल्ली नजर आई। कोलकाता, रायपुर गया, तो वहां भी दिल्ली दिखी। दिल्ली, यानी दिल्ली के साहित्यकार। वही दोस्त-दुश्मन, वही चेहरे, वही अदाएं और वैसे ही लिबास। यह वही दिल्ली है, जो हमेशा हवा-हवाई रहती है, जो दिल्ली के हवाई अड्डे पर जाते हुए दिखते हैं और वही आते हुए दिखते हैं।

जो दिल्ली में नहीं, वह साहित्य में नहीं। कहा जाता है कि 'दिल्ली है दिल वालों की', लेकिन दिल्ली वाले एक-दूसरे से दिल्ली में नहीं मिलते। मिलते भी हैं, तो उनके दिल नहीं मिलते। एक ही मुहल्ले या सोसाइटी में रहने वाले तक आपस में नहीं मिलते। कई तो आमने-सामने के फ्लैट में रहते हुए भी नहीं मिलते, लेकिन ज्यों ही बाहर जाते हैं, आपस में ऐसे हाथ मिलाते हैं, जैसे बरसों के बिछड़े भाई अचानक मिल रहे हों। कई तो ऐसे गले मिलते हैं कि भरत मिलाप की याद आ जाती है। यह सब भी ऊपरी मन से होता है। अंदर तो पुराने बलबले उठते रहते हैं।

किसी सभागार में बैठते हैं, तब भी उनमें एक मूक युद्ध छिड़ा रहता है। यह उसी युद्ध का विस्तार होता है, जो दिल्ली में छिड़ चुका होता है। मन की अनबन बनी रहती है। कोई अमुक के साथ नहीं बैठना चाहता, तो कोई तमुक के साथ। कई तो अपनी सीट बार-बार बदलते रहते हैं और मन ही मन कुढ़ते रहते हैं कि यार, किस गधे के साथ बैठा दिया? वह क्या इनका बाप लगता है, जो उसे पहली पंक्ति में बिठाया और हमें पीछे। कोई बात नहीं! इसका भी हिसाब किया जाएगा।

एक गोष्ठी हॉल में चलती है, दूसरी धधकते दिलों में, तीसरी वाट्सएप पर और चौथी इंस्टाग्राम की रीलों में। आप सबकी तरह मैं भी कभी दिल्ली आया था और अब पक्का दिल्ली वाला हो चुका हूं। आजादी के बाद दिल्ली हिंदी साहित्य की भी राजधानी बनती गई। इस तरह इसने हिंदी और हिंदी साहित्य के भाव बढ़ा दिए।

दिल्ली ऐसी ही उदारमना है। वह पहले दिल देती है, फिर दिल लेती है, फिर सबको उदरस्थ कर पचा लेती है और अंततः दिल्ली वाला बनाकर छोड़ देती है। दिल्ली वाला, यानी कुछ साहित्यकार, कुछ नेता, कुछ अभिनेता, कुछ ऐंठू, कुछ अकड़ू, कुछ घमंडी, कुछ सत्तावादी, कुछ जत्थावादी! हर दिल्ली वाला साहित्य से पहले अपने संपर्क, फिर अपनी हैसियत और फिर अपनी सत्ता बनाता है, फिर उसे जताता है।

दिल्ली से बाहर का बंदा यही सोचता है कि हर दिल्ली वाले की पहुंच पीएम तक है। वह कुछ भी करा सकता है, इसलिए दिल्ली चलो। दिल्ली को 'धोक' लगाए बिना कोई साहित्यकार नहीं बनता। जिस तरह कभी बंटी-बबली सबको ठगते-ठगाते मुंबई की ओर चले थे, वैसे ही हिंदी के बंटी-बबली दिल्ली चल देते हैं। दिल्ली साहित्य का इंडिया गेट है। यहां तरह-तरह की अकादमी, बकादमी, टकादमी एवं छकादमी हैं।

जैसे ही कोई साहित्यकार दिल्ली आता है, उसे राजनीति का कीट काट लेता है। ऐसे दिल्ली वाले को दिल्ली साहित्यकार बनाए न बनाए, साहित्य का छोटा-मोटा नेता जरूर बना डालती है। वह साहित्य का फिक्सर बनकर रह जाता है। साहित्यकार की जगह साहित्य का नेता, 'एक्टिविस्ट' होना, साहित्य में एक नई नस्ल का आगमन है, जिसे दिल्ली और आजकल के सोशल मीडिया ने बनाया है। इसने साहित्य के मानी ही बदल दिए हैं। साहित्यकार की जगह 'इन्फ्लूएंसर' ने ले ली है।

दिल्ली वाला जहां जाता है, साहित्य कम, राजनीति अधिक करता है और हर शहर में एक छोटी-मोटी दिल्ली छोड़ आता है। इसीलिए हम सबको हर जगह दिल्ली मिल जाती है। रही दिल्ली वालों की उस्तादी की बात, तो उसे एआई ने उनका भी बाप बना दिया है। आप कहीं जाएं न जाएं, आपको एक साहित्य-ज्ञानी मिलेगा ही मिलेगा। एआई ने दिल्ली की बची-खुची हेकड़ी भी निकाल दी है।

दिल्ली की किल्ली भी ढिल्ली हो चली है।

कटाक्ष

राजेंद्र धोड़पकर



दैनिक जागरण

अनुशासन का अभाव अराजकता को जन्म देता है

राजनीतिक तमाशा

आम तौर पर प्रतीकात्मक संसद का आयोजन छात्रों को संसदीय कार्यवाही के तौर-तरीकों से परिचित कराने के लिए किया जाता है, लेकिन गत दिवस कांग्रेस की पहल पर पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के घर पर विपक्षी दलों की ओर से जो दिखावटी संसद चलाई गई, उसे एक भोंडे राजनीतिक तमाशे के अतिरिक्त और कुछ कहना कठिन है। इस आयोजन ने केवल संसद की गरिमा गिराने का ही काम नहीं किया, बल्कि इसने विपक्ष की फजीहत भी कराई। इसलिए कराई, क्योंकि इस दिखावटी संसद में एक तो सिविल सोसायटी के नाम पर आंदोलनजीवी किस्म के लोगों को भी स्थान दिया गया और दूसरे वोट चोरी के जुमले की आड़ में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जन महाभियोग भी लाया गया। इस दौरान न तो उनका और न ही चुनाव आयोग का पक्ष रखने की प्रतीकात्मक ही सही, सुविधा दी गई। एक तरह से जन महाभियोग लाने वालों ने कंगारू कोर्ट जैसा काम किया और जैसा चाहते थे, वैसा फैसला सुना दिया यानी मुख्य चुनाव आयुक्त को दोषी करार दिया। यह सब नौटंकी तब हुई, जब मतदाता सूचियों के शुद्धीकरण यानी एसआइआर के खिलाफ दायर की गई याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा है। इनमें से कई याचिकाएं विपक्षी नेताओं की हैं। इनमें एक याचिका राहुल गांधी की भी है। यह याचिका दायर करने के बाद राहुल गांधी ने कहा था कि उन्हें सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा है। यदि उन्हें वास्तव में सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा है तो फिर दिखावटी संसद बुलाने और दुराग्रह से प्रेरित होकर तथाकथित जन महाभियोग लाने का क्या औचित्य? इस सबसे तो यही सिद्ध होता है कि राहुल गांधी और उनके सहयोगी सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा करने के लिए तैयार नहीं। जिस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में हो रही हो, उस पर बाहर जनसुनवाई करना लोकतांत्रिक मर्यादा और संवैधानिक मूल्यों के ही खिलाफ है।

क्या यह विचित्र नहीं कि राहुल गांधी संविधान की प्रति लिए तो घूमते रहते हैं, लेकिन उसकी भावना के अनुरूप आचरण करने के लिए तैयार नहीं? उन्हें इतनी समझ होनी ही चाहिए कि निराधार आरोपों के सहारे लोगों को गुमराह करने की एक सीमा होती है। अब वह जमाना नहीं रहा कि किसी झूठ को सौ बार दोहराया जाए तो उसे सच साबित किया जा सके। इससे इन्कार नहीं कि एसआइआर की प्रक्रिया में कुछ त्रुटियां हैं और उनके कारण लोगों को परेशानी भी हो रही है, लेकिन इस सबको वोट चोरी कहना तिल को ताड़ बनाना ही है। यदि राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं के पास मुख्य चुनाव आयुक्त की कथित धांधलियों के खिलाफ कोई प्रमाण हैं तो उन्हें सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पेश किया जाना चाहिए। किसी भी मामले में विपक्ष वकील और जज, दोनों की भूमिका एक साथ नहीं निभा सकता।

वर्दी पर दाग

पंजाब में नशा बड़ा मुद्दा है। बड़ी संख्या में राज्य के युवा इसकी चपेट में हैं। इससे वहां उत्पादक पीढ़ी बर्बाद हो रही है। राजनीतिक मतभेदों को भुलाकर सभी राजनेताओं को मिलकर राज्य को इसके चंगुल से निकालना चाहिए। इसके लिए समाज में जागरूकता बढ़ाने और नशा का कारोबार करने वालों के खिलाफ शिकंजा कसने की महती जरूरत है। पुलिस-प्रशासन के लोगों का इसकी गिरफ्त में आना दुखद है। मानसा जिले के बुढलाडा में एक एएसआइ का सार्वजनिक स्थल पर हेरोइन का सेवन करते पकड़ा जाना गंभीर मामला है। एएसआइ को चूंकि वहां पिछले कुछ दिनों से जारी प्रदर्शनों के कारण कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात किया गया था, इसलिए सख्त कार्रवाई अपेक्षित है। एक पुलिस अधिकारी का इस तरह नशीले पदार्थों का सेवन करना पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े करता है। यह प्रश्न उठाना भी लाजिमी है कि उक्त अधिकारी कैसे कर्तव्य का निर्वहन ईमानदारी से कर पाता होगा। मेडिकल में भी नशे के सेवन की पुष्टि हुई है। यह जांच भी जरूरी है कि एएसआइ की कहीं तस्करों से साठगांठ तो नहीं। पुलिस प्रशासन सभी का डोप टेस्ट भी अनिवार्य बनाए, ताकि पता चल सके कि कौन-कौन नशा करता है। पिछले दिनों एंटी ड्रोन यूनिट में तैनात एक कांस्टेबल हेरोइन के साथ पकड़ा गया था। पुलिस प्रशासन विभाग में छिपी उन काली भेड़ों पर शिकंजा कसे, जो कि नशा करते हैं या फिर तस्करी में संलिप्त हैं। खाकी का दामन साफ रखने के लिए जीरो टालरेंस आवश्यक है।

> पुलिस प्रशासन विभाग में छिपी उन काली भेड़ों पर शिकंजा कसे, जो कि नशा करते हैं या फिर नशा तस्करी में संलिप्त हैं

असहनीय हो चुकी है न्याय में देरी



संजय गुप्त

न्याय में देरी की समस्या से निपटने के लिए संपूर्ण न्याय तंत्र की जवाबदेही तय करना अब अनिवार्य हो गया है



अवधेश राजपूत

इस कथन से शायद ही कोई अपरिचित हो कि "न्याय में देरी न्याय से वंचित करना है, लेकिन बार-बार की देरी तो अन्याय है।" महान संवैधानिक विशेषज्ञ एवं न्यायविद् नानी पालकीवाला का यह कथन भी खूब प्रचलित है कि भारत में न्याय प्रशासन की सबसे बड़ी खामी देरी है और मैं दुनिया के किसी भी ऐसे देश से अवगत नहीं जहां मुकदमे इतने लंबे समय तक चलते हों, जितने भारत में। उनका यह भी कहना था, भारत में कानून बहुत ज्यादा हैं और न्याय बहुत कम। ये सभी चर्चित कथन भारतीय न्यायपालिका के समक्ष खड़ी चुनौतियों की गंभीरता को ही बयान करते हैं। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा हाल में नेशनल कंपनी ला ट्रिब्यूनल यानी एनसीएलटी और नेशनल कंपनी ला अपीलेट ट्रिब्यूनल अर्थात एनसीएलएटी की प्रशासनिक स्वतंत्रता पर गंभीर चिंता जताते हुए यह टिप्पणी करना कि इन संस्थाओं को कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने 'पूरी तरह हाईजैक' कर लिया है, इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि केवल विशेष ट्रिब्यूनल या न्याय मंच बना देने भर से त्वरित न्याय सुनिश्चित नहीं हो जाता। इन संस्थाओं में भारी रिक्तियां, बुनियादी ढांचे के अभाव और प्रशासनिक नियंत्रण में ढिलाई के कारण मुकदमों का निपटारा हफ्तों या महीनों में होने के बजाय सालों-साल खिंच जाता है, जिससे व्यावसायिक विवादों और आम नागरिकों को भारी आर्थिक और मानसिक क्षति होती है। यह विडंबना ही है कि जिन विशेष संस्थाओं का गठन मामलों को तेजी से निपटाने के लिए किया गया था, वे स्वयं प्रशासनिक और व्यवस्थागत जकड़न का शिकार हैं।

निचली अदालतों, अपीलीय ट्रिब्यूनलों और न्याय के अन्य मंचों पर मुकदमों के निस्तारण में लंबी देरी और कई बार आने वाले अस्पष्ट या त्रुटिपूर्ण फैसलों का एक सबसे बड़ा कारण जवाबदेही का पूर्ण अभाव है। अक्सर निचली अदालतों द्वारा पारित सतही या कानूनी रूप से कमजोर निर्णयों को उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा खारिज कर दिया जाता है और उन पर कड़ी टिप्पणियां भी की जाती हैं, परंतु यह बात कभी सार्वजनिक नहीं होती कि ऐसे न्यायाधीशों के खिलाफ अंततः क्या अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई? इसके विपरीत इन न्यायाधीशों की पदोन्नति का आधार और आंतरिक मूल्यांकन प्रणाली पूरी तरह से अपारदर्शी है, जिससे आम जनता और विशेष रूप से वादियों के मन में न्याय व्यवस्था के प्रति अविश्वास पैदा होता है। इस दोहरी चुनौती से पार पाने के लिए यह समझना आवश्यक है कि व्यवस्था की कमजोरी केवल प्रशासनिक या बुनियादी ढांचे के अभाव तक सीमित नहीं है, बल्कि आंतरिक अनुशासन की कमी भी है। एक तरफ जहां कार्यपालिका के लिए यह आवश्यक है कि वह न्यायिक संस्थाओं को पर्याप्त संसाधन और स्टाफ देकर उनकी गति को बाधित करने वाले कारणों का निवारण करे, वहीं दूसरी तरफ न्यायपालिका के भीतर भी न्यायाधीशों की जिम्मेदारी बनती है कि वे उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करते हुए बिना अनावश्यक विलंब के त्वरित निर्णय दें। केवल बुनियादी ढांचे की कमी को ही देरी का एकमात्र कारण नहीं माना जा सकता, क्योंकि न्यायाधीशों के पास अपनी कार्यशैली और समय-प्रबंधन में सुधार करके स्थिति को काफी हद तक बेहतर बनाने की शक्ति होती है। इसका उन्हें उपयोग करना ही चाहिए।

न्याय में देरी की विकट समस्या से निपटने के लिए केवल निचली अदालतों ही नहीं, बल्कि सर्वोच्च न्यायालय सहित संपूर्ण न्याय तंत्र की जवाबदेही तय करना अनिवार्य हो गया है, ताकि लोगों को समय पर सही न्याय मिल सके। प्रख्यात न्यायविदों और न्यायिक सुधारों पर बल देने वालों का यह स्पष्ट मत रहा है कि जब तक न्यायपालिका अपनी आंतरिक कार्यप्रणाली में आधुनिक प्रबंधन और कड़े अनुशासन को नहीं अपनाती, तब तक केवल नए-नए कानून बना देने से स्थिति नहीं सुधरेगी। इस दिशा में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीशों के साथ विधि आयोगों ने बार-बार इस पर बल दिया है कि मुकदमों की सुनवाई के दौरान तारीख पर तारीख की संस्कृति पर कड़ाई से रोक लगनी चाहिए और अनावश्यक रूप से मामले को लटकाने वाले वकीलों या पक्षों पर भारी वित्तीय दंड लगाया जाना चाहिए। इसके साथ ही उच्चतर न्यायपालिका से लेकर अधीनस्थ अदालतों तक हर स्तर पर यह अनिवार्य किया जाना चाहिए कि बहस पूरी होने के बाद एक निश्चित समयसीमा के भीतर पारदर्शी निर्णय दिए जाएं। इस तय सीमा का पालन न होने पर संबंधित पीठासीन अधिकारी की कड़ाई से वार्षिक समीक्षा हो।

मुकदमों के त्वरित निस्तारण के लिए पूर्व न्यायविदों द्वारा 'केस मैनेजमेंट कांफ्रेंस' की जो वकालत की गई है, उसे जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए। इस व्यवस्था के तहत न्यायाधीश दोनों पक्षों के वकीलों के साथ बैठकर शुरुआत में ही विवाद के मुख्य बिंदुओं को तय करते हैं, जिससे सुनवाई के दौरान अनावश्यक और लंबी बहसों से बचा जा सके। इसके अतिरिक्त चूंकि खुद सरकार देश के कुल मुकदमों के एक बड़े हिस्से के लिए जिम्मेदार है, अतः उन पर भी लगाम लगनी चाहिए। इसके लिए विभिन्न कानूनी समितियों ने लगातार यह सिफारिश की है कि सरकारी विभागों को हर मामले में विपरीत निर्णय के बाद अंधी मुंदकर अपील करने से रोका जाना चाहिए। इसके लिए आंतरिक जांच समितियां बनाकर अक्षम अधिकारियों की व्यक्तिगत जवाबदेही तय करना आवश्यक है, ताकि वे लोगों, सरकारी संसाधनों और साथ ही अदालतों का समय बर्बाद करने से बचें।

भारतीय न्याय प्रणाली का कायापलट केवल एक प्रशासनिक आवश्यकता नहीं, बल्कि देश के सामाजिक-आर्थिक विकास की एक अनिवार्य शर्त है। जब तक अदालतों की पारदर्शी तरीके से कार्यकुशलता और न्यायाधीशों की जवाबदेही सुनिश्चित नहीं होती, तब तक करोड़ों लंबित मामलों के बोझ तले दबी न्याय व्यवस्था आम आदमी के लिए सुलभ और भरोसेमंद नहीं बन पाएगी। न्याय मिलने में देरी का सिलसिला देश के विकास के लिए अब असहनीय हो चुका है। यह सिलसिला देश के विकास को बाधित करने के साथ मुकदमों में फंसे करोड़ों लोगों के समय और संसाधन की बर्बादी का कारण बनने के साथ ही उन्हें निराश भी कर रहा है।

response@jagran.com

धरने से त्रस्त व्यापारियों का दर्द

हास्य-व्यंग्य



इलाके के बाजार का एक दिन के लिए अपहरण किया जाएगा, यह खबर चारों तरफ आग की तरह फैल गई। ठेले वालों को ठाले ही जाने की, मजदूरों को मजबूर हो जाने की और खोमचे वालों को घर में भूख का खोमचा खुल जाने की चिंता सताने लगी। कारण यह था कि नेताजी ने डुगडुगी पिटवा दी थी कि लोकतंत्र को बचाने के लिए इस बार महारैली का आयोजन होगा। आए दिन होने वाले धरना-प्रदर्शनों और लगातार चलने वाले आंदोलनों से परेशान छोटे-बड़े सभी व्यापारियों के पैरों तले जमीन खिसकने लगी। बंधक बनाए जाने की आशंका से पिछले घावों को सहलाती हुई सड़क एक बार फिर घबराई। जलाए जाने के डर से वाहन थरथरे लगे। सड़क और वाहन आज तक यह नहीं समझ पाए कि उनका कुसूर क्या है? नेताजी लोकतंत्र को बचाने की बात करते हैं, पर पता नहीं, हमें बचाने की बात कब करेंगे।

आखिरकार सब्जी, चाय और फल वालों, मोची तथा रिक्शा-टैक्सी चालकों सहित छोटे-बड़े व्यापारियों ने अपने-अपने प्रतिनिधियों को नेताजी के दरबार में भेजा। सभी के सभी नेताजी के सामने हाथ जोड़कर अर्ज करने लगे, "हुजूर-ए-आला, हमारे बाजार को क्यों किडनैप कर रहे हो? आप अपनी महारैली और धरना-प्रदर्शन कहीं दूर कर लिया कीजिए। वहां चौबीस घंटे, सातों दिन, महारैली के चलते बाजार बंद होता है, सड़क जाम होती है। इस बीमारी की जड़ तो सरकार ही है।"



केवर शर्मा

नेताजी लोकतंत्र को बचाने की बात करते हैं, लेकिन हमें बचाने की बात पता नहीं कब करेंगे, यह समझ नहीं आता


व्यापारियों ने सिर पकड़ लिया। बोले, "हुजूर-ए-आला, यह त्योहारों का सीजन है। इसका एक दिन भी पूरे साल पर भारी पड़ता है। हमारा धंधा-चौपट हो जाएगा। नेताजी भी झल्लाए। बोले, "आप लोगों का तो धंधा ही चौपट होगा, पर हमारा तो उठा-उठाया मुद्दा ही चौपट हो जाएगा। आप लोग हमारी पीड़ा नहीं समझ रहे हो। हमारी पीड़ा लोकतंत्र की पीड़ा है। सुना है, बारह साल में तो घूरे के भी दिन फिरते हैं। राम का वनवास भी चौदह वर्षों में समाप्त हो गया था, लेकिन हमारा वनवास समाप्त होने का नाम ही नहीं ले रहा।

व्यापारीगण बोले, "क्या आप इसका बदला बाजार से ले रहे हैं? इस त्योहारी सीजन में हम बच्चों के रोटी-कपड़ा, स्कूल की फीस, दवाई, बिजली और पानी का साल भर का खर्च निकालने का जुगाड़ करते हैं। अगर यह कमाई आपकी महारैली की भेंट चढ़ गई, तो हमारा घर कैसे चलेगा?" नेताजी ने गर्व से गर्दन ऊंची की और बोले, "अगर ऐसा हुआ तो हमारी रैली करना सार्थक होगा। यही तो हमारी महारैली की सफलता की कसौटी होगी। यदि यह महारैली सफल रही तो हम अगली मेगा रैली की तैयारी शुरू करेंगे।" नेताजी तो टस से मस न हुए तो काम-धंधे वालों को ही कुछ समाधान खोजना होगा।

response@jagran.com

बारहों महीने खूब मजे से रैली निकालिए या रैला कीजिए। हमें आपकी महारैली से कोई विरोध नहीं है। बस, हमारे बाजार को बख्श दीजिए।"

नेताजी ने ठहाका लगाया और बोले, "रैली तो बहाना है। असल मकसद तो सरकार को वोटों से न सही, हंगामे से हराना है। पुलिस को छकाना है, फिर पुलिस पर हिंसा का आरोप लगाना है। एक ही निशाने के लिए बहुत से तीर चलाने हैं। तुम लोगों को भी हमारा साथ निभाना है, सरकार पर दबाव बनाना है और अपनी मांगें मनवाना है।" व्यापारी चौंके। एक ने पूछा, "हुजूर, आपकी मांगें का हमसे क्या संबंध है? हमारी जेब में न तो किसी का इस्तीफा है और न ही हमारे खोसे में सत्ता प्राप्ति का जादू। हमें माफ कीजिए और अपनी गलतफहमी साफ कीजिए।" नेताजी समझाने लगे, 'आप लोग सरकार को कोसिए। मांगें नहीं मानने के कारण ही महारैली होती है।



ऊर्जा

संघर्ष

अधिकांश लोग सुख-सुविधासंपन्न आरामदायक जिंदगी को जीवन बताते हैं, किंतु यह परिभाषा जीवन का स्पर्श भी नहीं करती, क्योंकि संघर्ष से जीवन का पुराना रिश्ता है, जिसके बिना न जन्म संभव है, न मृत्यु। फिर जीवन कैसे संभव हो सकता है? जीवन संघर्ष का दूसरा नाम है। अतः संघर्ष से पलायन जीवन से पलायन है, क्योंकि संकल्प की पूर्णता संघर्ष का परिणाम है। अतः इससे डरने की नहीं, मुकाबला करने की जरूरत है। संघर्षरत प्रकृति का हर तत्व यही प्रेरणा देता है। स्वयं तपकर ही सूर्य ऊर्जा दे पाता है। ठोकरें खाती हुई असंख्य बाधाओं को पार कर नदियां गंतव्य तक पहुंच पाती हैं। स्वयं को गलाकर अंकुरित होने, फिर आजीवन झंझावातों से मुकाबला कर जीवन-रक्षा करने वाले बीज का संघर्ष अभिनंदनीय है। संघर्ष का परिणाम हमेशा सुखद होता है। इसीलिए प्रतिकूल वातावरण की मार खाकर बड़े होने वाले जंगल के पेड़ यथासमय मिलने वाले खाद-पानी से पल्लवित उद्यान-पादपों से कहीं अधिक शक्तिशाली और दीर्घजीवी होते हैं।

संघर्ष की प्रथम दीक्षा परिवार से मिलती है। बाज के अंदर इसकी ताकत उसकी मां पैदा करती है, जो जन्म से ही उसके घोंसले में कांटे बिछाकर जख्म खाने की आदत डाल देती है। यही कठिनाई भावी जीवन की आधारशिला बनती है। श्रम के बिना साधनों की उपलब्धता संघर्ष क्षमता के विकास में सबसे बड़ी बाधा है, जबकि इनका अभाव संघर्ष को जन्म देता है। उन युवाओं में अवसाद अधिक देखने को मिलता है, जिन्हें जन्म से सभी सुविधाएं सुलभ होती हैं। ऐसे लोग थोड़ी मुसीबत में ही जीवन की बाजी हार जाते हैं। जब जीवन की प्रत्येक क्रियाविधि में हर्ष का प्रवेश हो जाता है, तब संघर्ष से पीड़ा नहीं, आनंद का जन्म होता है। फिर संघर्ष से पलायन नहीं, आत्मज्ञ देने का मन करता है। जीवनी शक्ति जीवन में नहीं, संघर्ष में होती है।

डा. सत्यप्रकाश मिश्र

व्यावहारिक नहीं है सोने का निर्माण

मुकुल व्यास

कीमियागर सदियों से सोना बनाने की कोशिश कर रहे हैं। विज्ञान भी इसमें पीछे नहीं है। हाल में अमेरिका के एक स्टार्टअप ने दावा किया कि उसने नाभिकीय संलयन पारे को स्थिर सोने में बदल दिया है। इस खबर ने शेयर बाजार और जौहरियों को चौंका दिया। कुछ लोगों को आशंका हुई कि यदि कृत्रिम सोना बनाने की तकनीक सफल हुई तो सोने की कीमतें गिर सकती हैं। सैन फ्रांसिस्को स्थित स्टार्टअप मैराथन फ्यूजन के अनुसार, उसने नाभिकीय संलयन से निकले न्यूट्रानों से पारे पर बमबारी कर उसे सोने में बदला। हालांकि इन नतीजों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। कंपनी ने न तो तैयार सोने की मात्रा बताई है और न ही आंकड़े साझा किए हैं। इससे पहले सीईआरएन ने लार्ज हैड्रान कोलाइडर (एलएचसी) की मदद से बहुत कम मात्रा में सोना बनाया था। यह मात्रा लगभग 29 पिकोग्राम थी, जो एक ग्राम का दस खरबवां हिस्सा है। यह सोना एक सेकेंड के अंशभर तक ही अस्तित्व में रहा। एक ग्राम सोना बनाने के लिए खरबों वर्षों तक प्रयोग करने पड़ेंगे।

> विज्ञानियों ने सिद्ध किया है कि सैद्धांतिक रूप से सोना बनाया जा सकता है, पर व्यावसायिक रूप से बनाना संभव नहीं है

विज्ञानियों ने सिद्ध किया है कि सैद्धांतिक रूप से सोना बनाया जा सकता है, लेकिन इसे व्यावसायिक रूप से बनाना संभव नहीं है। इसके लिए परमाणु के नाभिक में बदलाव करना होगा। सोने का परमाणु क्रमांक 79 है, अर्थात उसके नाभिक में 79 प्रोटान होते हैं। किसी अन्य तत्व के नाभिक में प्रोटान घटाने या बढ़ाने से उसे सोने में बदला जा सकता है। उदाहरण के लिए, पारे (80 प्रोटान) से एक प्रोटान निकालने या प्लैटिनम (78) में एक प्रोटान जोड़ने से सोना बन सकता है। इसी तरह सीसे (82) से तीन प्रोटान निकालने पर भी सोना बन सकता है। इस प्रक्रिया को नाभिकीय रूपांतरण (न्यूक्लियर ट्रांसम्यूटेशन) कहते हैं। प्रयोगशालाओं में यह प्रक्रिया आजमाई गई है। 1941 में विज्ञानियों ने पारे पर न्यूट्रानों की बमबारी कर सोना बनाया था। 1980 में नोबेल पुरस्कार विजेता ग्लेन सीबोर्ग ने बिस्मथ से सोना बनाया। 2025 में सीईआरएन के विज्ञानियों ने देखा कि जब सीसे के परमाणु एलएचसी में प्रकाश की गति के करीब टकराते हैं तो कुछ समय के लिए सोने के परमाणु बनते हैं।

सोना बनाने के लिए बड़े व्यावसायिक न्यूक्लियर फ्यूजन प्लांट की जरूरत होगी, जो अभी उपलब्ध नहीं हैं। एक परमाणु सोने के उत्पादन पर करोड़ों रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा, ऐसे सोने से विकिरण का खतरा भी रहेगा। पारे पर न्यूट्रान की बमबारी से सोने के रेडियोधर्मी आइसोटोप बन सकते हैं। इनके सुरक्षित भंडारण के लिए 10 से 17 साल तक इंतजार करना होगा। प्रकृति सोने की सबसे बड़ी उत्पादक है। प्राकृतिक सोना विशाल तारों के सुपरनोवा विस्फोटों और दो न्यूट्रान तारों की टक्कर से बनता है। वहीं से सोना पृथ्वी पर पहुंचा है।

(लेखक विज्ञान के जानकार हैं)

सर्व का भरोसा

कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दलों ने एसआइआर को बिहार और बंगाल में बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिश की थी, लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा। अब उत्तर प्रदेश चुनाव से पहले एसआइआर और चुनाव आयुक्त को फिर से कटघरे में खड़ा करने की कोशिश हो रही है। जिस तरह की आंधी उठी, उसके बाद तो सत्ताधारी दल भाजपा भी थोड़ी सकते में थी, लेकिन दो-तीन राउंड के सर्वे कराने के बाद अब निश्चिंत दिखने लगी है। बताते हैं कि एक-एक सप्ताह के अंतराल पर कई बड़े शहरों में सर्वे कराए गए। पहले सर्वे में लगभग 60 प्रतिशत लोग एसआइआर के पक्ष में थे, जबकि आखिरी राउंड के सर्वे में 85 प्रतिशत लोगों ने एसआइआर का समर्थन किया। दरअसल मामला अब कोर्ट के पाले में है और अब तक कोर्ट ने कोई विपरीत टिप्पणी नहीं की है। सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग की ओर से हलफनामा दिया गया और बताया गया कि सभी फैसले सर्वसम्मति से हुए थे। जाहिर है कि सुप्रीम कोर्ट में कोई झूठा हलफनामा नहीं दिया जा सकता। ज्यिाजा जैसे-जैसे दिन बीतते जा रहे हैं, लोगों का समर्थन बढ़ता जा रहा है। बताया जाता है कि पिछला सर्वे 50 लाख से ज्यादा आबादी वाले 15 शहरों में किया गया था। अब समय आ गया है कि विपक्षी दल भी एक सर्वे करा ही लें, फिर अपनी पूरी ताकत झोंकें।



राजरंग

अनंत रास्ते

राजनीति में रास्तों का कभी अंत नहीं होता। एक बंद होता है तो दूसरा दिखने लगता है। बिहार के बाहुबली विधायक अनंत सिंह के साथ भी कुछ ऐसा ही होता दिख रहा है। जदयू ने उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया है तो अब उनके लिए राजद का दरवाजा खुलता नजर आ रहा है। विधान परिषद की दो सीटों पर राजद की जीत ने तेजस्वी यादव को नए सिरे से सामाजिक समीकरण साधने का हौसला दिया है। दोनों सीटों पर सवर्ण प्रत्याशियों की जीत के बाद ही फिर से एट्टजेड की बात करने लगे हैं। इसी क्रम में अनंत सिंह का नाम आने लगा है। पिछली सरकार में उनकी पत्नी नीलम देवी राजद की विधायक थीं, मगर नीतीश कुमार की सरकार बचाने के लिए ऐन वक्त पर पाला बदलकर जदयू के साथ चली आई थीं। तेजस्वी पर दबाव पड़ने लगा है कि अनंत सिंह से पुरानी कड़वाहट भुलाकर नए समीकरण बनाने पर विचार करें।

न खबर का पता, न किट का

कृषि भवन में एक मंत्रालय का इवेंट था। पत्रकारों को बुलाया गया, लेकिन वहां पहुंचे गिनती के दो-तीन पत्रकार ही। पीआइबी के बड़े अफसर के हाथ-पांव फूल गए। हालांकि इवेंट के बाद 20-25 मीडिया किट की मांग कर दी गई। बताया गया कि इतने पत्रकार आए ही नहीं थे। जवाब मिला, 'हमारे इतने मीडिया वाले हैं, सबको भेजना है।' किट में पापड़, चना सत्तू और किसान समूहों की ओर से बनाई गई दूसरी चीजें भरी थीं। अगले दिन मंत्रालय के अफसरों ने अपने यहां आने वाले हर पत्रकार से पूछना शुरू किया, 'मीडिया किट मिली?' सबने एक सुर में कहा, 'कैसी मीडिया किट?' किट कहां गई? किसके पास पहुंची? इन सवालों का जवाब अभी नहीं मिला है।

कौन-कौन सूची में

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भले ही पिछले दिनों देश के करीब 200 वरिष्ठ अधिकारियों के उनके संपर्क में होने और उन्हें सरकार के भीतर की सारी जानकारी देने का बयान देकर चुप्पी ओढ़ ली हो, लेकिन सरकार के भीतर नौकरशाही में चर्चा अभी भी गरम है। वरिष्ठ अधिकारी मजाक-मजाक में ही अपने साथी अधिकारियों से यह पूछ लेते हैं कि आपका नाम तो उन 200 लोगों की सूची में नहीं है? इसके बाद तो ठहाके लगने तय हैं। वैसे, अहम जिम्मेदारियों में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों पर नजरें भी रखी जा रही हैं।



संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए; नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, अर्ह एन.एस. बिल्डिंग, रमी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*

दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com. R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

आजकल

अमेरिकी मध्यावधि चुनाव पर नजर

मंगलवार को अमेरिका में मध्यावधि चुनाव है। पूरी दुनिया की नजरें इस चुनाव पर टिकी हुई हैं। हालांकि चुनाव परिणाम अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को किसी भी प्रकार से प्रभावित करने की स्थिति में नहीं है, फिर भी यदि नतीजे उनके पार्टी के विरुद्ध आए तो उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। वस्तुत: अमेरिकी मध्यावधि चुनाव में अनेक मुद्दे हैं। हाल ही में एलन मस्क द्वारा दिए गए एक बयान के बाद से कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि राष्ट्रपति चुनाव में अभी दो साल का समय है, और उसमें डेमोक्रेट्स यदि प्रतिनिधि सभा, सीनेट और राष्ट्रपति पद पर जीत जाते हैं तो अमेरिकी व्यवस्था में भारी परिवर्तन हो सकता है


डोनाल्ड ट्रंप। फाइल


एलन मस्क। फाइल



अनंत विजय
anant@nda.jagran.com

दो दिन बाद यानी तीन नवंबर को अमेरिका में मध्यावधि चुनाव है। पूरे विश्व की निगाहें इस पर लगी हैं। चुनाव के परिणाम का असर अमेरिका के राष्ट्रपति की कुर्सी पर नहीं पड़ेगा। ट्रंप अपने पूरे कार्यकाल तक राष्ट्रपति बने रहेंगे, लेकिन अगर परिणाम उनकी पार्टी के विरुद्ध आया तो उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। अमेरिका में होनेवाला मध्यावधि चुनाव यह तय करता है कि वहां की संसद (कांग्रेस) में किसे कितनी सीटें मिलेंगी। इस कारण वैश्विक चर्चा है कि अमेरिका के मध्यावधि चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी का कांग्रेस पर दबदबा रहेगा या फिर डेमोक्रेट्स का कब्जा होगा। यदि ट्रंप की पार्टी का कांग्रेस में बहुमत नहीं होता है तो संसदीय समितियों के माध्यम से ट्रंप प्रशासन के फैसलों की समीक्षा आरंभ हो जाएगी। अगर रिपब्लिकन को मध्यावधि चुनाव में जीत नहीं मिलती है तो उसे ट्रंप के काम-काज पर जनता का निर्णय माना जा सकता है। नैरेटिव की लड़ाई में राष्ट्रपति ट्रंप कमजोर पड़ सकते हैं और डेमोक्रेट्स ये माहौल बनाने का प्रयास करेंगे कि जनता राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियों से खुश नहीं है। संभव है कि इसका असर 2028 में होनेवाले राष्ट्रपति चुनाव पर पड़े।

अमेरिका के मध्यावधि चुनाव में कई सारे मुद्दे हैं। मतदान के दो दिन पहले ट्रंप के समर्थक अरबपति उद्योगपति एलन मस्क ने अपने एक बयान से कई प्रकार की चर्चा को जन्म दे दिया। एलन मस्क ने एक्स पर पोस्ट किया कि डेमोक्रेट्स अमेरिका में जीते तो अमेरिका का खेल ही खत्म हो सकता है। मस्क का मानना है कि अगर डेमोक्रेट्स 2028 के चुनाव में प्रतिनिधि सभा, सीनेट और राष्ट्रपति पद पर जीत जाते हैं तो अमेरिका की व्यवस्था में भारी परिवर्तन हो सकता है। उनका दावा है कि सत्ता में आने पर डेमोक्रेट्स वाशिंगटन डीसी और प्यूर्टो रिको को राज्य का दर्जा दे सकते हैं, ताकि सीनेट में उनकी संख्या बढ़ सके। इसके अलावा, अवैध प्रवासियों को मान्यता देने जैसे कदम भी उठा सकते हैं। इसका लाभ यह हो सकता है कि उन्हें स्थायी मतदाता मिल जाएं। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाकर अपने पक्ष में कर सकते हैं। एलन मस्क यहां तक कह जाते हैं कि रिपब्लिकन की हार का मतलब होगा अमेरिका में एक दलीय व्यवस्था की ओर बढ़ना जिससे लोकतंत्र का अर्थ ही समाप्त हो जाएगा। हमें इसपर विचार करना होगा कि एलन मस्क ऐसे क्यों कह रहे हैं। मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (मागा) जैसे नारे के पीछे एलन मस्क की सहमति मानी जाती रही है। वह डेमोक्रेट्स की विभाजन और नफरत की पार्टी मानते हैं। वह लेफ्ट के विरोधी हैं और कहते रहे हैं कि लेफ्ट के जीतने से अमेरिका बर्बाद हो जाएगा। ऐसे में अगर ट्रंप की पार्टी हारती है तो एलन भी कमजोर हो सकते हैं। एलन मस्क के पास अकूत संपत्ति है और डेमोक्रेट्स को उनका समर्थन बहुत मायने रखता है। अमेरिका विशेषकर रिपब्लिकन की राजनीति में एलन इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वह राजनीतिक चंदे के रूप में एक बड़ी राशि डेमोक्रेट्स को देते हैं, दूसरी तरफ जार्ज सोरोस और अन्य धनवान समर्थक हैं। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, एलन मस्क अब तक चुनाव में करीब 3700 करोड़ रुपये खर्च कर चुके हैं या चंदा के रूप में अपनी पसंदीदा पार्टी को दे चुके हैं। इतनी बड़ी धनराशि देनेवाला व्यक्ति अगर कुछ कहता है तो राजनीति उसपर विचार अवश्य करती है।

एलन मस्क के उक्त बयान के पहले अमेरिका का मध्यावधि चुनाव मुख्य रूप से ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के फैसलों, नागरिकों के जीवनयापन पर बढ़ते खर्च, अप्रवासी नीतियों, स्वास्थ्य सेवा, तकनीकी कंपनियों का समाज पर बढ़ते प्रभाव आदि पर केंद्रित था। चर्चा ट्रंप के निर्णयों पर ही होती थी। पिछले महीने के मध्य में ट्रंप की अप्रूवल रेटिंग करीब 31 प्रतिशत रही थी। उसके बाद से चर्चा का बाजार गर्म हो रहा था। मुद्दों पर चर्चा करने से पहले हमें ये समझ लेना चाहिए कि अमेरिका के मध्यावधि चुनाव होते कैसे हैं। अमेरिका में शासन व्यवस्था के तीन प्रमुख अंग हैं। पहला कांग्रेस (संसद) जिसमें हाउस आफ रिप्रेजेंटेटिव और सीनेट दो सदन होते हैं। दूसरा राष्ट्रपति और तीसरा सुप्रीम कोर्ट। अमेरिकी व्यवस्था में इन तीनों शाखाओं की संरचना इस तरह से की गई है कि कोई भी एक अंग अराजक नहीं हो सके। अब मध्यावधि चुनाव को समझने के लिए हाउस आफ रिप्रेजेंटेटिव और सीनेट की संरचना को समझना होगा। हाउस आफ रिप्रेजेंटेटिव में 435 सदस्य होते हैं जो दो वर्षों के लिए चुने जाते हैं। किस राज्य से कितने सदस्य हाउस आफ रिप्रेजेंटेटिव में होंगे, ये उनकी जनसंख्या के आधार पर तय होता है। इसी तरह से सीनेट में कुल 100 सदस्य होते हैं। प्रत्येक राज्य से दो सदस्य। इनका कार्यकाल छह वर्षों का होता है, लेकिन हर तिहाई सदस्यों का चुनाव हर दो वर्ष पर होता है।

वर्ष 2026 के मध्यावधि चुनाव में मोटे तौर पर तीन तरह की संभावना बनती है। पहली ये कि रिपब्लिकन का दोनों सदनों में बहुमत हो जाए। ट्रंप के लिए ये आदर्श स्थिति होगी, क्योंकि यदि ऐसा होता है तो वो अपने एजेंडे को बिना किसी बाधा के आगे बढ़ा सकेंगे। दूसरी स्थिति ये हो सकती है कि डेमोक्रेट्स का हाउस आफ रिप्रेजेंटेटिव में बहुमत हो, लेकिन रिपब्लिकन सीनेट में बहुमत में रहें। इस स्थिति में हाउस आफ रिप्रेजेंटेटिव किसी मसले की जांच कर सकती है, सुनवाई कर सकती है और राष्ट्रपति के निर्णयों को चुनौती दे सकती है। सीनेट में बहुमत नहीं होने से कानून पास करना कठिन होगा। तीसरी स्थिति ये हो सकती है कि डेमोक्रेट्स को दोनों सदनों में बहुमत मिल जाए। इस स्थिति में राष्ट्रपति ट्रंप के लिए विधायी बाधाएं चुनौती बनकर खड़ी रहेंगी। उन्हें अपने निर्णयों को लागू करने में देरी हो सकती है। एक अन्य मुद्दा तकनीकी कंपनियों का बढ़ता वर्चस्व भी चर्चा में है। बड़ी तकनीकी कंपनियां, डाटा सेंटर और एआइ को लेकर वहां चुनावी बहस छिड़ी हुई है। बड़े डाटा सेंटर में बड़े बड़े सर्वर लगे हैं जो सूचनाओं को सँचित करते हैं, उनको प्रोसेस करते हैं और क्लाउड कंप्यूटिंग एवं आनलाइन प्लेटफार्म्स को सेवाएं देते हैं। एआइ के बढ़ते चलन के कारण बड़े डाटा सेंटर्स की मांग बढ़ रही है। इन डाटा सेंटर्स को लेकर चिंता भी बढ़ रही है। इन्हें चलाने के लिए बिजली की मांग में वृद्धि हो सकती है।

दैनंदिन जीवन में तकनीक का प्रभाव बढ़ रहा है। व्यक्तिगत आदतों से लेकर रुचियों तक उन कंपनियों को मालूम पड़ जा रही हैं। इसका उपयोग राजनीतिक कैंपेन से लेकर कंटेंट बनाने तक में किया जा रहा है। इसको लेकर भी अमेरिकी वोटर सशंकित हैं। तकनीक के बढ़ते चलन के साथ साथ चुनाव में बड़ी मात्रा में धन के खर्च होने पर भी चिंता जताई जा रही है। कुल मिलाकर पूरी दुनिया की निगाहें अमेरिका के मध्यावधि चुनाव के परिणाम पर टिकी हैं। मध्यावधि चुनाव के परिणाम से वैश्विक परिदृश्य पर भी फर्क पड़ेगा, विशेषकर युद्ध वाले क्षेत्रों पर।

खरी खरी

जहां जुगाड़, वहीं पुरस्कार

राजेंद्र कुमार सिंह

लगभग दो दशक पहले एक पूर्व सांसद ने एक पुरस्कार विशेष की प्राप्ति का आवेदन इसलिए नहीं किया, क्योंकि उनका यह मानना था कि पुरस्कार चयन समिति यदि उन्हें इस पुरस्कार के लिए योग्य समझती है तो फिर उसे स्वयं यह देना चाहिए। कुल मिलाकर, पूर्व सांसद ने इसलिए आवेदन नहीं किया क्योंकि वह अपने लिए पुरस्कार पाने हेतु स्वयं को नामांकित कराना नैतिक रूप से उचित नहीं मानते थे।

परंतु आज ऐसे अनेक पुरस्कार हैं जो स्वयं को काफी लाचार महसूस कर रहे हैं। कभी वही पुरस्कार अपने वास्तविक हकदार के हाथों में पहुंचकर स्वयं को धन्य समझता था। जब वह सही व्यक्ति के पास पहुंचता था, तो उसे भी अपनी सार्थकता का अहसास होता था और वह सुकून महसूस करता था। पुरस्कार वही है, लेकिन उसे देने और पाने वालों के सोच में बदलाव आ गया है।

आज पुरस्कार पाने के लिए जितना तिकड़म और मजबूत पहचान का सहारा लिया जाता है, उतना ही पुरस्कार का आपके पास पहुंचने का रास्ता सरल, सुगम और आसान हो जाता है। इसके लिए आपको अधिक माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं है। पुरस्कार स्वयं चलकर आएगा और कदमों में बिछ जाएगा।

पुरस्कारों की दुनिया में भी धीरे-धीरे व्यावसायिकता और स्वार्थ का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। राजनीतिक गलियारों से दिए जाने वाले कुछ पुरस्कारों के पीछे भी अपने-अपने हित साधने की मंशा होने के आरोप लगते रहे हैं। कभी-कभी ऐसा भी देखने को मिलता है कि जिस सत्ता पक्ष के नेता किसी व्यक्ति को अपने राजनीतिक जीवन में फर्स्ट नहीं करते थे, वही सत्ता पक्ष मरणोपरांत उसे देश के सर्वोच्च पुरस्कारों में से किसी एक से सम्मानित करता है। ऐसी परिस्थितियों में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि कहीं इसके पीछे उस व्यक्ति के समाज की आवाज और उसके समुदाय के मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने की राजनीतिक मंशा तो नहीं है? क्या पुरस्कार वास्तव में उस व्यक्ति के योगदान का सम्मान है, या उसके माध्यम से कोई राजनीतिक संदेश देने का प्रयास भी किया जा रहा है?

आज स्थिति यह है कि किसी व्यक्ति की योग्यता चाहे जितनी भी हो, यदि समाज में उसकी अच्छी पकड़ है और उसके पास प्रभावशाली लोगों तक पहुंचने का जुगाड़ है, तो पुरस्कार उसकी झोली में आ सकता है। दूसरी ओर, वास्तविक प्रतिभा और उल्लेखनीय योगदान रखने वाले लोग अपनी बारी की प्रतीक्षा करते रह जाते हैं। पुरस्कार पाने से व्यक्ति को प्रतिष्ठा और गरिमा का अहसास होता है, लेकिन जब वह अनुचित तरीके से किसी के हाथों में पहुंचता है, तो उसकी अपनी गरिमा भी भीतर-ही-भीतर आहत होती होगी।

इसलिए यदि हम आज की पुरस्कार-व्यवस्था की तुलना पहले के आदर्शों से करें, तो एक गंभीर सवाल सामने आता है- क्या आज पुरस्कार पाने की संभावना व्यक्ति की योग्यता और उपलब्धियों से अधिक उसके जुगाड़, पहचान और प्रभाव पर निर्भर होती जा रही है?

यह विषय निश्चित रूप से गंभीर, चिंतनीय और आत्ममंथन की मांग करने वाला है। पुरस्कार किसी व्यक्ति की प्रतिभा, परिश्रम, विशिष्ट योगदान और समाज के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का सम्मान होना चाहिए, न कि जुगाड़, चापलूसी या किसी स्वार्थ की पूर्ति का माध्यम। क्योंकि जब पुरस्कार योग्यता को छोड़कर जुगाड़ की उंगली पकड़ लेता है, तब सम्मान तो किसी व्यक्ति विशेष को मिलता है, लेकिन पुरस्कार की गरिमा स्वयं कठघरे में खड़ी हो जाती है।

(लेखक व्यंग्यकार हैं)

पोस्ट

कांग्रेस माक पार्लियामेंट के द्वारा 'जोकर राजनीति' कर रही है। जब संसद चलती है तो वह हंगामा कर रही होती है।

बालियान@Baliyan_x

डाली पीटते-पीटते संघ की कब्र खोदने वालों को आखिर यह अहसास क्यों नहीं होता कि संघ की कब्र खोदते-खोदते उनकी कई पीढ़ियां खुद कब्र में समा गईं, लेकिन संघ चरैवेति-चरैवेति के मंत्र और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ता ही जा रहा है।

निशांत आजाद@azad_nishant

सेवानिवृत्ति के बाद पूर्व न्यायाधीशों को खुलकर बोलने का पूरा अधिकार है, लेकिन बोलने की इस स्वतंत्रता के साथ-साथ उस संस्था की विश्वसनीयता की रक्षा करने की जिम्मेदारी भी आती है, जिसकी उन्होंने कभी सेवा की थी।

राहुल देव@rahuldev2



भारत की क्रिएटर इकोनमी के विकास का सबसे ज्यादा श्रेय रिलायंस जियो को जाता है। सच कहूं तो जब मुकेश अंबानी जियो की घोषणा कर रहे थे तो ऐसा लगा था यह भी अन्य प्री प्लान जैसा होगा, मगर जियो एक पूरी अर्थव्यवस्था खड़ी कर देगा, सैकड़ों नए स्टार पैदा कर देगा, लाखों लोगों का जीवन बदल जाएगा, तब यह नहीं सोचा था।


संगाथ सिंह@rangnathsingh_

रचनाकर्म

नए परिप्रेक्ष्य में सनातन

ज़ाकिर हीरो

यह पुस्तक नई पीढ़ी, विशेष रूप से जेन जी को उस भारतीय अध्यात्म की शक्ति से परिचित कराने का प्रयास करती है, जिसमें वर्तमान परिदृश्य में उपजी अधिकांश समस्याओं का समाधान निहित है...



पुस्तक : आप ही हीरो हैं
लेखक : शशि शेखर
प्रकाशक : ब्लूम्सबरी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
मूल्य : 299 रुपये

अवसरों की कमी और गलाकाट प्रतिस्पर्धा के बीच करियर का चुनाव हो या संबंधों के निर्वाह की कला या फिर जलवायु परिवर्तन और जानलेवा प्रदूषण, आज के युवा खासकर जेन जी के सामने इन समस्याओं के हल जानने के ढेरों उपाय हैं, लेकिन उन्हें सही रास्ता नहीं मिल रहा है और भ्रम की स्थिति है तो उन्हें पत्रकार और लेखक शशि शेखर की पुस्तक 'आप ही हीरो हैं' को अवश्य पढ़न चाहिए। इसमें लेखक ने भारतीय अध्यात्म से आत्म-शक्ति की कहानियों के माध्यम से यह बताने का प्रयास किया कि वैचारिक भिन्नताओं वाले इस देश में आस्तिकता से लेकर नास्तिकता और उसके बीच बहने वाली तमाम धाराएं आकर सनातन के समुद्र में मिल जाती हैं। समस्याएं हल करनी हैं तो इसी समुद्र का मंथन करना होगा।

प्रदूषण आज पूरी दुनिया की समस्या है। यह भी प्रमाणित हुआ है कि अब यह सिर्फ महानगरों तक सीमित नहीं है। इसके असर से छोटे शहर और गांव भी प्रभावित होने लगे हैं। इसका क्या नतीजा होगा? इसका आकलन करने से पहले इस पुस्तक में वर्णित वह कथा जान ली जाए कि आखिर परमपिता ब्रह्मा ने क्यों मजबूर होकर 'मृत्यु की देवी' का निर्माण किया? पुस्तक में वर्णित ये कथाएं हमारी ज्ञान परंपरा का हिस्सा हैं। ये अनादिकाल से हमें मार्ग दिखाती रही हैं, लेकिन आज हम अपनी इन शक्तिशाली कहानियों से अनजान होते चले जा रहे हैं।

युवा पीढ़ी को तो इस बात का गर्व होना चाहिए कि भारतीय अध्यात्म जब अपने पूरे यौवन पर था, तब यूरोप की आध्यात्मिकता घुटनों के बल रहे शिशु जैसी थी। एक तरफ वेद, दूसरी तरफ वेदांत, एक तरफ आदिगुरु शंकराचार्य का अद्वैतवाद तो माधवाचार्य का द्वैतवाद पढ़न चाहिए। इसमें लेखक ने भारतीय अध्यात्म से आत्म-शक्ति की कहानियों के माध्यम से यह बताने का प्रयास किया कि वैचारिक भिन्नताओं वाले इस देश में आस्तिकता से लेकर नास्तिकता और उसके बीच बहने वाली तमाम धाराएं आकर सनातन के समुद्र में मिल जाती हैं। समस्याएं हल करनी हैं तो इसी समुद्र का मंथन करना होगा।

प्रदूषण आज पूरी दुनिया की समस्या है। यह भी प्रमाणित हुआ है कि अब यह सिर्फ महानगरों तक सीमित नहीं है। इसके असर से छोटे शहर और गांव भी प्रभावित होने लगे हैं। इसका क्या नतीजा होगा? इसका आकलन करने से पहले इस पुस्तक में वर्णित वह कथा जान ली जाए कि आखिर परमपिता ब्रह्मा ने क्यों मजबूर होकर 'मृत्यु की देवी' का निर्माण किया? पुस्तक में वर्णित ये कथाएं हमारी ज्ञान परंपरा का हिस्सा हैं। ये अनादिकाल से हमें मार्ग दिखाती रही हैं, लेकिन आज हम अपनी इन शक्तिशाली कहानियों से अनजान होते चले जा रहे हैं।

युवा पीढ़ी को तो इस बात का गर्व होना चाहिए कि भारतीय अध्यात्म जब अपने पूरे यौवन पर था, तब यूरोप की आध्यात्मिकता घुटनों के बल रहे शिशु जैसी थी। एक तरफ वेद, दूसरी तरफ वेदांत, एक तरफ आदिगुरु शंकराचार्य का अद्वैतवाद तो माधवाचार्य का द्वैतवाद पढ़न चाहिए। इसमें लेखक ने भारतीय अध्यात्म से आत्म-शक्ति की कहानियों के माध्यम से यह बताने का प्रयास किया कि वैचारिक भिन्नताओं वाले इस देश में आस्तिकता से लेकर नास्तिकता और उसके बीच बहने वाली तमाम धाराएं आकर सनातन के समुद्र में मिल जाती हैं। समस्याएं हल करनी हैं तो इसी समुद्र का मंथन करना होगा।

सामान्यत: धर्म और दर्शन के संदेश को जटिलता के साथ इस तरह प्रस्तुत किया जाता है कि युवा पीढ़ी स्वयं को उससे जुड़ा हुआ महसूस नहीं कर पाती है। सूचना बमबारी के दौर में सनातन के नाम पर बिना स्रोत के ऐसे-ऐसे मैसेज प्रसारित किए जा रहे हैं, जो इसके मूल तत्व को ही बिगाड़ देते हैं। ऐसे में यह पुस्तक प्रामाणिक ग्रंथों के श्लोक का उल्लेख करते हुए सनातन के संदेश को युवा पीढ़ी के सामने लाने की एक कोशिश है। यह सनातन ग्रंथों को पढ़ने का कोई नैतिक बोझ नहीं डालती। इसे पढ़कर आज के युवा अपने करियर, रिश्ते और समाज-राष्ट्र के प्रति एक सचेत और सजग निर्णय ले सकते हैं। यह पुस्तक धर्म के कर्मकांड मार्ग या भक्ति मार्ग के बजाय इन कहानियों में समाहित ज्ञान मार्ग को समझने का आह्वान करती है।

युवा पीढ़ी को ध्यान में रखकर लिखी गई इस पुस्तक की भाषा को भी लेखक ने शायद जानबूझकर मिश्रित रखा है। कई स्थानों पर अंग्रेजी के शब्द अपरिहार्य लग रहे हैं, जैसे- 'कार्बन फुटप्रिंट', लेकिन 'शैर्वेज', 'मिसोजिनिस्ट' और 'स्प्रिचुआल्टी' जैसे विदेशी शब्दों के लिए हिंदी में कई विकल्प हैं। एक तरीका यह हो सकता है कि भाषा की शुद्धता बनाई रखी जाए और कतिपय ऐसे शब्दों को, जिन्हें समझने में जेन जी को मुश्किल हो सकती है, फुटनोट में उनके अंग्रेजी विकल्प भी दे दिए जाएं।


स्टाक मार्केट की बेहतर समझ

कन्हैया झा

हम लोगों में से बहुतों को इस बात की अच्छी समझ है कि शेयर बाजार संपत्ति बनाने का एक बेहतर माध्यम है। परंतु इसमें मुश्किल यह है कि बाजार में उतार-चढ़ाव इतना अधिक होता है कि शेयर में निवेश करना आसान नहीं होता। कभी उनके मूल्य में वृद्धि होती है तो कभी कमी आती है, जिसके कारण भय और लालच को खेलने का मौका मिल जाता है। जब बाजार में गिरावट का दौर होता है तो हमें डर महसूस होता है। जब बाजार चढ़ रहा होता है तो हमारे अंदर लालच की भावना आ जाती है और हम सोचने लगते हैं कि अधिकांश जमापूंजी को बाजार में लगा दें।

कुल मिलाकर, निवेश की सही रणनीति का चुनाव करना बहुत मुश्किल होता है। वास्तव में निवेश करने के लिए आपके पास हजारों विकल्प होते हैं। आपके आसपास हजारों ऐसे विशेषज्ञ हैं, जो अर्थव्यवस्था की विविध प्रकार की गतिविधियों के बारे में भविष्यवाणी करते हैं। इंटरनेट मीडिया पर ऐसे बहुत से लोग हैं, जो एक दशक से यह चेतावनी दे रहे हैं कि डालर में गिरावट की आशंका है। हमारी दुनिया अधिक तेज, शोर भरी एवं अस्त-व्यस्त होती जा रही है, अत: हम यह समझने में कामयाब नहीं हो पाते कि इनमें सच कितना है।


ऐसे में इस पुस्तक में स्टाक दर्शन के सूत्रों के माध्यम से इस बात को समझाने का प्रयास किया गया है कि किस तरह भय और लालच की भावनाओं पर काबू रखते हुए हम समृद्धि की राह पर सफलतापूर्वक आगे बढ़ सकते हैं। यदि आप बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद स्वयं को संतुलित बनाए रख सकेंगे तो आप सफल हो सकते हैं। सरल उदहरणों के साथ लिखी गई इस पुस्तक की सहायता से कोई ऐसा व्यक्ति भी धनार्जन में सक्षम हो सकता है, जिसे बाजार, निवेश की समझ कम है।



पुस्तक : द स्टाक पाथ टु वेल्थ
लेखक : डेरियस फरू
अनुवाद : प्रभात रंजन
प्रकाशक : पेंगुइन स्वदेश
मूल्य : 299 रुपये

जागरण जनमत कल का परिणाम

क्या साझर धोखाधड़ी के मामलों में बैंकों की जवाबदेही बढ़ाने से ठगी के मामलों में कमी आएगी?



सभी आंकड़े प्रतिशत में

आज का सवाल

क्या मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां गरीबी घटाने में बहुत सहायक साबित हुई हैं?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

'मोदी कहीं न जाएगा' नारा है दमदार,
कांग्रेसी करने लगे अब तो स्वयं प्रचार।
अब तो स्वयं प्रचार चढ़ेगा बढ़िया पारा,
जब बीजेपी हेतु गढ़े कांग्रेसी नारा!
सही कह रहे लोग न राहुल लगे विरोधी,
जितना करें विरोध बढ़े उतना ही मोदी!!

-ओम प्रकाश तिवारी

व्यंजनों से बनती मुंबई



मुंबई के बसने और इसके अलग पहचान बनने के इतिहास को खंगालती मेहर मिर्जा की 'सी साल्ट एंड स्पाइस' दरअसल मुंबई का इतिहास है, जो वहां के खान-पान की परंपरा के विकसित होने के प्रमाण और दस्तावेजों के साथ रोचक शैली में लिखी गई है। कोई शहर अपने व्यंजनों, परिधान और वहां सड़क पर ठेलों पर मिलने वाले चटपटे खाद्य पदार्थों, छोटे-बड़े रेस्त्राओं के मेन्यू और मध्यम तथा आभिजात्य वर्ग के रसोईघरों के स्वाद और सुगंध से भी बनता है। इस अर्थ में समानांतर रूप से मुंबई की सामाजिक बुनावट इतिहास को दर्ज करती चलती है। लेखिका ने चार अध्यायों में इसके विषय-वस्तु का खाका खींचा है, जिसमें कोलोनियल दौर के पूर्व का समय, पुर्तगालियों का आगमन, ब्रिटिश राज के अंतर्गत स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद मुंबई की भोजन-यात्रा को उड़ान मिलती है।

इस किताब की एक खूबी यह भी है कि कथानक के अनुरूप यहां ढेरों पोस्टर, पर्चे, श्वेत-श्याम चित्र, तस्वीरें, पेंटिंग्स, स्केचेज, पुराने इलाकों की फोटो तथा अधिकांश होटलों और रेस्त्रां के इश्तिहार भी प्रकाशित किए गए हैं। जैसे, ताजमहल पैलेस होटल का एक विज्ञापन 'द बांबे गजेट' जनवरी, 1905 में प्रकाशित हुआ। यह अपनी विशेषताएं बताते हुए सूचना दे रहा था कि यहां ठहरने के लिए सात रुपये तथा उसके ऊपर शुल्क निर्धारित है। चौरा बाजार में स्थापित गोविंदजी बासनजी का 'शयल हिंदू होटल' अपनी लोकप्रियता के कारण 1916 में दूसरी ब्रांच माथेरान में खोलने जा रहा था। इस तरह मनोरंजक सूचनाओं से लैस यह किताब मुंबई के दिल को समझते हुए स्वतंत्रता के दिन की भी पूरी व्याख्या करती है और बताती है कि शहर बनने में यहां के पारसी व्यावसायियों, मारवाड़ी उद्यमियों और मराठी मानस ने मिलकर जुनून की हद तक कितनी मेहनत की।




पुस्तक : सी साल्ट एंड स्पाइस : अ हिस्ट्री आफ मुंबई थ्रू फूड
लेखक : मेहर मिर्जा
प्रकाशक : हार्पर कालिंस पब्लिशर्स
मूल्य : 999 रुपये

यह ऐतिहासिक तथ्य भी पुस्तक बताती है कि 1948 के दौरान मुंबई में हिंदुओं, मुस्लिमों और पारसियों के लिए अलग-अलग एंबुलेंस सुविधा मौजूद थी। वहीं जीवन के आमोद-प्रमोद जैसी कहानियों से यह किताब अद्भुत हो जाती है। इसमें मैट्रो सिनेमा के कुछ अनसुने बाकये, पारसी कला और रहन-सहन की बातें, कैलास पर्वत हिंदू होटल, भारत टी एजेंसी और डब्बावालों के संघर्ष- सभी अनमोल ढंग से आते हैं। एक शानदार किताब, जिसे बार-बार पढ़ने का मन चाहे।

क्या तुम नहीं जागोगी सखि

जीवन में उत्कर्ष पाए महान व्यक्तियों के अंतरंग में झांकने की सामाजिक संरचना बड़ी जटिल है। इतिहास में हमेशा यह होता आया कि जो व्यक्ति अपने जीवन में किसी बड़ी पहचान के साथ समाहृत हुआ, उसके व्यक्तित्व में आए प्रभावों, बदलावों, विचलन और प्रेरणा के पीछे किन लोगों का हाथ रहा; उसके बारे में जानने का कौतूहल बढ़ता गया। फिर वह लियोनार्दो द विंची, बान गाग जैसे चित्रकार, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू जैसे राजनयिक या फिर भारतेंदु हरिश्चंद्र, रवींद्रनाथ टैगोर जैसे रचनाकार, संस्कृतिकर्मी ही क्यों न हों। जानने की यह जिज्ञासा कई बार सतही ढंग या मात्र सुनी-सुनाई बातों, पूर्व में प्रचलित उन व्यक्तित्वों के संस्मरणों, कहानियों और इतिहास में दर्ज टीपों के माध्यम से उकेरी जाती है। कभी-कभार ही ऐसा होता है कि कोई किताब तटस्थ रूप से सुविचार के साथ, उन नायकों के बारे में उनकी प्रचलित छवि को धूमिल किए बगैर अपनी बात कह सके। जयश्री पुरवार ने भी ऐसा ही उद्यम कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर (बांग्ला में रबीन्द्रनाथ) के संदर्भ में संभव किया है। छोटे लेखों के बड़े एकाग्र है, जो जोड़ासांको आने के बाद अपना परिवेश रचती हैं, चूंकि जन्म के समय मां बहुत बीमार थीं, तो रवींद्रनाथ की देखभाल उनकी बड़ी बहन सौदामिनी ने की। 15 बच्चों को जन्म देने के बाद सारदा देवी के पास बहुत कम समय या रुचि बची रह गई थी, जो अपने सबसे छोटे बेटे की दे पातीं। बंगाली समाज में बहुचर्चित उनकी भाभी कादंबरी के साथ रवींद्रनाथ के प्रेम की चर्चा का भी अध्याय रोचक है, जिसमें सहज ढंग से यह बात उभरती है कि अपनी कविता के लिए शुरुआती प्रभावों में गुरुदेव ने उन्हें ही सबसे पहले पाया।



पुस्तक : रवींद्रनाथ की नायिकाएं
लेखिका : जयश्री पुरवार
प्रकाशक : हिंद युग्म, नोएडा
मूल्य : 299 रुपये

इसी तरह प्रथम प्रणय की नायिका अन्नपूर्णा हों या इंदौर में मिलने वाली लूसी स्काट का जिक्र, उनके जीवन की बड़ी प्रेरणा के रूप में सत्येंद्रनाथ की पत्नी ज्ञानदेंदी देवी की कहानी, उपन्यास के कथानक की तरह रमण करती है। दोनों के दांपत्य, साहचर्य, प्रेम और पीड़ा में डूबे हुए कई भीगे पन्ने उनकी आत्मीय गरिमा को यहां उठान देते हैं। बांग्ला आभिजात्य संस्कृति की जड़ों को पल्लवित करने वाले रवींद्रनाथ टैगोर के अंतरंग की कथा पढ़ना रोचक व ज्ञानवर्धक दोनों ही है।

अनुक्रम की यह पुस्तक 'रवींद्रनाथ की नायिकाएं' ढेरों ऐसी स्त्रियों के उनके जीवन में आवाजाही को लक्ष्य करती है, जो गुरुदेव की रचनात्मक संरचना में अनायास ही प्रवेश पा सकीं।

पहला अध्याय मां सारदा देवी पर एकाग्र है, जो जोड़ासांको आने के बाद

अनुशासन का अभाव अराजकता को जन्म देता है

राजनीतिक तमाशा

आम तौर पर प्रतीकात्मक संसद का आयोजन छात्रों को संसदीय कार्यवाही के तौर-तरीकों से परिचित कराने के लिए किया जाता है, लेकिन गत दिवस कांग्रेस की पहल पर पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के घर पर विपक्षी दलों की ओर से जो दिखावटी संसद चलाई गई, उसे एक भोंडे राजनीतिक तमाशे के अतिरिक्त और कुछ कहना कठिन है। इस आयोजन ने केवल संसद की गरिमा गिराने का ही काम नहीं किया, बल्कि इसने विपक्ष की फजीहत भी कराई। इसलिए कराई, क्योंकि इस दिखावटी संसद में एक तो सिविल सोसायटी के नाम पर आंदोलनजीवी किस्म के लोगों को भी स्थान दिया गया और दूसरे वोट चोरी के जुमले की आड़ में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जन महाभियोग भी लाया गया। इस दौरान न तो उनका और न ही चुनाव आयोग का पक्ष रखने की प्रतीकात्मक ही सही, सुविधा दी गई। एक तरह से जन महाभियोग लाने वालों ने केंगारू कोर्ट जैसा काम किया और जैसा चाहते थे, वैसा फैसला सुना दिया यानी मुख्य चुनाव आयुक्त को दोषी करार दिया। यह सब नौटंकी तब हुई, जब मतदाता सूचियों के शुद्धीकरण यानी एसआइआर के खिलाफ दायर की गई याचिकाओं की सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा है। इनमें से कई याचिकाएं विपक्षी नेताओं की हैं। इनमें एक याचिका राहुल गांधी की भी है। यह याचिका दायर करने के बाद राहुल गांधी ने कहा था कि उन्हें सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा है। यदि उन्हें वास्तव में सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा है तो फिर दिखावटी संसद बुलाने और दुराग्रह से प्रेरित होकर तथाकथित जन महाभियोग लाने का क्या औचित्य? इस सबसे तो यही सिद्ध होता है कि राहुल गांधी और उनके सहयोगी सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा करने के लिए तैयार नहीं। जिस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में हो रही है, उस पर बाहर जनसुनवाई करना लोकतांत्रिक मर्यादा और संवैधानिक मूल्यों के ही खिलाफ है। क्या यह विचित्र नहीं कि राहुल गांधी संविधान की प्रति लिए तो घूमते रहते हैं, लेकिन उसकी भावना के अनुरूप आचरण करने के लिए तैयार नहीं। उन्हें इतनी समझ होनी ही चाहिए कि निराधार आरोपों के सहारे लोगों को गुमराह करने की एक सीमा होती है। अब वह जमाना नहीं रहा कि किसी झूठ को सौ बार दोहराया जाए तो उसे सच साबित किया जा सके। इसमें इन्कार नहीं कि एसआइआर की प्रक्रिया में कुछ त्रुटियां हैं और उनके कारण लोगों को परेशानी भी हो रही है, लेकिन इस सबको वोट चोरी कहना लिल को ताड़ बनाना ही है। यदि राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं के पास मुख्य चुनाव आयुक्त की कथित धांधलियों के खिलाफ कोई प्रमाण हैं तो उन्हें सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पेश किया जाना चाहिए। किसी भी मामले में विपक्ष वकील और जज, दोनों की भूमिका एक साथ नहीं निभा सकता।

जरूरी है जांच

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आइटीआइ) में विद्यार्थी बड़ी संख्या में पढ़ाई कर रहे हैं। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उन्हें विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों में काम करने का अवसर मिलता है। औद्योगिक परिवेश की आवश्यकता के अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं के लिए नौकरी और रोजगार के अच्छे अवसर भी हैं। सरकार ने इस बात पर भी जोर दिया है कि आइटीआइ में आज की आवश्यकता के अनुसार विषयों को शामिल किया जाए, जिनमें रोबोटिक्स भी है। यह भी देखना होगा कि विद्यार्थियों की एक बहुत बड़ी संख्या निजी संस्थानों में है, पर वहां मानक के अनुरूप सुविधा नहीं है, न ही पढ़ाई की व्यवस्था। प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र भी मिल जाता है, पर वे औद्योगिक प्रतिष्ठानों की आवश्यकता पर खरे नहीं उतर पाते, जिस कारण उन्हें अवसर नहीं मिल पाता है। सरकार ने इस सबको देखते हुए निजी आइटीआइ की जांच का निर्णय किया है। यह बिल्कुल सही फैसला है और पूरी पारदर्शिता के साथ इसे शीघ्रता से किया जाना चाहिए। ऐसे संस्थान भरे पड़े हैं, जो कहीं एक तो कहीं दो कमरों में चल रहे हैं, जबकि इसके लिए मानक तय हैं। पक्के भवन, प्रयोगशाला आदि की व्यवस्था अनिवार्य शर्त है, पर अधिसंख्य संस्थानों में इसका अनुपालन शायद ही हो रहा हो।

जांच के बाद निजी आइटीआइ की कड़ी निगरानी करनी होगी, ताकि सही तस्वीर सामने आने के बाद सुधार किया जा सके।

कह के रहेंगे

माधव जोशी




जागरण जनमत

कल का परिणाम

क्या साइबर धोखाधड़ी के मामलों में बैंकों की जवाबदेही बढ़ाने से ठगी के मामलों में कमी आएगी?

आज का सवाल

क्या मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां गरीबी घटाने में बहुत सहायक साबितहुई हैं?



परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है। (सभी आंकड़े प्रतिशत में)

असहनीय हो चुकी है न्याय में देरी



संजय गुप्त

न्याय में देरी की समस्या से निपटने के लिए संपूर्ण न्याय तंत्र की जवाबदेही तय करना अब अनिवार्य हो गया है



अवधेश राजपूत

इस कथन से शायद ही कोई अपरिचित हो कि "न्याय में देरी न्याय से वंचित करना है, लेकिन बार-बार की देरी तो अन्याय है।" महान संवैधानिक विशेषज्ञ एवं न्यायविद् नानी पालकीवाला का यह कथन भी खूब प्रचलित है कि भारत में न्याय प्रशासन की सबसे बड़ी खामी देरी है और मैं दुनिया के किसी भी ऐसे देश से अवगत नहीं जहां मुकदमे इतने लंबे समय तक चलते हों, जितने भारत में। उनका यह भी कहना था, भारत में कानून बहुत ज्यादा हैं और न्याय बहुत कम। ये सभी चर्चित कथन भारतीय न्यायपालिका के समक्ष खड़ी चुनौतियों की गंभीरता को ही बयान करते हैं। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा हाल में नेशनल कंपनी ला ट्रिब्यूनल यानी एनसीएलटी और नेशनल कंपनी ला अपीलेट ट्रिब्यूनल अर्थात एनसीएलएटी की प्रशासनिक स्वतंत्रता पर गंभीर चिंता जताते हुए यह टिप्पणी करना कि इन संस्थाओं को कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने 'पूरी तरह हाईजैक' कर लिया है, इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि केवल विशेष ट्रिब्यूनल या न्याय मंच बना देने भर से त्वरित न्याय सुनिश्चित नहीं हो जाता। इन संस्थाओं में भारी रिक्तियों, बुनियादी ढांचे के अभाव और प्रशासनिक नियंत्रण में ढिलाई के कारण मुकदमों का निपटारा हफ्तों या महीनों में होने के बजाय सालों-साल खिंच जाता है, जिससे व्यावसायिक विवादों और आम नागरिकों को भारी आर्थिक और मानसिक क्षति होती है। यह विडंबना ही है कि जिन विशेष संस्थाओं का गठन मामलों को तेजी से निपटाने के लिए किया गया था, वे स्वयं प्रशासनिक और व्यवस्थागत जकड़न का शिकार हैं।

निचली अदालतों, अपीलीय ट्रिब्यूनलों और न्याय के अन्य मंचों पर मुकदमों के निस्तारण में लंबी देरी और कई बार आने वाले अस्पष्ट या त्रुटिपूर्ण फैसलों का एक सबसे बड़ा कारण जवाबदेही का पूर्ण अभाव है। अक्सर निचली अदालतों द्वारा पारित सतही या कानूनी रूप से कमजोर निर्णयों को उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा खारिज कर दिया जाता है और उन पर कड़ी टिप्पणियां भी की जाती हैं, परंतु यह बात कभी सार्वजनिक नहीं होती कि ऐसे न्यायाधीशों के खिलाफ अंततः क्या अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई? इसके विपरीत इन न्यायाधीशों की पदोन्नति का आधार और आंतरिक मूल्यांकन प्रणाली पूरी तरह से अपारदर्शी है, जिससे आम जनता और विशेष रूप से वादियों के मन में न्याय व्यवस्था के प्रति अविश्वास पैदा होता है। इस दोहरी चुनौती से पार पाने के लिए यह समझना आवश्यक है कि व्यवस्था की कमजोरी केवल प्रशासनिक या बुनियादी ढांचे के अभाव तक सीमित नहीं है, बल्कि आंतरिक अनुशासन की कमी भी है। एक तरफ जहां कार्यपालिका के लिए यह आवश्यक है कि वह न्यायिक संस्थाओं को पर्याप्त संसाधन और स्टाफ देकर उनकी गति को बाधित करने वाले कारणों का निवारण करे, वहीं दूसरी तरफ न्यायपालिका के भीतर भी न्यायाधीशों की जिम्मेदारी बनती है कि वे उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करते हुए बिना अनावश्यक विलंब के त्वरित निर्णय दें। केवल बुनियादी ढांचे की कमी को ही देरी का एकमात्र कारण नहीं माना जा सकता, क्योंकि न्यायाधीशों के पास अपनी कार्यशैली और समय-प्रबंधन में सुधार करके स्थिति को काफी हद तक बेहतर बनाने की शक्ति होती है। इसका उन्हें उपयोग करना ही चाहिए।

न्याय में देरी की विकट समस्या से निपटने के लिए केवल निचली अदालतों ही नहीं, बल्कि सर्वोच्च न्यायालय सहित संपूर्ण न्याय तंत्र की जवाबदेही तय करना अनिवार्य हो गया है, ताकि लोगों को समय पर सही न्याय मिल सके। प्रख्यात न्यायविदों और न्यायिक सुधारों पर बल देने वालों का यह स्पष्ट मत रहा है कि जब तक न्यायपालिका अपनी आंतरिक कार्यप्रणाली में आधुनिक प्रबंधन और कड़े अनुशासन को नहीं अपनाती, तब तक केवल नए-नए कानून बना देने से स्थिति नहीं सुधरेगी। इस दिशा में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीशों के साथ विधि आयोगों ने बार-बार इस पर बल दिया है कि मुकदमों की सुनवाई के दौरान तारीख पर तारीख की संस्कृति पर कड़ाई से रोक लगनी चाहिए और अनावश्यक रूप से मामले को लटकाने वाले वकीलों या पक्षों पर भारी वित्तीय दंड लगाया जाना चाहिए। इसके साथ ही उच्चतर न्यायपालिका से लेकर अधीनस्थ अदालतों तक हर स्तर पर यह अनिवार्य किया जाना चाहिए कि बहस पूरी होने के बाद एक निश्चित समयसीमा के भीतर पारदर्शी निर्णय दिए जाएं। इस तय सीमा का पालन न होने पर संबंधित पीठासीन अधिकारी की कड़ाई से वार्षिक समीक्षा हो।

मुकदमों के त्वरित निस्तारण के लिए पूर्व न्यायविदों द्वारा 'केस मैनेजमेंट कॉन्फ्रेंस' की जो वकालत की गई है, उसे जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए। इस व्यवस्था के तहत न्यायाधीश दोनों पक्षों के वकीलों के साथ बैठकर शुरुआत में ही विवाद के मुख्य बिंदुओं को तय करते हैं, जिससे सुनवाई के दौरान अनावश्यक और लंबी बहसों से बचा जा सके। इसके अतिरिक्त चूंकि खुद सरकार देश के कुल मुकदमों के एक बड़े हिस्से के लिए जिम्मेदार है, अतः उन पर भी लगाम लगनी चाहिए। इसके लिए विभिन्न कानूनी समितियों ने लगातार यह सिफारिश की है कि सरकारी विभागों को हर मामले में विपरीत निर्णय के बाद आंख मूंदकर अपील करने से रोका जाना चाहिए। इसके लिए आंतरिक जांच समितियां बनाकर अक्षम अधिकारियों की व्यक्तिगत जवाबदेही तय करना आवश्यक है, ताकि वे लोगों, सरकारी संसाधनों और साथ ही अदालतों का समय बर्बाद करने से बचें।

भारतीय न्याय प्रणाली का कायापलट केवल एक प्रशासनिक आवश्यकता नहीं, बल्कि देश के सामाजिक-आर्थिक विकास की एक अनिवार्य शर्त है। जब तक अदालतों की पारदर्शी तरीके से कार्यकुशलता और न्यायाधीशों की जवाबदेही सुनिश्चित नहीं होती, तब तक करोड़ों लंबित मामलों के बोझ तले दबी न्याय व्यवस्था आम आदमी के लिए सुलभ और भरोसेमंद नहीं बन पाएगी। न्याय मिलने में देरी का सिलसिला देश के विकास के लिए अब असहनीय हो चुका है। यह सिलसिला देश के विकास को बाधित करने के साथ मुकदमों में फंसे करोड़ों लोगों के समय और संसाधन की बर्बादी का कारण बनने के साथ ही उन्हें निराश भी कर रहा है।

response@jagran.com

धरने से त्रस्त व्यापारियों का दर्द

हास्य-व्यंग्य



इलाके के बाजार का एक दिन के लिए अपहरण किया जाएगा, यह खबर चारों तरफ आग की तरह फैल गई। ठेले वालों को टाले ही जाने की, मजदूरों को मजबूर हो जाने की और खोमचे वालों को घर में भूख का खोमचा खुल जाने की चिंता सताने लगी। कारण यह था कि नेताजी ने ढुगढुगी पिटवा दी थी कि लोकतंत्र को बचाने के लिए इस बार महारैली का आयोजन होगा। आए दिन होने वाले धरना-प्रदर्शनों और लगातार चलने वाले आंदोलनों से परेशान छोटे-बड़े सभी व्यापारियों के पैरों तले जमीन खिसकने लगी। बंधक बनाए जाने की आशंका से पिछले घावों को सहलाती हुई सड़क एक बार फिर घबराई। जलाए जाने के डर से बाहन थरने लगे। सड़क और बाहन आज तक यह नहीं समझ पाए कि उनका कुसूर क्या है? नेताजी लोकतंत्र को बचाने की बात करते हैं, पर पता नहीं, हमें बचाने की बात कब करेंगे।



केवर शर्मा

नेताजी लोकतंत्र को बचाने की बात करते हैं, लेकिन हमें बचाने की बात पता नहीं कब करेंगे, यह समझ नहीं आता

आखिरकार सब्जी, चाय और फल वालों, मोची तथा रिक्शा-टैक्सी चालकों सहित छोटे-बड़े व्यापारियों ने अपने-अपने प्रतिनिधियों को नेताजी के दरबार में भेजा। सभी के सभी नेताजी के सामने हाथ जोड़कर अर्ज करने लगे, "हुजूर-ए-आला, हमारे बाजार को क्यों किडनैप कर रहे हो? आप अपनी महारैली और धरना-प्रदर्शन कहीं दूर कर लिया कीजिए। वहां चौबीस घंटे, सातों दिन, बारहों महीने खूब मजे से रैली निकालिए या रैला कीजिए। हमें आपकी महारैली से कोई विरोध नहीं है। बस, हमारे बाजार को बख्शा दीजिए।"


नेताजी ने ठहाका लगाया और बोले, "रैली तो बहाना है। असल मकसद तो सरकार को वोटों से न सही, हंगामे से हराना है। पुलिस को छावनी है, फिर पुलिस पर हिंसा का आरोप लगाना है। एक ही निशाने के लिए बहुत से तीर चलाने हैं। तुम लोगों को भी हमारा साथ निभाना है, सरकार पर दबाव बनाना है और अपनी मांगें मनवाना है।" व्यापारी चौंके। एक ने पूछा, "हुजूर, आपकी मांगों का हमसे क्या संबंध है? हमारी जेब में न तो किसी का इस्तीफा है और न ही हमारे खोसे में सत्ता प्राप्ति का जादू। हमें माफ कीजिए और अपनी गलतफहमी साफ कीजिए।" नेताजी समझाने लगे, 'आप लोग सरकार को कोसिए। मांगें नहीं मानने के कारण ही महारैली होती है। महारैली के चलते बाजार बंद होता है, सड़क जाम होती है। अंततः इस बीमारी की मूल जड़ तो सरकार ही है।"

व्यापारियों ने सिर पकड़ लिया। बोले, "हुजूर-ए-आला, यह त्योहारों का सीजन है। इसका एक दिन भी पूरे साल पर भारी पड़ता है। हमारा धंधा-चौपट हो जाएगा। नेताजी भी झल्लाए। बोले, "आप लोगों का तो धंधा ही चौपट होगा, पर हमारा तो उठा-उठाया मुद्दा ही चौपट हो जाएगा। आप लोग हमारी पीड़ा नहीं समझ रहे हो। हमारी पीड़ा लोकतंत्र की पीड़ा है। सुना है, बारह साल में तो घूरे के भी दिन फिरते हैं। राम का बनवास भी चौदह वर्षों में समाप्त हो गया था, लेकिन हमारा बनवास समाप्त होने का नाम ही नहीं ले रहा।

व्यापारीगण बोले, 'क्य आप इसका बदला बाजार से ले रहे हैं? इस त्योहारी सीजन में हम बच्चों के रोटी-कपड़ा, स्कूल की फीस, दवाई, बिजली और पानी का साल भर का खर्च निकालने का जुगाड़ करते हैं। अगर यह कमाई आपकी महारैली की भेंट चढ़ गई, तो हमारा घर कैसे चलेगा?"

नेताजी ने गर्व से गर्दन ऊंची की और बोले, "अगर ऐसा हुआ तो हमारा रैली करना सार्थक होगा। यही तो हमारी महारैली की सफलता की कसौटी होगी। यदि यह महारैली सफल रही तो हम अगली मेगा रैली की तैयारी शुरू करेंगे।" नेताजी तो दस से मस न हुए तो काम-धंधे वालों को ही कुछ समाधान खोजना होगा।

response@jagran.com



ऊर्जा

संघर्ष

अधिकांश लोग सुख-सुविधासंपन्न आरामदायक जिंदगी को जीवन कहते हैं, किंतु यह परिभाषा जीवन का स्पर्श भी नहीं करती, क्योंकि संघर्ष से जीवन का पुराना रिश्ता है, जिसके बिना न जन्म संभव है, न मृत्यु। फिर जीवन कैसे संभव हो सकता है? जीवन संघर्ष का दूसरा नाम है। अतः संघर्ष से पलायन जीवन से पलायन है, क्योंकि संकल्प की पूर्णता संघर्ष का परिणाम है। अतः इससे डरने की नहीं, मुकाबला करने की जरूरत है। संघर्षरत प्रकृति का हर तत्व यही प्रेरणा देता है। स्वयं तपकर ही पूर्ण ऊर्जा दे पाता है। ठोकरें खाती हुई असंख्य बाधाओं को पार कर नदियां गंतव्य तक पहुंच पाती हैं। स्वयं को गलाकर अंकुरित होने, फिर आजीवन झंझावातों से मुकाबला कर जीवन-रक्षा करने वाले बीज का संघर्ष अभिनंदनीय है। संघर्ष का परिणाम हमेशा सुखद होता है। इसीलिए प्रतिकूल वातावरण की मार खाकर बड़े होने वाले जंगल के पेड़ यथासमय मिलने वाले खाद-पानी से पल्लवित उद्यान-पादपों से कहीं अधिक शक्तिशाली और दीर्घजीवी होते हैं।

संघर्ष की प्रथम दीक्षा परिवार से मिलती है। बाज के अंदर इसकी ताकत उसकी मां पैदा करती है, जो जन्म से ही उसके घोंसले में कांटे बिछाकर जख्म खाने की आदत डाल देती है। यही कठिनाई भावी जीवन की आधारशिला बनती है। श्रम के बिना साधनों की उपलब्धता संघर्ष क्षमता के विकास में सबसे बड़ी बाधा है, जबकि इनका अभाव संघर्ष को जन्म देता है। उन युवाओं में अवसाद अधिक देखने को मिलता है, जिन्हें जन्म से सभी सुविधाएं सुलभ होती हैं। ऐसे लोग थोड़ी मुसीबत में ही जीवन की बाजी हार जाते हैं। वस्तुतः संग एवं हर्ष से निष्पन्न संघर्ष ही इसका उपचार है। जब जीवन की प्रत्येक क्रियाविधि में हर्ष का प्रवेश हो जाता है, तब संघर्ष से पीड़ा नहीं, आनंद का जन्म होता है। फिर संघर्ष से पलायन नहीं, आमंत्रण देने का मन करता है। अतः कहने में अतिशयोक्ति नहीं कि जीवनी शक्ति जीवन में नहीं, संघर्ष में होती है।

डा. सत्याकाश मिश्र

सर्वे का भरोसा

कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दलों ने एसआइआर को बिहार और बंगाल में बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने की कोशिश की थी, लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा। अब उत्तर प्रदेश चुनाव से पहले एसआइआर और चुनाव आयुक्त को फिर से कठघरे में खड़ा करने की कोशिश हो रही है। जिस तरह की आंधी उठी, उसके बाद तो सत्ताधारी दल भाजपा भी थोड़ी सकते में थी, लेकिन दो-तीन राउंड के सर्वे कराने के बाद अब निश्चिंत दिखने लगी है। बताते हैं कि एक-एक सप्ताह के अंतराल पर कई बड़े शहरों में सर्वे कराए गए। पहले सर्वे में लगभग 60 प्रतिशत लोग एसआइआर के पक्ष में थे, जबकि आखिरी राउंड के सर्वे में 85 प्रतिशत लोगों ने एसआइआर का समर्थन किया। दरअसल मामला अब कोर्ट के पाले में है और अब तक कोर्ट ने कोई विपरीत टिप्पणी नहीं की है। सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग की ओर से हलफनामा दिया गया और बताया गया कि सभी फैसले सर्वसम्मति से हुए थे। जाहिर है कि सुप्रीम कोर्ट में कोई झूठा हलफनामा नहीं दिया जा सकता। लिहाजा जैसे-जैसे दिन बीतते जा रहे हैं, लोगों का समर्थन बढ़ता जा रहा है। बताया जाता है कि पिछला सर्वे 50 लाख से ज्यादा आबादी वाले 15 शहरों में किया गया था। अब समय आ गया है कि विपक्षी दल भी एक सर्वे करा ही लें, फिर अपनी पूरी ताकत झोंकें।

राजरंग

अनंत रास्ते

राजनीति में रास्तों का कभी अंत नहीं होता। एक बंद होता है तो दूसरा दिखने लगता है। बिहार के बाहुबली विधायक अनंत सिंह के साथ भी कुछ ऐसा ही होता दिख रहा है। जदयू ने उन्हें बहर का रास्ता दिखा दिया है तो अब उनके लिए राजद का दरवाजा खुलता नजर आ रहा है। विधान परिषद की दो सीटों पर राजद की जीत ने तेजस्वी यादव को नए सिरे से सामाजिक समीकरण साधने का हौसला दिया है। दोनों सीटों पर सवर्ण प्रत्याशियों की जीत के बाद वह फिर से एटूजेड की बात करने लगे हैं। इसी क्रम में अनंत सिंह का नाम आने लगा है। पिछली सरकार में उनकी पत्नी नीलम देवी राजद की विधायक थीं, मगर नीतीश कुमार की सरकार बनाने के लिए ऐन वक्त पर पाला बदलकर जदयू के साथ चली आई थीं। तेजस्वी पर दबाव पड़ने लगा है कि अनंत सिंह से पुरानी कड़वाहट भुलाकर नए समीकरण बनाने पर विचार करें।



न खबर का पता, न किट का

कृषि भवन में एक मंत्रालय का इवेंट था। पत्रकारों को बुलाया गया, लेकिन वहां पहुंचे गिनती के दो-तीन पत्रकार ही। पीआइबी के बड़े अफसर के हाथ-पांव फूल गए। हालांकि इवेंट के बाद 20-25 मीडिया किट की मांग कर दी गई। बताया गया कि इतने पत्रकार आए ही नहीं थे। जवाब मिला, 'हमारे इतने मीडिया वाले हैं, सबको भेजना है।' किट में पापड़, चना सत्तू और किसान समृद्धों की ओर से बनाई गई दूसरी चीजें भरी थीं। अगले दिन मंत्रालय के अफसरों ने अपने वहां आने वाले हर पत्रकार से पूछना शुरू किया, 'मीडिया किट मिली?' सबने एक सुर में कहा, 'कैसी मीडिया किट?' किट कहां गई? किसके पास पहुंची? इन सबकी का जवाब अभी नहीं मिला है।

कौन-कौन सूची में

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भले ही पिछले दिनों देश के करीब 200 वरिष्ठ अधिकारियों के उनके संपर्क में होने और उन्हें सरकार के भीतर की सारी जानकारी देने का बयान देकर चुप्पी ओढ़ ली हो, लेकिन सरकार के भीतर नौकरशाही में चर्चा अभी भी गरम है। वरिष्ठ अधिकारी मजाक-मजाक में ही अपने साथी अधिकारियों से यह पूछ लेते हैं कि आपका नाम तो उन 200 लोगों की सूची में नहीं है? इसके बाद तो ठहाके लगने तय हैं। वैसे, अहम जिम्मेदारियों में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों पर नजरें भी रखी जा रही हैं।



पोस्ट


कांग्रेस माक पार्लियामेंट के द्वारा 'जोकर राजनीति' कर रही है। जब संसद चलती है तो वह हंगामा कर रही होती है।

बालियान@Baliyan_x

ढलती पीटते-पीटते संघ की कब्र खोदने वालों को आखिर यह अहसास क्यों नहीं होता कि संघ की कब्र खोदते-खोदते उनकी कई पीढ़ियां खुद कब्र में समा गईं, लेकिन संघ चरैवेति-चरैवेति के मंत्र और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ता ही जा रहा है। निशांत आजाद@azad_nishant

सेवानिवृत्ति के बाद पूर्व न्यायाधीशों को खुलकर बोलने का पूरा अधिकार है, लेकिन इस स्वतंत्रता के साथ-साथ उस संस्था की विश्वसनीयता की रक्षा करने की जिम्मेदारी भी आती है, जिसकी उन्होंने कभी सेवा की थी।

राहुल देव@rahuldev2



भारत की डिफेंस इकोनमी के विकास का सबसे ज्यादा श्रेय रिलायंस जियो को जाता है। सच कहूं तो जब मुकेश अंबानी जियो की घोषणा कर रहे थे तो लगा था यह भी अन्य प्री लांच जैसा होगा, मगर जियो एक पूरी अर्थव्यवस्था खड़ी कर देगा, सैकड़ों नए स्टार पैदा कर देगा, लाखों का जीवन बदल जाएगा, तब यह नहीं सोचा था। रंगनाथ सिंह@rangnathsingh_

जनपथ

'भोदी कहीं न जाएगा' नारा है दमदार,
कांग्रेसी करने लगे अब तो स्वयं प्रचार।
अब तो स्वयं प्रचार चढ़ेगा बढ़िया पारा,
जब बीजेपी हेतु गढ़ें कांग्रेसी नारा!
सही कह रहे लोग न राहुल लगे विरोधी,
जितना करें विरोध बढ़ें उतना ही मोदी!!

-ओम प्रकाश तिवारी

संस्थापक-स्व.पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान सम्पादक- स्व. नरेन्द्र मोहन, प्रधान सम्पादक -संजय गुप्त

जागरण प्रकाशन लिमिटेड के लिये आनन्द त्रिपाठी द्वारा दैनिक जागरण प्रेस C-5,C-6 & 15 इंडस्ट्रियल एरिया, पाटलिपुत्र, पटना-800013 से मुद्रित एवं मुद्रित, सम्पादक (बिहार/प.बंगाल)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी, स्थानीय सम्पादक - आलोक मिश्रा * दूरभाष :0612-2277071, 2277072, 2277073

E.mail:Patna@pat.jagran.com, R.N.I. NO. BIHHIN/2000/03097* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी पटना जीपीओ रजि नं. R-10/NP-18/14-16 समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे। वर्ष 27 अंक 199



मतदान लोकतांत्रिक समाज में सबसे शक्तिशाली अहिंसक साधन है। हमें इसका उपयोग अवश्य करना चाहिए।
-जॉन लुईस

राष्ट्रपति ट्रंप ने मध्यावधि चुनाव तक ईरान पर हमला नहीं करने की बात कहकर जंग रोक दी है। उन्हें अभी सबसे बड़ा खतरा तेहरान से नहीं, वाशिंगटन से है। उनकी लोकप्रियता में भारी गिरावट आई है। जंग को ऐसे रोक दिया, जैसे किसी ने नेटफ्लिक्स शो को रोक दिया हो। हर नेता सोचता है कि जंग वोट दिलाती है, मगर बीता हुआ वक्त कहता है कि जंग वोट छीनती है। और, जो नेता जंग को चुनाव के हिसाब से चलाते हैं, उनका हश्र क्या होता है, यह देखने वाली बात है।



जंग और वोट

मध्यावधि चुनाव तक ट्रंप ने जंग स्थगित कर दिया। लेकिन, सवाल वही है-क्या जंग वोट के लिए रुकती है, या वोट जंग रोकता है? लिंकन का जवाब था-जंग सही हो, तो रुकती नहीं, चाहे वोट जाएं। ट्रंप का जवाब है-सब कुछ रुकता है। पहले वोट। इतिहास बताएगा कि कौन सही था।



अंशुमान तिवारी
वरिष्ठ लेखक-पत्रकार

आठ अक्तूबर, 2026... ट्रुथ सोशल। ट्रंप ने लिखा, 'हम तीन नवंबर को होने वाले मध्यावधि चुनाव से पहले ईरान पर हमला नहीं करेंगे।' बस एक पोस्ट। जंग रुक गई- बम से नहीं, वोट से। ईरान की जंग को आठ महीने हो चुके हैं। 37 अरब डॉलर खर्च। होर्मुज बंद है। गोला-बारूद खत्म हो रहा है। मगर, ट्रंप को अभी सबसे बड़ा खतरा तेहरान से नहीं, वाशिंगटन से है। एपी नॉर्क का सर्वे आया। ट्रंप की लोकप्रियता 31 प्रतिशत। कुक *पॉलिटिकल* रिपोर्ट कहती है- डेमोक्रेट्स हाउस में पांच से 15 सीटें छीन सकते हैं। निर्दलीय मतदाता (57 बनाम 32) डेमोक्रेट्स की तरफ। राष्ट्रपति ट्रंप ने जंग को 'पांच' कर दिया। जैसे किसी ने नेटफ्लिक्स का शो रोक दिया हो।

एक और तमाशा हुआ। ट्रंप ने पुतिन से सौदा किया रूसी डीजल खरीदने के लिए। प्रतिबंध अप्रैल, 2027 तक स्थगित। यही ट्रंप हैं, जिन्होंने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया, क्योंकि भारत रूसी तेल खरीद रहा था। पीटर नवारो ने भारत को 'क्रेमलिन की लॉन्ड्री' कहा था। अब खुद वही कपड़े धो रहे हैं। काटो इंस्टीट्यूट के स्कॉट लिंसिकम ने पूछा, 'क्या अमेरिका, अमेरिका पर ही टैरिफ लगाएगा?'

टाइम मशीन में विराजिए। जंग और चुनाव का रिश्ता बहुत पुराना है? हर नेता सोचता है कि जंग वोट दिलाती है, मगर बीता हुआ वक्त कहता है कि जंग वोट छीनती है। और, जो नेता जंग को चुनाव के हिसाब से चलाते हैं, उनका हश्र क्या होता है, इसे देखने के लिए हम उड़ चले हैं।

आइए,19वीं सदी के छठे दशक की ओर। 1862। अमेरिका। गृहयुद्ध। अब्राहम लिंकन। अमेरिका दो टुकड़ों में बंटा है। गृहयुद्ध डेढ़ साल पुराना हो गया है। संघीय सेना हार रही है। शव बोरियों में भरकर लौट रहे हैं। मध्यावधि चुनाव आ रहे हैं। लिंकन के सलाहकारों ने कहा, जंग धीमी करो। लोग थक गए हैं। वोट बचाओ। जंग से ज्यादा जरूरी है चुनाव जीतना। लिंकन ने क्या किया? जंग नहीं रोकी। चुनाव से दो महीने पहले (सितंबर 1862) दासता-मुक्ति की घोषणा जारी की। गुलामी खत्म। यह अमेरिका के इतिहास का सबसे क्रांतिकारी फैसला था, जो ठीक चुनाव से पहले हुआ। जंग के असर से रिपब्लिकन ने सीटें गंवाईं? हां। मगर, लिंकन ने जंग को चुनाव के लिए नहीं रोका। उन्होंने कहा कि अगर मेरा नाम इतिहास में आएगा, तो इसी काम से। दो साल बाद, लिंकन फिर जीते और गुलामी हमेशा के लिए खत्म हुई। जो नेता सही काम करते हैं, इतिहास उनके प्रति निर्मम नहीं होता। लिंकन जंग न रोककर भी इतिहास की किताबों में महान हो गए।

टाइम मशीन
अतीत से सुनें वर्तमान की धड़कन ■ हर पखवाड़े

अब चलिए 1945 की तरफ। ब्रिटेन। विंस्टन चर्चिल। दुनिया का सबसे मशहूर चेहरा। हिटलर को हराया। ब्रिटेन को बचाया। मई 1945। जर्मनी ने समर्पण किया। चर्चिल विजेता हैं। दुनिया उनके कदमों में है। जुलाई 1945-चुनाव। चर्चिल हारे। बुरी तरह। क्लेमेंट एटली को 145 सीटों का बहुमत। एटली, जिनका नाम कोई नहीं जानता था, ने दूसरे विश्वयुद्ध के हीरो को धूल चटा दी। चर्चिल ने कहा कि मतदाताओं ने मुझे 'ऑर्डर ऑफ द बूट' दिया। क्यों हारे? क्योंकि जनता ने कहा, जंग जीतना एक बात है, लोगों की जिंदगी बेहतर करना दूसरी बात। हमें घर चाहिए, नौकरी चाहिए, अस्पताल चाहिए। चर्चिल जंग के नेता थे, शांति के नहीं। सबक-सिर्फ जंग जीतना काफी नहीं। अगर लोग भूखे हैं, बेरोजगार हैं, थके हैं, तो विजेता को भी हरा देते हैं।

अब टाइम मशीन उड़ चली है 1966 की ओर। हम अमेरिका में हैं। सामने दिख रहे हैं लिंडन बी जॉनसन। 1964 में जबर्दस्त जीत मिली। सिविल राइट्स, मेडिकेयर, गरीबी के खिलाफ जंग। जॉनसन ने 'ग्रेट सोसाइटी' को अमेरिका का सपना बनाया। फिर, वियतनाम उनकी सियासत को निगल गया। 1966 तक पांच लाख अमेरिकी सैनिक वियतनाम में। हर हफ्ते शव लौटते। टीवी पर जंग दिखती और लोग पूछते किसलिए? मध्यावधि चुनाव 1966 में डेमोक्रेट्स ने हाउस में 47 सीटें गंवाईं। तीन सीनेट सीटें गईं। उस चुनाव में कौन-कौन जीता था? रोनाल्ड रीगन-कैलिफोर्निया के गवर्नर बने। जॉर्ज बुश सीनियर-कांग्रेसमैन बने। स्पाइरो एग्न्यू- मेरीलैंड के गवर्नर बने, बाद में निक्सन के उपराष्ट्रपति। वियतनाम की जंग ने रिपब्लिकन नेताओं की एक पूरी पीढ़ी पैदा की, जो डेमोक्रेट्स की चुनावी हार की राख से उठे थे।


अब्राहम लिंकन

अब चलते हैं पेरिस। साल है 1972। यहां आप एक ऐसे घटनाक्रम के गवाह होंगे, जो ट्रंप की ईरान युद्ध वाली चुनावी घोषणा से सबसे ज्यादा मिलती-जुलती है। निक्सन राष्ट्रपति हैं। चुनाव सात नवंबर को। वियतनाम अभी जल रहा है। और, 26 अक्तूबर को, चुनाव से ठीक 12 दिन पहले हेनरी किसिंजर प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोले-शांति करीब है। अमेरिका ने राहत की सांस ली। निक्सन की जबर्दस्त जीत। रिपब्लिक ने 49 राज्य जीते। इतिहास की सबसे बड़ी जीतों में से एक। मगर किसिंजर ने जिस शांति के करीब आने की बात की थी, उसमें तीन साल और लगे। दिसंबर 1972 में निक्सन ने हनोई पर बमबारी की-ऑपरेशन लाइनबैकर टू। 20,000 टन बम। फिर जनवरी, 1973 में पेरिस समझौता हुआ, जो असल में हार की शर्तें थीं, शांति के कपड़ों में। किसिंजर का 'शांति करीब है' चुनावी जुमला था। जंग और तीन साल चली। 20,000 और अमेरिकी सैनिक मरे। जब नेता जंग को चुनाव के हिसाब से चलाते हैं, सैनिक मरते हैं, वोट बचता है।


विंस्टन चर्चिल

अब 2006 को देखिए। आपके सामने हैं जॉर्ज बुश। 'मिशन अकम्प्लिश्ड'-2003 में विमानवाहक पोत पर बैनर लगा। दावा हुआ, जंग जीत ली। मगर, जंग खत्म नहीं हुई। 2006 तक इराक गृहयुद्ध में जल रहा था। अमेरिकी सैनिक मर रहे थे-किसलिए, कोई नहीं बता पा रहा था। सामूहिक विनाश के हथियार कभी नहीं मिले। फिर, 2006 का मध्यावधि चुनाव आया। रिपब्लिकन ने चुनाव में दोनों सदन गंवाए। नैन्सी पेलोसी स्पीकर बनीं-पहली महिला। बुश ने डोनाल्ड रम्सफेल्ड को अगले दिन बर्खास्त कर दिया। राजनीतिक विश्लेषक कह रहे हैं, 2026 में भी 2006 जैसा हो सकता है। वही पैटर्न। जंग खत्म नहीं होती। खर्चा बढ़ता जाता है। शव लौटते हैं और राष्ट्रपति कहते हैं, बस कुछ हफ्ते और।

टाइम मशीन वापस लौट रही है। ट्रंप ने जंग 'पांच' कर दी, मध्यावधि चुनाव तक। वही काम, जो किसिंजर ने 1972 में किया-'शांति करीब है' कहकर वोट बटोरे। मगर किसिंजर की शांति तीन साल दूर थी। अस्सी साल का इतिहास कहता है-ट्रंप की पार्टी ने 39 में से 36 मिडटर्म में सीटें गंवाईं हैं। जंग के वक्त और भी बुरा हाल रहा। सवाल वही है, क्या जंग वोट के लिए रुकती है, या वोट जंग रोकता है? लिंकन का जवाब था-जंग सही हो तो रुकती नहीं, चाहे वोट जाएं। ट्रंप का जवाब है-सब कुछ रुकता है। पहले वोट। इतिहास बताएगा कि कौन सही था।


फिर मिलते हैं अगले सफर पर...

जानना जरूरी है
संस्कृति के पन्नों से



आशुतोष गर्ग
लेखक एवं अनुवादक

मोह के कारण ब्राह्मण बना तोता



ज्ञान व वैराग्य को भूलकर ब्राह्मण अपने तोते की याद में रोता रहता था। मृत्यु के समय भी उसके मन में उसकी ही भावना थी। इसी कारण उसे तोते की योनि प्राप्त हुई।

एक दिन महर्षि च्यवन ने कुंजल नामक शुक पक्षी से पूछा, 'क्या आप कोई देवता, गंधर्व या विद्याधर हैं, जो पक्षी की योनि में रहते हुए भी इतना गहन ज्ञान रखते हैं? आपको यह दिव्य दृष्टि कैसे प्राप्त हुई और किस शाप के कारण आपको तोते के रूप में जन्म लेना पड़ा?' कुंजल ने महर्षि च्यवन को अपने पूर्वजन्म का वृत्तांत सुनाना आरंभ किया।

वह कश्यप गोत्र में उत्पन्न विद्वान ब्राह्मण विद्याधर का सबसे छोटा पुत्र धर्मशर्मा था। उसके दोनों बड़े भाई वेद-शास्त्रों के ज्ञाता और सदाचारी थे, लेकिन धर्मशर्मा को पढ़ने-लिखने में कोई रुचि नहीं थी। वह गुरु के आश्रम में जाकर परिश्रम करने के बजाय स्वतंत्रतापूर्वक खेलने, खाने और सोने को ही सुख मानता था। पिता ने उसे बार-बार समझाया कि विद्या आरंभ में कठिन अवश्य लगती है, पर वही सुख, यश, ज्ञान व मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। फिर भी, धर्मशर्मा ने उनकी बात नहीं मानी। जब लोग उसका उपहास करने लगे और उसे अपनी अज्ञानता का बोध हुआ, तब तक उसकी आयु काफी बढ़ चुकी थी। अब वह सोचने लगा कि इस अवस्था में कौन उसे विद्या सिखाएगा और वह ज्ञान कैसे प्राप्त करेगा।

धूप आने दो

एक दिन वह इसी चिंता में डूबा एक देवालय में बैठा था। तभी वहां एक सिद्ध महात्मा आए। धर्मशर्मा ने उनके चरणों में प्रणाम करके अपनी मूर्खता और अज्ञान का पूरा वृत्तांत सुनाया तथा उनसे सर्वज्ञता प्राप्त करने का उपाय पूछा। महात्मा ने समझाया कि वास्तविक ज्ञान का कोई भौतिक आकार नहीं होता। वह परमात्म तत्व का स्वरूप है, जो समस्त प्राणियों के हृदय में विद्यमान रहता है। इंद्रियों और बाहरी साधनों से उसका पूर्ण साक्षात्कार नहीं हो सकता; वह विवेक, आत्मचिंतन और भगवत तत्व के मनन से प्रकट होता है। जब मनुष्य कामना, मोह और इंद्रिय-विषयों की आसक्ति को त्यागकर शांति धारण करता है, तब उसके भीतर ज्ञान का प्रकाश फैलने लगता है।

● उन्होंने आगे कहा, इसलिए उसे मित्र व शत्रु के प्रति समान भाव रखना चाहिए, अपने और दूसरों के सुख-दुख को समान दृष्टि से देखना चाहिए तथा एकांत में साधना करनी चाहिए।

धर्मशर्मा ने गुरु की आज्ञा का पालन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने लगा।

गुरु की कृपा से उसका अंतःकरण निर्मल हुआ और उसे ऐसी दिव्य दृष्टि प्राप्त हुई कि वह एक ही स्थान पर बैठे-बैठे तीनों लोकों में घटित होने वाली घटनाओं को जानने लगा। इसके बाद महर्षि च्यवन ने कुंजल से पूछा, 'इतना ज्ञान प्राप्त करने के बाद भी आपको तोते की योनि क्यों मिली।' उसने कहा कि एक दिन एक व्याध तोते का एक सुंदर बच्चा बेचने के लिए लाया। एक ब्राह्मण ने उसे खरीदकर कुंजल को प्रसन्न करने के उद्देश्य से भेंट कर दिया। वह तोता मीठी बोली बोलता और कुंजल से खूब बातें किया करता।

एक दिन कुंजल वन में फल-फूल लेने गया हुआ था। इसी बीच एक बिलाव आया और तोते को मारकर खा गया। इस घटना से कुंजल को गहरा आघात पहुंचा। गुरु से प्राप्त ज्ञान और वैराग्य को भूलकर, वह तोते को याद करते हुए निरंतर रोता रहता। अंततः उसकी मृत्यु हो गई। मृत्यु के समय उसके मन में तोते की ही भावना थी। उसी अंतिम चिंतन के प्रभाव से उसे अगले जन्म में तोते की योनि प्राप्त हुई। परंतु, गर्भवास के दौरान पूर्वजन्म के ज्ञान का पुनः स्मरण हो जाता है। कुंजल को भी गर्भ में अपनी भूल का बोध हुआ। गुरु के उपदेश की स्मृति जाग्रत होने पर उसका अंतःकरण फिर निर्मल हो गया और उसे ज्ञान प्राप्त हुआ। इसी ज्ञान के प्रभाव से वह भूत, वर्तमान और भविष्य की घटनाओं को जानने में समर्थ हो गया।

अंत में कुंजल ने महर्षि च्यवन से कहा कि संसार में गुरु के समान बंधनों को काटने वाला दूसरा कोई तीर्थ नहीं है। सामान्य जल केवल शरीर का बाहरी मैल धो सकता है, लेकिन गुरु के ज्ञानरूपी उपदेश से जन्म-जन्मांतर के पाप और अज्ञान नष्ट हो सकते हैं।

असंतोषः परं दुखं संतोषः परमं सुखम्।
सुखार्थी पुरुषस्तस्मात् संतुष्टः सततं भवेत्॥

असंतोष सबसे बड़ा दुख है और संतोष सबसे बड़ा सुख। इसलिए, सुख की इच्छा रखने वाले मनुष्य को सदैव संतुष्ट रहना चाहिए।
-पद्मपुराण (सृष्टि खण्ड-19.261)

प्रस्तुति : शास्त्री कोसलेंद्रदास

कसरत करना चाहते हैं, पर समय नहीं मिलता

क्या आपकी नौकरी में ज्यादातर समय डेस्क पर बैठकर गुजरता है और दिन के अंत में थकान और शरीर में जकड़न महसूस होती है? आप कसरत को दिनचर्या में शामिल करना चाहते हैं, लेकिन सोचते हैं कि समय कहां से निकालें। व्यवहार मनोवैज्ञानिक डेनियल बोल्स के मुताबिक, इस स्थिति को देखने का नजरिया बदलकर आप व्यायाम के प्रति अपनी सोच बदल सकते हैं। आप यह सोचने के बजाय कि दिनभर की थकान के बाद कसरत करना मुश्किल है, यह सोच सकते हैं कि अब शरीर को हिलाने-डुलाने का समय है। परिस्थितियां वही रहती हैं, बस उन्हें देखने का नजरिया बदल जाता है।

2021 के एक अध्ययन के मुताबिक, जिन लोगों को व्यायाम के दौरान आनंद लेने, तनाव दूर करने और दूसरों को चुनौती देने के बारे में सोचने के लिए कहा गया, उनके बीच में एक्सरसाइज क्लास छोड़ने की आशंका उन लोगों से कम थी, जिन्हें सिर्फ व्यायाम के स्वास्थ्य लाभ बताए गए थे। वहीं, 2023 में स्टैनफोर्ड की शोधार्थी ऑक्टेविया हेडविग जार्ट के अध्ययन में पाया गया कि कम कदम दिखाने वाले ट्रैकर इस्तेमाल करने वालों का ब्लड प्रेशर, हार्ट रेट और खानपान बिगड़ा। इसे 'व्हाट द हेल इफेक्ट' कहते हैं, जिसमें एक जगह नाकामी का एहसास होने पर व्यक्ति दूसरी अच्छी आदतें भी छोड़ देता है। इसके विपरीत, सही या अधिक कदम देखने वालों की एरोबिक क्षमता, खानपान और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार हुआ। यूनिवर्सिटी ऑफ यूटा के पॉल एस्टाबूक्स के अनुसार, सक्रिय जीवनशैली को अपनी पहचान का हिस्सा बनाना जरूरी है। वास्केटबॉल टीम में शामिल होना या दोस्तों के साथ नियमित रूप से टहलना इसमें मदद कर सकता है।

अगर आप भी इसी समस्या से जूझ रहे हैं, तो आपको बस स्थिति को देखने का नजरिया बदलने की जरूरत है।


क्रिस्टी एशवांडेन


वहीं, सोशल साइकोलॉजिस्ट बास वेरप्लैंकेन के मुताबिक, ऐसी व्यवस्था बनाएं कि व्यायाम करना आदत बन जाए। इसके लिए रात में ही वर्कआउट के कपड़े निकालकर रखें, घर लौटते समय जिम के रास्ते से जाएं या किसी पड़ोसी के साथ रोजाना टहलने का समय तय करें। साथियों का सहयोग भी नियमितता बनाए रखने में मदद करता है। डॉ. जार्ट साइकिल से काम पर जाने और टहलते हुए मीटिंग करने जैसी गतिविधियों को महत्व देती हैं। उनके अनुसार, फिटनेस केवल जिम में पसीना बहाने तक सीमित नहीं है, घर की सफाई भी महत्वपूर्ण हो सकती है।

©The New York Times 2026

अध्ययन कक्ष

सब कुछ आपके दिमाग में है

सोशल मीडिया और जेन-जी वाले दौर में जब हर हरकत ट्रेंड बनने लगी हो, तब हाल ही में प्रकाशित यह बेस्टसेलर बताती है कि जो कुछ भी दिमाग से निकल रहा है, वह सब सहेजने लायक नहीं। ये मानसिक बीमारी के संकेत भी हो सकते हैं।



ऑल इन योर हेड: इलनेस ऐज आइडेंटिटी, ट्रॉमा ऐज फैशन एंड द डिजायर टू बी डिसऑर्डर्ड

लेखक : फ्रेडरिक डीबोर

प्रकाशक : साइमन एंड शूस्टर
मूल्य : 2,998 रुपये (हार्डकवर)

फ्रेडरिक डीबोर की किताब *ऑल इन योर हेड* गंभीर मानसिक बीमारी और उसे लेकर समाज के बदलते रवैये पर एक बेहद ईमानदार और तीखा विश्लेषण पेश करती है। लेखक खुद लंबे समय तक 'बाइपोलर डिसऑर्डर' जैसी गंभीर बीमारी से जूझ चुके हैं और पागलखानों के चक्कर काट चुके हैं। यह किताब उनके अपने जीवन के दर्दनाक अनुभवों का निचोड़ है, जो इस बात पर प्रकाश डालती है कि कैसे मानसिक बीमारी को लेकर आज भी हमारी समझ बहुत सतही है।


लेखक का सबसे बड़ा और कड़ा हमला आज के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर है, जहां जेन-जी के दौर में मानसिक बीमारी को एक 'फैशन', 'ट्रेंड' या 'कूल स्टेटस सिंबल' की तरह पेश किया जा रहा है। आज के युग में, जब इन्सान की हर छोटी-बड़ी हरकत, हर अजीब व्यवहार और हर क्षणिक मूड स्विंग तुरंत एक रील, मीम या 'ट्रेंड' में तब्दील हो जाता है, तब हाल ही में प्रकाशित यह किताब समाज के लिए एक अनिवार्य दस्तावेज बन जाती है। यह एक जरूरी और तीखा विश्लेषण सामने रखती है कि जो कुछ भी इन्सानी दिमाग से निकल रहा है, वह सब सहेजने, मानने या सोशल मीडिया पर वायरल करने लायक नहीं है, बल्कि इनमें से बहुत-सी चीजें किसी गंभीर मानसिक बीमारी के शुरुआती संकेत हो सकते हैं। इंटरनेट पर ध्यान और सहानुभूति बटोरने की होड़ में लोग 'न्यूरोडायवर्जेंट' जैसे शब्दों का सहारा लेकर छोटी-मोटी समस्याओं या बनावटी व्यवहार को गंभीर मानसिक बीमारी का रूप दे देते हैं, जिससे उन असली मरीजों का नुकसान होता है, जो सचमुच अपनी जिंदगी में तबाही झेल रहे हैं।

किताब में ऐतिहासिक नीतियों का विश्लेषण करते हुए बताया गया है कि 1960 के दशक से शुरू हुए 'वि-संस्थाकरण' के आंदोलन, जिसका मकसद मानसिक अस्पतालों को बंद करके मरीजों को समाज में आजादी देना था, ने अनजाने में स्थिति को और बदतर कर दिया। सही सरकारी व सामाजिक व्यवस्था न होने के कारण लाखों गंभीर मरीज सड़कों पर बेघर घूम रहे हैं या जेलों में सड़ रहे हैं। इसके साथ ही, मरीजों के नागरिक अधिकारों और आजादी की रक्षा के लिए बनाए गए कानूनों ने डॉक्टरों के हाथ इस कदर बांध दिए हैं कि वे अब किसी गंभीर मरीज को तब तक जबरन भर्ती नहीं कर सकते, जब तक वह खुद को या दूसरों को कोई बड़ा नुकसान न पहुंचा दे।

इसके समाधान के लिए लेखक दो मुख्य सुझाव देते हैं; पहला यह कि सभी के लिए मानसिक स्वास्थ्य का इलाज और दवाइयां पूरी तरह मुफ्त की जाएं। दूसरा यह कि डॉक्टरों को दोबारा यह अधिकार दिया जाए कि वे समाज और खुद मरीज की भलाई के लिए उन्हें उनकी मर्जी के बिना भी अस्पताल में भर्ती कर सकें।

संक्षेप में कहें तो, यह किताब मानसिक बीमारी के इर्द-गिर्द बुने गए खोखले हैशटैग्स और झूठी सहानुभूति के परदों को हटाती है। यह पुस्तक मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में चल रही बहस को एक नई, व्यावहारिक और बेहद जरूरी दिशा देती है।

आभियान



हमारे पास दो कान और एक मुंह है, ताकि हम जितना बोलते हैं, उससे दोगुना सुन सकें।

- एपिक्टेटस, महान यूनानी दार्शनिक

amarujala.com
अमर उजाला

Hindi@mithelesh
■ मिथिलेश बारिया

गोल चबूतरा



बाम की खाली शीशी बताती है,
मां ने बहुत कुछ छिपाया मुझसे...

उसे भूलने की आदत थी,
मुझे यह याद न रहा...

कुछ लफ्ज लिखे थे कभी तुम्हारे लिए,
कमबख्त आज भी खुद को शेर समझते हैं...

भाप के पहियों पर सवार हुआ नया भारत

1950 में आज के ही दिन पश्चिम बंगाल के चित्तरंजन स्थित चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स (सीएलडब्ल्यू) में देश का पहला भाप इंजन तैयार किया गया था। डब्ल्यूजी श्रेणी के इस भाप इंजन का पंजीकरण नंबर 8401 था। इस उपलब्धि ने भारतीय रेलवे को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया। आजादी के बाद भारत के सामने रेलवे के विस्तार और आधुनिकीकरण की बड़ी चुनौती थी। उस समय रेल परिवहन देश की अर्थव्यवस्था, औद्योगिक विकास और लोगों की आवाजाही का प्रमुख साधन था। इंजनों के लिए विदेशों पर निर्भरता कम करना जरूरी था। इसी उद्देश्य से चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स की स्थापना की गई थी। भाप इंजन के निर्माण ने देश में रेल इंजन उत्पादन की संभावनाओं को नई दिशा दी। यह उपलब्धि केवल एक औद्योगिक सफलता नहीं थी, बल्कि स्वदेशी तकनीक और इंजीनियरिंग क्षमता का प्रतीक भी बनी। समय के साथ भारतीय रेलवे ने भाप इंजनों से डीजल और फिर विद्युत इंजनों तक का लंबा सफर तय किया। चित्तरंजन आज भी भारतीय रेल के औद्योगिक इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

झरोखा
01 नवंबर

■ सुजीत कुमार, दिल्ली

शूटिंग से पहले कुछ शरारत



यह तस्वीर 1969 में तब की है, जब फिल्म 'जहां प्यार मिले' के सेट पर शूटिंग से पहले अभिनेता शशि कपूर और अभिनेत्री हेमा मालिनी हंसी-ठिठोली कर रहे थे।

■ रवि खन्ना, मंडी

छायानट

61 बार नारद बने हर बार याद रह गए

हिंदी सिनेमा के मशहूर खलनायक जीवन ने अपनी दमदार आवाज और अनोखी अदाकारी से दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी। उनका असली नाम ओमकार प्रकाश सहगल था। अभिनय के



जुनून में 18 वर्ष की उम्र में वह महज 26 रुपये लेकर घर से निकल पड़े और मुंबई (तब बंबई) पहुंच गए। शुरुआत में स्टूडियो में रिफलेक्टर बाँध का काम किया। वर्ष 1935 की फिल्म 'फैशनेबल इंडिया' से उनके अभिनय सफर को पहचान मिली। 300 से अधिक फिल्मों में काम करने वाले जीवन ने खलनायक के साथ कई यादगार सहायक भूमिकाएं भी निभाईं, लेकिन नारद मुनि के किरदार ने उन्हें घर-घर में लोकप्रिय बना दिया। जीवन ने एक टॉक शो में बताया था कि उन्होंने 61 बार नारद मुनि की भूमिका निभाई। उनका अभिनय इतना प्रभावशाली था कि लोग उन्हें वास्तविक जीवन में भी नारद मुनि समझने लगे। इस किरदार से उनकी पहचान ऐसी जुड़ी कि आज भी सिनेमाई परदे के नारद मुनि की कल्पना करने पर उनका ही चेहरा याद आता है।

■ नवनीत कुमार, जम्मू

आतिशबाजी का कारोबार जितना आकर्षक है, उससे कहीं अधिक जोखिम भरा भी है। सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर रिहायशी इलाकों और बाजारों के आस-पास पटाखों का अवैध भंडारण कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है।

आबादी के बीच बारूद का भंडार क्यों?

लापरवाही जानलेवा है



आतिशबाजी जैसी संवेदनशील और ज्वलनशील सामग्री के भंडारण एवं परिवहन के लिए कड़े सुरक्षा मानकों का पालन करना अनिवार्य है। इसके लिए प्रशासनिक अनुमति के साथ विस्फोटक विभाग की निर्धारित गाइडलाइन का अनुपालन भी जरूरी है। इसके बावजूद अधिकांश इलाकों में इन नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। कई स्थानों पर बिना उचित अनुमति के पटाखों का भंडारण और कारोबार धड़ल्ले से जारी है। अवैध पटाखा गोदामों के निर्माण, भूमि उपयोग, फायर लाइसेंस, भंडारण क्षमता और सबसे महत्वपूर्ण अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े होते रहे हैं। ग्रामीण और शहरी रिहायशी इलाकों के साथ ही मुख्य बाजारों के नजदीक बारूद और पटाखों का इस तरह अवैध संग्रह लोगों की जान-माल के लिए बड़ा खतरा है। जरा-सी लापरवाही या चिंगारी किसी बड़े विस्फोट और भीषण आग का कारण बन सकती है।

चिट्ठी 1

ऐसी घटनाओं में न केवल गोदाम, बल्कि आस-पास के मकान और दुकानें भी इसकी चपेट में आ सकते हैं। हैरानी की बात यह है कि इतना संवेदनशील मामला होने के बावजूद स्थानीय प्रशासन और पुलिस के जिम्मेदार अधिकारी कई बार मौन साधे रहते हैं। उनकी निष्क्रियता से अवैध कारोबार करने वालों के हौसले बुलंद होते हैं और नियमों की अनदेखी का सिलसिला जारी रहता है। ऐसे में प्रशासन को तत्काल सक्रिय होकर अवैध गोदामों की पहचान करनी चाहिए। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है। समय रहते उठाए गए कदम ही किसी संभावित बड़े हादसे को रोक सकते हैं।

■ रौलेंद्र कुमार चतुर्वेदी, फिरोजाबाद

सोशल मीडिया से टूटता सामाजिक ताना-बाना

सस्ते इंटरनेट और स्मार्टफोन ने भारत में सूचना और संवाद को आम लोगों तक पहुंचाया है, लेकिन इसके साथ नफरत, अफवाह और सामाजिक ध्रुवीकरण का खतरा भी तेजी से बढ़ा है। जिस तकनीक को लोगों को जोड़ना था, वही अब दूरियां बढ़ाने का माध्यम बनती जा रही है। सोशल मीडिया मंचों का कारोबारी मॉडल एंगेजमेंट पर आधारित है। इनके एल्गोरिदम शांत और तार्किक संवाद की अपेक्षा उग्र, उत्तेजक और विभाजनकारी सामग्री को अधिक प्रसारित करते हैं, क्योंकि ऐसी सामग्री ज्यादा क्लिक और राजस्व जुटाती है। नतीजतन, लोग अपनी विचारधारा के अनुकूल सूचनाओं के दायरे में सिमटते जा रहे हैं। असहमति की जगह कटुता और संवाद की जगह पहचान आधारित हमले बढ़ रहे हैं।

चिट्ठी 2

सोशल मीडिया पर फैलने वाले फर्जी वीडियो, भ्रामक तस्वीरें और नफरती संदेश अब आभासी दुनिया तक सीमित नहीं हैं। इस चुनौती से निपटने के लिए नफरती भाषण पर निष्पक्ष कानूनी कार्रवाई, सोशल मीडिया कंपनियों के एल्गोरिदम में पारदर्शिता और जवाबदेही जरूरी है। साथ ही नागरिकों में डिजिटल विवेक विकसित करना होगा, ताकि बिना जांचे-परखे कोई संदेश आगे न बढ़ाया जाए। आखिर तकनीक मानव विवेक का विकल्प नहीं हो सकती।

■ लक्ष्मण पुंडीर, श्रीनगर गढ़वाल

प्रकृति से छेड़छाड़ दुनिया को पड़ रही भारी

प्राकृतिक आपदाओं का बढ़ता प्रकोप पूरी दुनिया के लिए गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। हाल ही में बंगाल की खाड़ी से उठे शक्तिशाली चक्रवाती तूफान 'अंबर' ने देश के कुछ राज्यों को प्रभावित किया। हालांकि इस बार तूफान से जान-माल का नुकसान अपेक्षाकृत कम हुआ। वहीं, मानसून के दौरान भी देश के कई हिस्सों में बारिश कम हुई। इसके पीछे अल नीनो को एक प्रमुख कारण बताया गया। अल नीनो की स्थिति में प्रशांत महासागर के भूमध्यरेखीय क्षेत्र का पानी सामान्य से अधिक गर्म हो जाता है, जिसका असर वैश्विक मौसम चक्र पर पड़ता है। जब भी कोई प्राकृतिक आपदा भारी तबाही मचाती है, तब यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि विज्ञान की तमाम उपलब्धियों के बावजूद इन्सान प्रकृति के सामने कितना असहाय है।

चिट्ठी 3

ग्लोबल वार्मिंग, ग्लेशियरों का पिघलना और अनियमित बारिश जैसी समस्याएं पर्यावरण के असंतुलन की गंभीर चेतावनी हैं। इनमें मानवीय गतिविधियों की भी बड़ी भूमिका है। पर्यावरण संकट किसी एक देश की समस्या नहीं है, इसलिए इसके समाधान के लिए पूरी दुनिया को एकजुट होना होगा। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों से बचते हुए इसके संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। आखिर प्रकृति की रक्षा ही मानव सभ्यता के सुरक्षित भविष्य की गारंटी है।

■ राजेश कुमार चौहान, जालंधर

इनकी चिट्ठियां भी सराहनीय रहीं

दिल्ली से रवितव्या, बरेली से सीमा गुप्ता, भिवानी से मनोज तिवारी, आजमगढ़ से प्रवतीश कुमार गुप्ता, इंदौर से डॉ. महेंद्रकुमार जैन 'मनुज' और अमृतलाल मारू 'रवि', वड़ावली से डॉ. विकास पंडित, झाबुआ से अरविंद रावत, देवास से हरिप्रसाद चौरसिया, शाजापुर से मनमोहन राजावतराज, सूरत से कांतिलाल मांडोत।

हमें लिखें
abhiyan@amarujala.com

कुछ अलग



जहां ईमानदारी ही दुकानदार है

स्विट्जरलैंड में एक ऐसी जगह है, जहां की दुकानों से सामान लेकर ग्राहक उसकी कीमत एक डिब्बे में रखकर चले जाते हैं।

दुनिया में खरीदारी के लिए आम तौर पर दुकानदार, बिलिंग काउंटर और भुगतान की व्यवस्था जरूरी मानी जाती है। लेकिन यूरोप के खूबसूरत देश स्विट्जरलैंड के आल्प्स पर्वतीय क्षेत्र में कुछ ऐसी छोटी दुकानें भी हैं, जहां न कोई दुकानदार मौजूद होता है और न ही ग्राहकों पर नजर रखने वाला कोई व्यक्ति। इसके बावजूद यहां खरीदारी ईमानदारी और आपसी विश्वास के आधार पर होती है। ये दुकानें समाज में भरोसे और नैतिक मूल्यों की एक अनूठी मिसाल पेश करती हैं।

स्विट्जरलैंड के ग्रामीण इलाकों में स्थित इन दुकानों को अक्सर 'ऑनेस्ट शॉप्स' कहा जाता है। यहां स्थानीय किसान अपने खेतों और डेयरी फार्मों में तैयार ताजा उत्पाद बिक्री के लिए रखते हैं। इन उत्पादों में रोजमरी की चीजें शामिल होती हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के साथ-साथ यहां घूमने आने वाले पर्यटक भी इन दुकानों से खरीदारी कर सकते हैं। इन दुकानों की सबसे खास बात इनकी सरल व्यवस्था है। किसान अपने पशुओं की देखभाल और खेती के काम में व्यस्त रहते हैं, इसलिए हर समय दुकान पर मौजूद नहीं रह सकते। ग्राहक अपनी जरूरत के अनुसार सामान चुनते हैं, उसकी निर्धारित कीमत एक छोटी टोकरी या रखे हुए डिब्बे में छोड़ देते हैं। कई जगह भुगतान के लिए स्वयं सेवा की व्यवस्था होती है। इस पूरी प्रक्रिया में ग्राहक की ईमानदारी को सबसे अधिक महत्व दिया जाता है। इन दुकानों का महत्व केवल स्थानीय उत्पादों की बिक्री तक सीमित नहीं है। ये समाज में आपसी विश्वास, जिम्मेदारी और सामुदायिक सहयोग की भावना को भी मजबूत करती हैं। जब किसी व्यक्ति को बिना निगरानी के खरीदारी करने की स्वतंत्रता मिलती है, तो उसके साथ एक नैतिक जिम्मेदारी भी जुड़ जाती है। यही भावना इस व्यवस्था को खास बनाती है। आज जब बाजार में सुरक्षा, निगरानी और धोखाधड़ी की आशंकाएं बढ़ रही हैं, तब स्विट्जरलैंड की ये छोटी दुकानें एक महत्वपूर्ण संदेश देती हैं।

■ अंजित कुमार, पानीपत

राजमोहन गांधी के पटेल

सरदार वल्लभभाई पटेल को समझने के लिए नेहरू के साथ उनके राजनीतिक मतभेदों से आगे बढ़कर संबंधों और साझा संकल्पों को देखना जरूरी है। राजमोहन गांधी की पुस्तक 'पटेल : ए लाइफ' इसी ऐतिहासिक रिश्ते को सामने लाती है।



रामचंद्र गुहा
जाने-माने इतिहासकार

वर्ष 1991 में राजमोहन गांधी की पुस्तक 'पटेल : ए लाइफ' आई थी। अप्रैल 1990 में लिखी गई इस पुस्तक की प्रस्तावना में राजमोहन गांधी लिखते हैं, "स्वतंत्र भारत की स्थापना में महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू और सरदार वल्लभभाई पटेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। लेकिन इन तीनों के योगदान को स्वीकार करने के मामले में नेहरू की तारीफ खुले दिल से की गई, गांधी के प्रति औपचारिक कर्तव्य निभाया गया, जबकि पटेल के योगदान को बहुत कम महत्व दिया गया।" यह प्रस्तावना उस समय लिखी गई थी, जब नेहरू की जन्मशती पूरे धूमधाम और भव्यता के साथ मनाई गई थी। उस समय केंद्र में नेहरू के पोते राजीव गांधी के नेतृत्व वाली सरकार थी। राजीव गांधी से पहले उनकी मां इंदिरा गांधी लगभग डेढ़ दशक तक प्रधानमंत्री रहीं। उनके कार्यकाल में भी नेहरू की मृत्यु के बाद उनकी छवि को चमकाने और उनकी प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए काफी कोशिश की गई थी। राजमोहन गांधी की पुस्तक सरदार वल्लभभाई पटेल इसी राजनीतिक और सामाजिक माहौल में पहली बार प्रकाशित हुई थी।

35 साल बाद इस पुस्तक का नया संस्करण उस समय में आया है, जब देश का राजनीतिक वातावरण पूरी तरह बदल चुका है। राजमोहन गांधी ने इस पुस्तक को तैयार करने के लिए वल्लभभाई पटेल के पत्राचार, उनकी बेटी मणिबेन की डायरियों, उनके समकालीनों और सहयोगियों के निजी दस्तावेजों, सरकारी अभिलेखों, संस्मरणों, पुराने समाचार पत्रों और पटेल को जानने वाले या उनके साथ काम करने वाले लोगों से खुद लिए गए साक्षात्कारों का सहारा लिया है।

इन स्रोतों के आधार पर लेखक ने पटेल के व्यक्तित्व का एक व्यापक और संतुलित चित्र प्रस्तुत किया है। इसमें उनके शुरुआती जीवन, देर से पूरी हुई शिक्षा, पारिवारिक जीवन, सफल वकालत, स्वतंत्रता आंदोलन में भागीदारी और जेल में बिताए लंबे समय के बारे में बताया है। साथ ही, स्वतंत्र भारत के गृह मंत्री के रूप में रियासतों को भारतीय संघ में शामिल कराने में उनकी भूमिका का भी जिक्र किया गया है।

पटेल का पालन-पोषण एक किसान परिवार में हुआ था। उनके शुरुआती जीवन की परिस्थितियां जवाहरलाल नेहरू, मोहनदास गांधी और सुभाषचंद्र बोस की तुलना में कहीं कम सुविधा संपन्न थीं। राजमोहन गांधी लिखते हैं कि राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी प्रतिष्ठा हासिल करने के बाद भी वल्लभभाई को अपनी ग्रामीण पृष्ठभूमि पर हमेशा गर्व रहा। पुस्तक में पटेल के निजी संबंधों के बारे में भी बताया गया है। लेखक ने उनके बड़े भाई विट्ठलभाई, उनकी बेटी मणिबेन और गुजराती देशभक्त महादेव देसाई के साथ उनके संबंधों का हवाला दिया है। हालांकि, पटेल के जीवन में सबसे महत्वपूर्ण स्थान महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू का था। जब महात्मा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल पहली बार मिले, तब दोनों की उम्र चालीस वर्ष से अधिक थी। गांधी ने शुरुआती मुलाकातों को याद करते हुए लिखा था, "जैसे-जैसे मैं उन्हें बेहतर ढंग से जानने लगा, मुझे उतना ही अधिक अहसास हुआ कि मुझे उनका सहयोग जरूर लेना चाहिए।" खुद पटेल ने गांधी के साथ जुड़ने के अपने निर्णय को याद करते हुए कहा था, "जब मैं गांधी के साथ आया, तो मैंने कुछ लकड़ियां इकट्ठी कीं, आग जलाई और परिवार, कैरियर और अपनी प्रतिष्ठा व बाकी सभी बातों को उस आग में झोंक दिया।"

राजमोहन गांधी लिखते हैं, "वल्लभभाई के लिए गांधी एक ही व्यक्तित्व में समाए तीन अलग-अलग रूप थे- एक संत, एक योद्धा और एक ऐसे मार्गदर्शक, जिन पर वे भरोसा कर सकते थे और जिनके बताए रास्ते पर चल सकते थे।" खुद नेहरू ने पटेल के साथ अपने संबंधों के बारे में लिखा था, "हमारे बीच राजनीतिक मतभेदों की तुलना में सहमति के बिंदु कहीं अधिक थे।" गांधी की हत्या के बाद, इन दोनों नेताओं ने अपने मतभेदों को पूरी तरह पीछे छोड़ दिया। गांधी की हत्या के तीन दिन बाद नेहरू ने पटेल को पत्र लिखकर कहा था, "बापू के निधन के साथ सब कुछ बदल गया है और अब हमें एक बिल्कुल अलग व अधिक कठिन दुनिया का सामना करना है। पुराने विवाद अब उतने महत्वपूर्ण नहीं रह गए हैं। मुझे लगता है कि समय की मांग है कि हम सभी आपसी सहयोग के साथ काम करें।"

नेहरू ने आगे लिखा, "हमें एक-दूसरे का सहयोग करते और अनेक तूफानों व संकटों का मिलकर सामना करते हुए एक चौथाई सदी से भी अधिक समय बीत चुका है। मैं पूरी ईमानदारी से कह सकता हूं कि इस दौरान आपके प्रति मेरा स्नेह और सम्मान बढ़ा ही है। मुझे नहीं लगता कि कोई भी घटना इसे कम कर सकती है।" जवाब में पटेल ने नेहरू की भावनाओं के प्रति अपनी सहमति जताते हुए लिखा, "आपने जिस आत्मीयता और संवेदनशीलता के साथ अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं, मैं उनसे पूरी तरह और हृदय से सहमत हूं... हाल की घटनाओं ने मुझे बहुत दुखी कर दिया था। मैंने बापू को पत्र लिखकर उनसे मुझे इस जिम्मेदारी से मुक्त करने की अपील भी की थी, लेकिन उनके निधन ने सब कुछ बदल दिया है। हमारे देश पर आए इस संकट को हमें यह नए सिरे से समझना चाहिए, हमने मिलकर कितनी उपलब्धियां हासिल की हैं और अपने शोकाकुल देश के हित में आगे भी मिल-जुलकर प्रयास करना कितना आवश्यक है।"

राजनीतिक सहयोगियों के बीच आदान-प्रदान किए गए पत्रों में यह शायद सबसे भावुक पत्रों में शामिल है। इसका प्रभाव दोनों नेताओं पर लंबे समय तक रहा। उन्होंने अपने मतभेदों को पीछे छोड़ देश के बिखरे हुए हिस्सों को एक राष्ट्र के रूप में संगठित करने का काम किया। राजमोहन गांधी लिखते हैं कि गृह मंत्री के रूप में पटेल और प्रधानमंत्री के रूप में नेहरू ने जिन वर्षों में साथ काम किया, उन दौरान पटेल ने नेहरू के सर्वोच्च नेतृत्व और उनकी लोकप्रियता को भली-भांति स्वीकार किया था।

14 नवंबर, 1948 को, नेहरू के 59वें जन्मदिन पर पटेल ने लिखा था, "महात्मा गांधी ने पंडित नेहरू को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। गांधी के निधन के बाद हमें अहसास हुआ कि हमारे नेता का निर्णय सही था।" राजमोहन गांधी मौजूदा परिस्थितियों के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण बात कहते हैं। उनके अनुसार, भारत आज अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है और ऐसे समय में 'पटेल बनाम नेहरू' के विवाद को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करना लोगों का ध्यान वास्तविक मुद्दों से भटकाने का एक तरीका है। वे कहते हैं, "पटेल और नेहरू के बीच कई बार बहुत तीखे मतभेद होते थे। निजी बातचीत में तो वे हमेशा ही अपने मतभेदों को खुलकर व्यक्त करते थे और कभी-कभी सार्वजनिक रूप से भी ऐसा करते थे। उनके मतभेदों में नाटक भी था और अर्थ भी। आखिर में हर विवाद का समापन एकता के साथ हुआ।"

पटेल और नेहरू के नेतृत्व वाली इस जोड़ी को दिशा देने में महात्मा गांधी की भूमिका का उल्लेख करने के बाद राजमोहन गांधी कहते हैं, "मुझे आशा है कि पाठक गांधी, पटेल और नेहरू के इस असाधारण त्रिकोण की विशिष्टता को भी समझेंगे। साथ ही, वे यह भी पहचानेंगे कि हर बड़े संकट और उथल-पुथल के बाद आखिरकार एक साथ आने की इन तीनों नेताओं की क्षमता और उनकी इच्छा भारत के लिए कितनी बड़ी उपलब्धि थी।"

योग, लोक और भाषा के बीच चौरंगीनाथ

हरियाणा के रोहतक में स्थित अस्थल बोहर मठ की पहचान बाबा मस्तनाथ की तपोभूमि और नाथ परंपरा की स्मृतियों से जुड़ी है। इसकी साहित्यिक पहचान मठ के संस्थापक और आठवीं सदी के सिद्ध योगी चौरंगीनाथ के हिंदी साहित्य के आरंभिक विकास में अवदान से भी है। 'प्राण सांकली' उन्हीं की वाणी और योग साधना से जुड़ी महत्वपूर्ण रचना है। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय ने बाबा चौरंगीनाथ को मत्स्येंद्रनाथ का शिष्य और गोरखनाथ का गुरु-भाई बताया है। 'प्राण सांकली' के पदों में भी "मछन्द्रनाथ गुरु अम्हारा गोरखनाथ भाई" जैसी उल्लेख मिलता है। इससे चौरंगीनाथ की साहित्यिक और आध्यात्मिक परंपरा से गहरे जुड़ाव की पुष्टि होती है। पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के लोक साहित्य और कथाओं में चौरंगीलाल की पहचान 'पूरन भगत' के रूप में भी है। इन पर खूब सांग और रागिनियां भी हैं। सूफी कवि कादिर यार ने भी 'किस्सा पूरन भगत' में एक राजकुमार के परम तपस्वी और सिद्ध योगी बनने के सफर को बखूबी बयां किया है।

नवीन सिंह पटेल

खुला आकाश

प्राण सांकली उस दौर की स्मृति है, जब भारतीय ज्ञान परंपरा लोकभाषा में उतर रही थी। चौरंगीनाथ इसी यात्रा के उन आरंभिक पड़ावों में दिखाई देते हैं, जहां से हिंदी की जनभाषायी चेतना आगे बढ़ी।

राहुल सांकृत्यायन ने तिब्बती बौद्ध परंपरा के तेंग्युर ग्रंथों का अध्ययन कर लिखी पुस्तक 'हिंदी काव्यधारा' में वज्रयान व सहजयान मत से जुड़े 84 महासिद्धों की प्रामाणिक जीवनियों में चौरंगीनाथ को 'चौरंगीपा' (पा वाली पाद-सम्मान में प्रयुक्त) कहा है। आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी ने भी अपनी पुस्तक 'नाथ संप्रदाय' में बौद्ध सिद्धों और नवनाथों के अंतर्संबंधों की विवेचना के दौरान चौरंगीनाथ को 'महासिद्ध' बताया है। चौरंगीनाथ की रचनाएं दोहों और पदों के रूप में हैं। इनकी सबसे चर्चित रचना 'प्राण सांकली' को नाथ सिद्धों की महत्वपूर्ण कृति माना जाता है। इसमें दार्शनिक विचारों को साधना और अनुभव से जुड़े विंबों के जरिये व्यक्त किया गया है। 'पिंड में ब्रह्मांड' की अवधारणा, नाड़ी-चक्र और प्राण की गति जैसे विषय इसके केंद्र में हैं। इसमें शरीर को ही साधना और आत्मबोध का माध्यम बनाया गया है।

सिद्ध और नाथ साहित्य में भाषा को लोकोन्मुख इसलिए बनाया जा सका, क्योंकि नाथ योगियों ने अपने विचारों को संस्कृत में कैद नहीं किया कि उसे साधारण जन भी सुन-समझ सकें। यही लोकाभिमुखता आगे हिंदी की बोलियों के विकास की जमीन तैयार करती है। प्राण सांकली इसी संक्रमणकालीन साहित्यिक प्रवृत्ति का उदाहरण मानी जा सकती है। इसमें संस्कृतनिष्ठ दार्शनिक अवधारणाओं के साथ ऐसी भाषा मिलती है, जो अपभ्रंश और आरंभिक भाषाओं के निकट जाती है। इस दृष्टि से यह सिर्फ योग साधना का ग्रंथ नहीं, लोकभाषाओं में आध्यात्मिक और दार्शनिक चिंतन की अभिव्यक्ति की अहम कड़ी भी है।

अस्थल बोहर इसीलिए सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि नाथ परंपरा, लोकभाषा और हिंदी के आरंभिक साहित्यिक विकास की एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक कड़ी भी है।

इजराइल के हाल ही में हुए संसदीय चुनाव में वस्तुतः किसी भी एक राजनीतिक गठबंधन को 120 सीटों वाली संसद में स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं हो सका है। नेतन्याहू के नेतृत्व वाला राजनीतिक गठबंधन संसद में स्पष्ट बहुमत के आंकड़े से आठ सीटों से पीछे रह गया है। चुनाव के आंकड़े साफ तौर पर बयान कर रहे हैं कि सन् 2022 चुनाव के मुकाबले में प्रधानमंत्री नेतन्याहू की राजनीतिक लोकप्रियता में विकट गिरावट दर्ज की गई है। ऐसे में त्रिशंकु संसद के आसार बनते दिखाई दे रहे हैं। उधर, अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के दौरान हो रहे मिड-टर्म चुनाव उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' की नीतियों, आक्रामक व्यापारिक रुख और वैश्विक कूटनीति के लिए एक निर्णायक मोड़ साबित होने जा रहे हैं। यदि इन चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी को कराारा झटका लगता है तो इसके घरेलू राजनीति के साथ-साथ पूरी वैश्विक व्यवस्था पर दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे। वहीं, यूरोप के कई देशों में हिंसा, आगजनी, विरोध-प्रदर्शनों और सामाजिक तनाव की घटनाएं सामने आई हैं। वहां शरणार्थी संकट स्पष्ट करता है कि केवल मानवीय आधार पर शरण देना पर्याप्त नहीं है; इसके साथ सामाजिक एकीकरण, रोजगार, शिक्षा, सुरक्षा और दीर्घकालिक योजना पर भी गंभीरता से काम करना आवश्यक है। *इन्हीं मुद्दों की पड़ताल करता आजकल का यह खास अंक...*

इजराइल : सत्ता से बेदखल हो सकते हैं नेतन्याहू



विश्लेषण

प्रभात कुमार रॉय

विदेश मामलों के जानकार

**इजराइल में संपन्न हुए संसदीय चुनाव के परिणाम प्राप्त हो चुके हैं। चुनाव परिणाम के तत्पश्चात यक्ष प्रश्न उपस्थित हुआ है कि क्या बेंजामिन नेतन्याहू सत्ता से बेदखल हो सकते हैं? इजराइल के चुनाव पर यूं तो समस्त विश्व की निगाहें टिकी रही हैं, किंतु भारत में इस चुनाव को लेकर विशेष उत्सुकता और उत्कंठा व्याप्त रही है, क्योंकि इजराइल के साथ भारत की घनिष्ट मित्रता कूटनीतिक तात्लुकात से कहीं अधिक गहन होकर अत्यंत आत्मीय संबंधों के शिखर तक जा पहुंची है। इजराइल के इस संसदीय चुनाव में वस्तुतः किसी भी एक राजनीतिक गठबंधन को 120 सीटों वाली संसद में स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं हो सका है। इजराइल बनाम ईरान जंग की जबरदस्त तपिश से सराबोर बड़े जोश खरोश के साथ प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू चुनाव मैदान में उतरे थे। चुनाव परिणाम में नेतन्याहू की लिकुड पार्टी को केवल 27 सीटों पर सिमट कर रह गई है और उनके नेतृत्व वाला राजनीतिक गठबंधन भी इजराइली संसद में केवल 53 सीटें ही हासिल कर पाया। उल्लेखनीय है कि चार वर्ष पहले सन् 2022 के संसदीय चुनाव में नेतन्याहू की लिकुड पार्टी को 32 सीटें हासिल हुई थी और नेतन्याहू के नेतृत्व में उनके राजनीतिक गठबंधन ने 64 संसदीय सीटों पर विजय हासिल हुई थी। 2022 के संसदीय चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री येअर लेपिड के नेतृत्व वाले राजनीतिक गठबंधन को केवल 51 सीटों पर विजय हासिल हुई थी। वर्ष 2026 के संसदीय चुनाव में नेतन्याहू के नेतृत्व वाला राजनीतिक गठबंधन संसद में स्पष्ट बहुमत के आंकड़े से आठ सीटों से पीछे रह गया है। संसदीय चुनाव के आंकड़े साफ तौर पर बयान कर रहे हैं कि सन् 2022 चुनाव के मुकाबले में प्रधानमंत्री नेतन्याहू की राजनीतिक लोकप्रियता में विकट गिरावट दर्ज की गई है। जनरल आइजनकोट की कमान में विपक्षी पार्टियों के गठबंधन को 48 संसदीय सीटों पर विजय हासिल हुई है। अत्यंत विस्मयकारी रूप से इजराइल की अरब पार्टियों को 19 सीटों पर जीत हासिल हुई है। वर्ष 2022 के संसदीय चुनाव में अरब पार्टियों को केवल 10 सीटें प्राप्त हुई।

इजराइल की राजनीति में मिड-टर्म यानी मध्यावधि चुनाव हमेशा से व्हाइट हाउस में बैठे राष्ट्रपति के कार्यकाल के लिए एक महत्वपूर्ण जनमत संग्रह माने जाते रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के दौरान हो रहे ये मिड-टर्म चुनाव केवल अमेरिकी संसद यानी कांग्रेस के नियंत्रण तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि यह उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' की नीतियों, आक्रामक व्यापारिक रुख और वैश्विक कूटनीति के लिए भी एक निर्णायक मोड़ साबित होने जा रहे हैं। यदि इन चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी को कराारा झटका लगता है तो इसके घरेलू राजनीति के साथ-साथ पूरी वैश्विक व्यवस्था पर दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे। अमेरिका में मध्यावधि चुनाव मंगलवार, 3 नवंबर 2026 को आयोजित होने जा रहे हैं। अमेरिकी कानून के तहत मिड-टर्म चुनाव अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव की सभी 435 सीटों, सीनेट यानी अमेरिकी उच्च सदन की 100 में से 35 सीटों, 36 राज्यों में गवर्नर पदों के लिए हो रहे हैं। कई प्रांतों में राज्य विधानमंडलों, मेयरों और स्थानीय अधिकारियों के चुनाव भी शामिल हैं। अमेरिका के मध्यावधि चुनाव तय करेंगे कि डोनाल्ड ट्रंप अपने एजेंडे को खुलकर आगे बढ़ा पाएंगे या उन्हें अपने कार्यकाल के अंतिम दो वर्षों में कांग्रेस के कड़े विरोध और नियंत्रण का सामना करना पड़ेगा। मिड-टर्म चुनावों में हार या रिपब्लिकन पार्टी का कमजोर प्रदर्शन राष्ट्रपति ट्रंप की राजनीतिक स्थिति को सीधे तौर पर प्रभावित करेगा। ऐसा होता है तो उनका विधायिका पर नियंत्रण कमजोर होना लाजिमी है। यदि विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव या सीनेट में बहुमत हासिल कर लेती है तो ट्रंप प्रशासन के लिए अपने विधायी एजेंडे को आगे बढ़ाना बेहद कठिन हो जाएगा।

अमेरिका में मध्यावधि चुनाव 3 नवंबर 2026 को आयोजित होने जा रहे हैं। मिड-टर्म चुनावों में हार या रिपब्लिकन पार्टी का कमजोर प्रदर्शन राष्ट्रपति ट्रंप की राजनीतिक स्थिति को सीधे तौर पर प्रभावित करेगा। ऐसा होता है तो उनका विधायिका पर नियंत्रण कमजोर होना लाजिमी है।

इमिग्रेशन, कर कटौती और संघीय बजट जैसे अहम मुद्दों पर संसद का कड़ा विरोध उनका रास्ता रोकेगा। ट्रंप अगर कमजोर होते हैं तो उन पर महाभियोग और जांच का खतरा बढ़ जाएगा। इतिहास गवाह है कि जब भी अमेरिकी राष्ट्रपति की पार्टी मिड-टर्म चुनावों में हारती है, विरोधी दल आक्रामक हो जाते हैं। यदि कांग्रेस पर विपक्ष का नियंत्रण होता है तो ट्रंप प्रशासन की नीतियों, कार्यकारी आदेशों और विदेश नीति के फैसलों के खिलाफ ताबड़तोड़ संसदीय जांच शुरू हो सकती है। वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य में अमेरिका केंद्रीय धुरी है। यदि ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी को मिड-टर्म चुनावों में पराजय का सामना करना पड़ता है तो इसका असर व्यापार, युद्ध और वैश्विक आपूर्ति शृंखला पर पड़ना लाजिमी है। ट्रंप प्रशासन द्वारा वैश्विक स्तर पर थोपे गए भारी-भरकम टैरिफ ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार को हिलाकर रखा है। मिड-टर्म चुनावों में रिपब्लिकन्स की हार को अलोकप्रिय आर्थिक नीतियों और बढ़ती महंगाई के खिलाफ जनता के गुस्से के रूप में देखा जाएगा। भले ही राष्ट्रपति ट्रंप के पास सीधे तौर पर ट्रेड टैरिफ लागू करने की कार्यकारी शक्तियां होती हैं, लेकिन संसद के दबाव और वैधानिक अवरोधों के कारण अमेरिका की संरक्षणवादी नीतियों की रफ्तार धीमी पड़ सकती है, जिससे वैश्विक बाजारों और मुक्त व्यापार समर्थकों को कुछ राहत मिल सकती है। वर्तमान में पश्चिम एशिया विशेषकर ईरान के साथ तनाव और सैन्य कार्रवाइयों के कारण वैश्विक तेल बाजार और अर्थव्यवस्था दबाव में हैं।

अमेरिकी जनता के एक बड़े वर्ग में इस बात की नाराजगी है कि इन विदेश नीतियों के कारण देश के भीतर जीवन स्तर महंगा हुआ है। जनता अगर रिपब्लिकन पार्टी को नकारती है तो अमेरिकी कांग्रेस युद्ध शक्तियों के प्रस्तावों के जरिए राष्ट्रपति के सैन्य हस्तक्षेप के अधिकारों पर लगाम कसने का प्रयास तेज कर देगी। इससे ईरान और अन्य संघर्ष क्षेत्रों में अमेरिका की सैन्य आक्रामकता सीमित हो सकती है जिससे वैश्विक स्तर पर ऊर्जा सुरक्षा और तेल कीमतों को कुछ स्थिरता मिल सकती है। राष्ट्रपति ट्रंप के कार्यकाल में यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिका के रुख में नाटकीय बदलाव आए हैं और पारंपरिक यूरोपीय सहयोगियों के साथ दूरियां बढ़ी हैं। यदि डेमोक्रेटिक या ट्रंप विरोधी संसद कांग्रेस में मजबूत होते हैं तो वे यूक्रेन के लिए अमेरिकी सैन्य और आर्थिक सहायता को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर सकते हैं। इससे यूरोपीय संघ (ईयू) और नाटो के भीतर यह संदेश जाएगा कि अमेरिकी लोकतंत्र में अभी भी पारंपरिक गठजोड़ और बहुपक्षवाद के समर्थक मजबूत हैं। खलाफिक, वाशिंगटन के भीतर इस खींचतान से वैश्विक सुरक्षा नीति में अनिश्चितता और बढ़ सकती है। ट्रंप प्रशासन ने ग्लोबल वार्मिंग, विश्व स्वास्थ्य संगठन और कई अंतरराष्ट्रीय मंचों से दूरी बनाने या अमेरिका को समेटने की नीति अपनाई है। अमेरिकी मिड-टर्म चुनाव 2026 केवल घरेलू राजनीति का विषय नहीं हैं बल्कि यह इस बात का पैमाना है कि क्या दुनिया का सबसे ताकतवर देश एकांगी और राष्ट्रवादी मार्ग पर आगे बढ़ता रहेगा या बहुपक्षीय संतुलन की ओर लौटेगा। यदि इन चुनावों में डोनाल्ड ट्रंप की पार्टी को बड़ा झटका लगता है तो यह उनकी अजेय छवि को खंडित करेगा और वैश्विक मंच पर अमेरिकी फैसलों का पूर्वानुमान दोबारा स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा राजनीतिक संदेश साबित होगा।

मिड-टर्म का महासंग्राम ट्रंप के भविष्य पर सवाल



चुनाव

डॉ. पवन कुमार शर्मा

स्वतंत्र पत्रकार



इजराइली लोकतंत्र के समक्ष गंभीर सुरक्षा चुनौतियां

मध्य पूर्व में मौजूद शाही सामंती सरकारों के मध्य स्थापित इजराइली लोकतंत्र के समक्ष गंभीर सुरक्षा चुनौतियां सदैव उपस्थित रहती हैं। ऐतिहासिक तौर पर दृष्टि डाली जाए तो 1948 में अपने स्थापना काल से आज तक इजराइल में किसी भी एक राजनीतिक पार्टी को हुकूमत अपेक्षित्त में नहीं आ पाई। मैडम गोल्डा मायर जैसी अत्यंत लोकप्रिय लीडर को भी इजराइली संसद में केवल 56 सीटें हासिल हो पाई थीं। किसी भी राजनीतिक गठबंधन को स्पष्ट बहुमत न मिल पाने के कारण वर्ष 2019 से वर्ष 2022 के मध्य इजराइल में पांच बार संसदीय चुनावों का आयोजन करवाना पड़ा था। इजराइल की तकरीबन एक करोड़ आबादी में हिफ्तर लाख मतदाता हैं। वर्ष 2022 के संसदीय चुनाव के पश्चात इजराइल में प्रधानमंत्री नेतन्याहू के राजनीतिक गठबंधन की सरकार का गठन किया जा सका, जिसने अपना चार वर्ष का कार्यकाल पूरा किया। प्रबल प्रश्न है कि क्या विपक्षी गठबंधन नेतन्याहू की राजसत्ता से बेदखल करने के लिए अरब पार्टियों के साथ मिलकर हुकूमत निर्मित करने का जोखिम लेगा, जिनका वह विरोधी रहा है। प्रबल वामपंथी लीडर यायर गोलान ने कहा है कि राजसत्ता से नेतन्याहू को बेदखल करने के लिए अरब पार्टियों के साथ साझेदारी करने की पेशकश की है और कहा है कि यहूदियों और अरबों के मध्य धार्मिक और नस्लवादी मतभेदों को अब तो इजराइल में गहरा दफन कर देना चाहिए। वामपंथी लीडर यायर गोलान की पेशकश को यदि आइजनकोट का राजनीतिक गठबंधन स्वीकार कर लेता है तो फिर यकीनन नेतन्याहू इजराइल के अगले प्रधानमंत्री नहीं बन सकेंगे।

अरब पार्टियों को फंडिंग

प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने संगीन इल्जाम आयद किया है कि इजराइल विरोधी शक्तियों द्वारा चुनाव में उनकी प्रबल विरोधी अरब पार्टियों को जबरदस्त फंडिंग की गई है और अरब पार्टियों द्वारा संसदीय चुनाव को चोरी कर लिया गया है। नेतन्याहू की लिकुड पार्टी ने भी अपने बयान में इल्जाम लगाया कि मतदाताओं को बरगलाने और आकर्षित करने के लिए रिश्वतखोरी, हिंसा, धोखाधड़ी और प्रतिबंधित सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल किया गया। हालांकि इस संगीन इल्जामात को सिद्ध करने के लिए कोई पुख्ता प्रमाण नेतन्याहू और लिकुड पार्टी द्वारा अभी तक पेश नहीं किए गए हैं। नेतन्याहू के इल्जामात पर इजराइल की आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेत ने बाकायदा जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इजराइल की केंद्रीय चुनाव समिति के कार्यवाहक महानिदेशक डील निव्वे ने फरमाया है कि संसदीय चुनाव की निष्पक्षता के व्यवस्थित उत्तेजक के इल्जामात को साबित करने के लिए किसी किस्म के ठोस और पुख्ता सबूत उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। अतः केंद्रीय चुनाव समिति के महानिदेशक द्वारा इस आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया गया है। इजराइल के संसदीय चुनाव के अंतिम परिणाम प्राप्त हो जाने के तत्पश्चात हुकूमत निर्मित करने के लिए तीन संभावित विकल्प दृष्टिगोचर हो रहे हैं।

तीन संभावित विकल्प

प्रथम संभावित विकल्प है कि बेंजामिन नेतन्याहू और जनरल आइजनकोट के संयुक्त नेतृत्व में इजराइल में एक राष्ट्रीय सरकार का गठन किया जा सकता है। दूसरा विकल्प है कि नेतन्याहू के नेतृत्वकारी गठबंधन के साथ जनरल आइजनकोट के विपक्षी गठबंधन से पृथक होकर कुछ पार्टियां नेतन्याहू के नेतृत्व में राजनीतिक गठबंधन सरकार में शामिल हो सकती हैं। तीसरा संभावित विकल्प है कि जनरल आइजनकोट के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार को अरब पार्टियों को समर्थन प्राप्त हो सकता है और जनरल आइजनकोट इसराइल के अगले प्रधानमंत्री बन सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इजराइल की कुल आबादी में तकरीबन बीस फीसदी आबादी अरब नागरिकों की है। अरब आबादी में मुख्यतः मुसलमान और ईसाई हैं। आश्चर्यजनक तौर पर इस चुनाव में अरब पार्टियों को तकरीबन 15 प्रतिशत वोट हासिल हुए हैं। चुनाव अभियान के दौरान नेतन्याहू और आइजनकोट के नेतृत्वकारी राजनीतिक गठबंधनों द्वारा अरब पार्टियों से अपनी राजनीतिक दूरी बाकायदा सरेआम रखी। चुनाव के बाद ठोस परिणामों ने सरकार के गठन करने की विवशता ने अरब पार्टियों को हुकूमत का गठन करने के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण बना दिया है।

नीतिगत प्रश्नों पर रहे हैं मतभेद

नेतन्याहू के नेतृत्व में गठित राजनीतिक गठबंधन और जनरल आइजनकोट की कयादत वाले राजनीतिक गठबंधन के मध्य अनेक नीतिगत प्रश्नों पर अत्यंत तल्ख और तनावपूर्ण मतभेद रहे हैं। अतः इस बात की संभावना अत्यंत क्षीण है कि दोनों राजनीतिक गठबंधन एकजुट होकर राष्ट्रीय सरकार का गठन कर सकेंगे। 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा अंजाम दिए गए घातक आतंकवाद में तकरीबन 1200 से अधिक इजराइली नागरिक हलाक कर दिए गए थे और 251 को बंधक बना लिया था। गजा युद्ध में बड़े पैमाने पर इजराइल के रिजर्व सैनिक हताहत हुए थे। कट्टरपंथी यहूदियों का एक संप्रदाय हरेदी है, जिसकी कुल आबादी तकरीबन 15 फीसदी है। यहूदी संप्रदाय हरेदी के युवाओं को अनिवार्य सैन्य सेवा से सदैव छूट हासिल रही है। पूर्णतः छूट के प्रश्न पर दोनों राजनीतिक गठबंधनों में गंभीर मतभेद विद्यमान हैं। जनरल आइजनकोट हरेदी संप्रदाय को अनिवार्य सैन्य सेवा से छूट देने के विरुद्ध हैं। यहूदियों के धार्मिक और धर्मनिरपेक्ष समाज के मध्य गहरी खाई सदैव विद्यमान रही है। इजराइल के राष्ट्रपति ने कहा कि संसदीय चुनाव में तकरीबन 78 प्रतिशत मतदान को दृष्टिगत रखते हुए कहा जा सकता है कि इजराइल के जनमानस में सजग और जीवंत लोकतंत्र के लिए कितनी गहरी इच्छा शक्ति विद्यमान है।

लूला की जीत से ब्रिक्स को मिलेगी निरंतरता



मंथन

विवेक शुक्ला

वरिष्ठ पत्रकार

ब्राजील में राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा की चुनावों में जीत ने भारत समेत सारी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। भारत में उनकी विजय को लेकर उत्साह अभूतपूर्व रहा है। लूला ने दक्षिणपंथी फ्लावियो बोल्सोनारो को शिकस्त दी। यह जीत सिर्फ ब्राजील की घरेलू राजनीति तक सीमित नहीं है। इसके संदेश अमेरिका, भारत, चीन, रूस और ब्रिक्स जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों के लिए भी अहम हैं। खासकर ऐसे समय में जब दुनिया अमेरिकी दबदबे, चीन के बढ़ते प्रभाव और नए आर्थिक शक्ति केंद्रों के उभार के बीच बदलाव के दौर से गुजर रही है, लूला की वापसी को एक बड़े राजनीतिक संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

सबसे पहले बात ब्रिक्स की। लूला की जीत का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय संदेश ब्रिक्स को लेकर है। ब्राजील इस संगठन का भारत के साथ संस्थापक सदस्यों में शामिल है। भारत, चीन, रूस और दक्षिण अफ्रीका के साथ मिलकर ब्राजील भी लंबे समय से इस बात की वकालत करता रहा है कि दुनिया की आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था में विकासशील देशों की भूमिका बढ़नी चाहिए। लूला ब्रिक्स को सिर्फ आर्थिक सहयोग का मंच नहीं मानते, बल्कि इसे वैश्विक व्यवस्था में संतुलन बनाने का जरिया भी मानते हैं। उनका मानना है कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में अमेरिका और यूरोप का दबदबा कम होना चाहिए और भारत, ब्राजील तथा दूसरे विकासशील देशों को ज्यादा प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। यही वजह है कि उनकी जीत से ब्रिक्स की मौजूदा दिशा को निरंतरता मिलने की उम्मीद है। चुनाव प्रचार के दौरान फ्लावियो बोल्सोनारो ने ब्रिक्स में ब्राजील की सदस्यता पर दोबारा विचार करने की बात कही थी। इसके उलट लूला ब्रिक्स के साथ सहयोग बढ़ाने के पक्षधर हैं। लूला भारत के मित्र हैं और भारत आते रहे हैं। जाहिर है कि लूला कि विजय से भारत खुश है। भारत और ब्राजील दोनों ही विकासशील देशों की आवाज को वैश्विक मंचों पर मजबूती से उठाने की बात करते हैं। लूला की वापसी से भारत-ब्राजील संबंधों में निरंतरता बनी रहनी तय है।

भारत के लिए भी यह एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है, क्योंकि ब्रिक्स जैसे मंचों पर दोनों देशों के बीच सहयोग से विकासशील देशों की आवाज को और मजबूती मिल सकती है। इस बीच, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुश तो नहीं होंगे लूला की सफलता से। फ्लावियो बोल्सोनारो की जीत से वाशिंगटन को ब्राजील में एक ऐसा नेतृत्व मिल सकता था, जिसकी राजनीतिक सोच ट्रंप ब्राजील के घरेलू मामलों को लेकर ट्रंप प्रशासन की नाराजगी के बीच अमेरिका ने ब्राजील के सामान पर अतिरिक्त टैरिफ भी लगाए थे। ऐसे में लूला की जीत के बाद दोनों देशों के बीच व्यापार और कूटनीतिक रिश्तों को लेकर खींचतान जारी रह सकती है। ब्राजील की अर्थव्यवस्था के लिए अमेरिकी बाजार और निवेश दोनों महत्वपूर्ण हैं। इसलिए लूला के सामने चुनौती यह होगी कि वह अमेरिका के साथ रिश्ते भी संभालें और अपनी स्वतंत्र विदेश नीति भी बनाए रखें। है। ब्राजील की प्राथमिकता अपने आर्थिक हितों को सुरक्षित



ब्राजील में राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा की चुनावों में जीत ने भारत समेत सारी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। यह जीत सिर्फ ब्राजील की घरेलू राजनीति तक सीमित नहीं है। इसके संदेश अमेरिका, भारत, चीन, रूस और ब्रिक्स जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों के लिए भी अहम हैं।

प्रशासन से ज्यादा मेल खाती। लेकिन लूला की जीत ने इस संभावना पर फिलहाल विराम लगा दिया है। लूला अमेरिका के विरोधी नहीं हैं, लेकिन वह अमेरिकी दबाव में विदेश नीति चलाने के पक्षधर भी नहीं हैं। उनका जोर इस बात पर रहता है कि ब्राजील अपने राष्ट्रीय हितों के हिसाब से फैसले करे। वह अमेरिका के साथ व्यापार और निवेश बढ़ाना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए चीन या रूस से रिश्ते खराब करने को तैयार नहीं हैं। दरअसल, पिछले कुछ समय में दोनों मुल्कों के रिश्तों में तनाव भी देखने को मिला है। जैयर बोल्सोनारो के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और रखना और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी भूमिका बढ़ाना है। कुल मिलाकर, लूला की चौथी जीत को अमेरिका के खिलाफ जीत या चीन के पक्ष में जनादेश मानना जल्दबाजी होगी।

इसका असली संदेश यह है कि ब्राजील अपनी विदेश नीति में किसी एक महाशक्ति पर निर्भर नहीं रहना चाहता। वह अमेरिका से रिश्ते भी रखेगा, चीन के साथ व्यापार भी बढ़ाएगा और ब्रिक्स में अपनी भूमिका भी मजबूत करेगा। दुनिया की बदलती व्यवस्था में ब्राजील की यही स्वतंत्र भूमिका आने वाले वर्षों में अंतरराष्ट्रीय राजनीति को प्रभावित कर सकती है।

प्रवासन नीति को जवाबदेह बनाना जरूरी



यूरोप

चरणजीत 'चरण'

स्वतंत्र पत्रकार

हाल के वर्षों में यूरोप के कई देशों में हिंसा, आगजनी, विरोध-प्रदर्शनों और सामाजिक तनाव की घटनाएं सामने आई हैं। कुछ घटनाओं में प्रवासियों और शरणार्थियों की संलिप्तता भी रही है। द्वितीय विश्वयुद्ध की विभीषिका झेलने के बाद यूरोप ने स्वयं को मानवाधिकारों, उदारवाद और वैश्विक एकजुटता के प्रमुख समर्थक के रूप में प्रस्तुत किया। राजनीतिक अस्थिरता, युद्ध, जातीय संघर्ष और आर्थिक बदहाली से जूझ रहे पश्चिम एशिया, अफ्रीका और एशिया के लाखों विस्थापित लोगों के लिए यूरोपीय देश सुरक्षित आश्रयस्थल बनकर उभरे। वर्ष 2015 में सीरिया के संकट के दौरान जर्मनी की तत्कालीन चांसलर एंजेला मर्केल की उदार शरणार्थी नीति ने इस मानवीय दृष्टिकोण को नई ऊंचाई प्रदान की। किंतु पिछले कुछ वर्षों में यूरोप के विभिन्न देशों में बढ़ती हिंसा और सामाजिक तनाव ने वहां की सरकारों को अपनी प्रवासन नीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए विवश किया है। कोई भी शरणार्थी अपने साथ अपनी भाषा, संस्कृति, विचारों और धार्मिक मान्यताओं को लेकर आता है।

विस्थापन की स्थिति में उसकी प्राथमिकता जीवन और आजीविका की सुरक्षा होती है, लेकिन समय के साथ अपनी सांस्कृतिक पहचान बनाए रखने की इच्छा भी स्वाभाविक रूप से उभरती है। समस्या तब उत्पन्न होती है, जब प्रवासियों और स्थानीय समाज के बीच सांस्कृतिक दूरी बढ़ती जाती है और आपसी सामंजस्य स्थापित नहीं हो पाता। आज यूरोप के अनेक देश इसी चुनौती का सामना कर रहे हैं। यूरोपीय देशों ने मानवीय आधार पर लोगों को आश्रय तो दिया, लेकिन उन्हें मुख्यधारा में सम्मिलित करने के लिए आवश्यक दीर्घकालिक रणनीतियों को हर जगह प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया जा सका। भाषा की बाधा, रोजगार के सीमित अवसर, कौशल का अभाव और सांस्कृतिक अंतर ने अनेक प्रवासियों के सामाजिक एकीकरण को कठिन बनाया। परिणामस्वरूप, कुछ क्षेत्रों में सामाजिक अलगाव, बेरोजगारी और अपराध जैसी समस्याएं बढ़ीं। इन परिस्थितियों के कारण फ्रांस, जर्मनी, स्वीडन, बेल्जियम, ब्रिटेन और इटली जैसे देशों में सुरक्षा, रोजगार, सार्वजनिक संसाधनों और सांस्कृतिक पहचान को लेकर नागरिकों की चिंताएं बढ़ी हैं। यूरोपीय देश इस समय दो प्रमुख चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। एक ओर शरणार्थियों और प्रवासियों के सामाजिक एकीकरण तथा अवसरों की समानता को लेकर बहस तेज हुई है, तो दूसरी ओर यूरोपीय युवाओं और आम नागरिकों के बीच राष्ट्रवाद तथा सांस्कृतिक पहचान के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। परिणामस्वरूप, विभिन्न विचारधाराओं के बीच टकराव बढ़ने लगा। किसी भी देश की शरणार्थी और प्रवासन नीति उसके राष्ट्रीय हितों, संवैधानिक व्यवस्था तथा अंतरराष्ट्रीय दायित्वों के अनुरूप निर्धारित होती है। यूरोप में अब यह मांग जोर पकड़ रही है कि मानवीय आधार पर शरण देने के साथ-साथ कौशल-आधारित वैध प्रवासन को भी व्यवस्थित और प्रोत्साहित किया जाए। यूरोप के अनेक देश बढ़ती आयु वाली आबादी और विभिन्न क्षेत्रों में श्रमिकों की आवश्यकता जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इसलिए प्रवासन को पूरी तरह समाप्त करना व्यावहारिक समाधान नहीं है। यूरोप का शरणार्थी संकट स्पष्ट करता है कि केवल मानवीय आधार पर शरण देना पर्याप्त नहीं है; इसके साथ सामाजिक एकीकरण, रोजगार, शिक्षा, सुरक्षा और दीर्घकालिक योजना पर भी गंभीरता से काम करना आवश्यक है। दूसरी ओर, प्रवासन को पूरी तरह समाप्त करना भी व्यावहारिक विकल्प नहीं है, क्योंकि यूरोप के अनेक देशों को श्रमिकों और पेशेवर लोगों की आवश्यकता है। ऐसी स्थिति में उदारता को समाप्त करने के बजाय प्रवासन नीति को अधिक व्यवस्थित, चयनात्मक और जवाबदेह बनाना चाहिए। शरणार्थी सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए मानवीय करुणा तथा मानवाधिकारों की अनदेखी नहीं की जा सकती। यूरोप का भविष्य इसी संतुलन पर निर्भर करेगा कि वह अपनी सीमाओं की सुरक्षा, आर्थिक आवश्यकताओं और सांस्कृतिक पहचान के संरक्षण के साथ शरणार्थियों के एकीकरण को किस प्रकार सुनिश्चित करता है।



मानवीय करुणा तथा मानवाधिकारों की अनदेखी नहीं की जा सकती। यूरोप का भविष्य इसी संतुलन पर निर्भर करेगा कि वह अपनी सीमाओं की सुरक्षा, आर्थिक आवश्यकताओं और सांस्कृतिक पहचान के संरक्षण के साथ शरणार्थियों के एकीकरण को किस प्रकार सुनिश्चित करता है।

सुभाषित *कलयुगमें धन और विषय-वासनामें आसक्तिके चलते पुत्र समर्थ होते हुए भी वृद्ध माता-पिताकी सेवा तथा उनके पालन-पोषणसे विमुख रहते हैं।* ❑ श्रीमदभगवद्गीता

सुप्रीम नसीहत

उत्तर प्रदेशमें मतदाता सूचीके विशेष गहन पुनरीक्षणके दौरान फार्म-सातके माध्यमसे बड़े पैमानेपरनाम कटवानेके लिए फर्जी आवेदन जमा किये जानेका मामला लोकतांत्रिक व्यवस्थाकी पारदर्शिता और निष्पक्षतापर गम्भीर सवाल खड़े करता है। सर्वोच्च न्यायालयके मुख्य न्यायाधीश सूर्यकान्त, न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहनाकी पीठका इस मामलेमें हस्तक्षेप और निर्वाचन आयोगको अनियमितताओंकी जांचके निर्देश देना इस बातका संकेत है कि मतदाता सूचीमें गड़बड़ीको सामान्य चूक मानकर नजरअन्दाज नहीं किया जा सकता है। चुनावकी निष्पक्षता केवल मतदानकी व्यवस्थासे सुनिश्चित नहीं होती, बल्कि इसकी बुनियादी विश्वसनीय मतदाता सूचीपर टिकी होती है। फार्म-सातका उद्देश्य मृत, स्थानान्तरित अथवा अपात्र मतदाताओंके नाम सूचीसे हटाना है, लेकिन यदि इसी वैधानिक व्यवस्थाका इस्तेमाल जीवित और पात्र नागरिकोंके नाम कटवानेके लिए किया जाने लगे तो यह मताधिकारके साथ खिलवाड़ है। किसी दूसरे व्यक्तिकी पहचान और हस्ताक्षरका दुरुपयोग कर आवेदन देना चुनावी प्रक्रियाकी विश्वसनीयताको प्रभावित करने वाला गम्भीर मामला है। इससे भी चिन्ताजनक यह है कि बड़ी संख्यामें संदिग्ध आवेदन प्रारम्भिक स्तरपर ही पकड़में क्यों नहीं आये। निर्वाचन आयोगने जांचमें फर्जी पाये गये आवेदनोंको स्वीकार किया है लेकिन केवल यह कहना पर्याप्त नहीं है कि उनके आधारपर किसी मतदाताका नाम नहीं काटा गया। यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि इतने आवेदन किसने जमा किये, उनके पीछे कौन लोग थे और क्या इस पूरे प्रकरणमें किसी स्तरपर प्रशासनिक लापरवाही या मिलीभगत रही। दोषियोंकी पहचान कर उनके खिलाफ काररवाई करना आवश्यक है, ताकि भविष्यमें ऐसी घटनाओंकी पुनरावृत्ति न हो। मतदाता सूचीके पुनरीक्षणमें पारदर्शिताके साथ नागरिकोंकी भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। किसी भी मतदाताका नाम हटानेसे पहले उसे अनिवार्य रूपसे सूचना दी जाय और अपना पक्ष रखनेके लिए पर्याप्त समय दिया जाय। आवेदनकी सत्यताकी जांच और शिकायतोंके त्वरित निस्तारणके लिए प्रभावी व्यवस्था भी जरूरी है। डिजिटल दौरमें निर्वाचन आयोगको अपनी सत्यापन प्रणालीको और अधिक पारदर्शी और मजबूत बनानी चाहिए। लोकतंत्रमें एक-एक वोटका महत्व है। किसी पात्र नागरिकको मतदानसे वंचित करना उसकी राजनीतिक भागीदारीके अधिकारको सीमित करना है, इसलिए निर्वाचन आयोगको न्यायालयके निर्देशोंके अनुरूप निष्पक्ष जांच, जवाबदेही और सुधारात्मक काररवाई सुनिश्चित करनी होगी। मतदाता सूची आंकड़ोंका दस्तावेजपर नहीं, बल्कि लोकतंत्रमें नागरिकोंकी भागीदारीका आधार है। इसकी विश्वसनीयताको बनाये रखना ही चुनावी व्यवस्थामें जनताके विश्वासकी सबसे बड़ी कसौटी है।

चेतावनीकी अनदेखी

मौसम विभागकी चेतावनीकी अनदेखी और मनमानीका कितना हृदयविदारक परिणाम हो सकता है, इसे चमोलीमें हुए हेलीकाप्टर दुर्घटनाके परिप्रेक्ष्यमें देखा जा सकता है। खराब मौसममें कोहरेके बाद भी उड़ानका जोखिम जिन्दगियोंपर भारी पड़ी। बदरीनाथ धामसे तीर्थयात्रियोंको लेकर देहरादून लौट रहा हेलीकाप्टर शुक्रवारको चमोली जिलेमें पांडुकेश्वरकी पहाड़ीसे टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया इस दर्दनाक हादसेमें पायलट सहित सभी छह यात्रियोंकी मौकेपर ही मौत अत्यन्त दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। हेलीकाप्टरपर सवार सभी पांच तीर्थयात्री कर्नाटकके थे जो बदरीनाथके दर्शन कर देहरादूनके सहस्रधारा हेलीपैड लौट रहे थे। ज्योर्तिमठके चांई और लामबगढ़के बीच हाथी पर्वतके शीर्ष चट्टानसे टकरानेकी घटना इतनी भीषण थी कि हेलीकाप्टर पूरी तरह जल गया। उसके मलबेके आसपास क्षत-विक्षत हालतमें शव मिले। प्रारम्भिक जांचमें हादसेका मुख्य कारण प्रतिकूल मौसममें हेलीकाप्टरका उड़ान माना जा रहा है। मौसम विभागने पहले ही जिन पांच जिलोंमें शुक्रवारको तेज वर्षाका अलर्ट जारी किया था उनमें चमोली भी शामिल था। हैरान करने वाली बात यह है कि मौसम खराब होनेके बावजूद कम्पनीने उड़ानकी अनुमति कैसे दी। चमोलीमें शुक्रवार सुबहसे ही बारिश हो रही थी और पहाड़ोंके चोटियोंसे घाटियोंतक कोहरा छाया हुआ था जिससे दृष्यता भी कम थी, बावजूद इसके हेलीकाप्टर धड़ल्लेसे उड़ान भर रहे थे। हादसेके बाद ट्रांस भारत एविएशनकी सभी हेलीकाप्टर सेवाओंपर रोक लगा दी गयी है। कम्पनीको यह कदम पहले ही उठाना चाहिए था लेकिन शायद उसे इस तरहके हादसेका इन्तजार था। इस हादसेके लिए ट्रांस एविएशन पूरी तरह जिम्मेदार है जिसकी मनमानी छह जिन्दगियोंपर भारी पड़ गयी। यह अक्षम्य अपराध है। कम्पनीपर कड़ी काररवाई की जानी चाहिए जो दूसरोंके लिए सबक बने।

लोक संवाद

न्यायिक नियुक्तियोंमें पारदर्शिता

महोदय,-सर्वोच्च न्यायालयके पूर्व न्यायाधीश संजय किशन कौल, जिन्होंने चार वर्षोंतक भारतके मुख्य न्यायाधीशके बाद शीर्ष अदालतके सबसे वरिष्ठ न्यायाधीशके रूपमें सेवा दी, का आगामी संस्मरण न्यायाधीशोंकी नियुक्तिसे जुड़ी कालेजियम प्रणालीके कामकाजपर कई परेशान करने वाले सवाल खड़े करता है। 'विदाऊट फियर एंड फेवर' शीर्षक वाला यह संस्मरण अभी प्रकाशित होना बाकी है, लेकिन जस्टिस कौलने कई साक्षात्कारोंमें कालेजियम प्रणालीसे जुड़े विभिन्न पहलुओंपर प्रकाश डाला है। उन्होंने यह संकेत देकर इस प्रणालीकी विश्वसनीयतापर सवाल उठानेका प्रयास किया है कि इसके विचार-विमर्शको संचालित करनेके लिए पर्याप्त रूपसे सुसंगत और पारदर्शी प्रक्रियाका अभाव है। उन्होंने एक ऐसे प्रसंगका भी उल्लेख किया जिसमें एक संभावित न्यायाधीशकी जाति-समुदायपर चर्चा की गयी थी। अपने साक्षात्कारोंमें उन्होंने विशेष रूपसे न्यायिक नियुक्तियोंको लेकर भारतके पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़के दृष्टिकोणको निशानेपर लिया है और इस बातपर बल दिया है कि न्यायपालिकामें सरकारके हस्तक्षेपका दृढ़तासे विरोध करनेका साहस होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व सीजेआई सरकारके प्रति अत्यधिक संवेदनशील विनम्र थे। उन्होंने एक घटनाका हवाला दिया, जिसमें जस्टिस चंद्रचूड़ सर्वोच्च न्यायालयके एक न्यायाधीशकी नियुक्तिके पक्षमें थे, लेकिन वे उस विशेष व्यक्तिकी नियुक्तिपर सरकारका रुख भी जानना चाहते थे। एक साक्षात्कारमें जस्टिस कौलने कहा कि सरकारें उन्हीं मुख्य न्यायाधीशोंका सम्मान करती हैं जो कड़ा रुख अपनाते हैं और ऐसा होना भी चाहिए। उन्होंने यह दावा भी किया कि उन्होंने विरोध स्वरूप कालेजियमकी एक बैठकसे वॉकआऊट किया था, हालांकि जस्टिस चंद्रचूड़ने इसपर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि उन्हें ऐसे किसी वाकआऊटकी याद नहीं है और कालेजियमके सदस्यों द्वारा सभी निर्णय सर्वसम्मतिसे लिये गये थे। सर्वोच्च न्यायालयके एक अन्य पूर्व न्यायाधीशने यह भी इंगित किया कि जस्टिस चंद्रचूड़ने एक धार्मिक अनुष्ठानके लिए प्रधान मंत्रीको अपने आवासपर आमंत्रित करके एक अन्य अलिखित नियमको तोड़ा था। यद्यपि संस्मरण प्रकाशित होनेके बाद उच्च न्यायपालिकाके कामकाजके बारेमें और अधिक विवरण सामने आयंगे, लेकिन यह स्पष्ट है कि सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयोंके न्यायाधीशोंकी नियुक्तिसे संबंधित मानदंडों और प्रक्रियाओंमें पारदर्शिताकी भारी कमी है। कालेजियम प्रणालीको कार्यपालिकाके हस्तक्षेपसे न्यायिक नियुक्तियोंको सुरक्षित रखनेके लिए विकसित किया गया था। किन्तु सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अपने उत्तराधिकारियोंके चयनमें न्यायाधीशोंको प्रधानता दिये जानेके तीन दशक बाद भी यह व्यवस्था अपारदर्शिता और असंगत प्रक्रियाओंकी शिकार बनी हुई है। जस्टिस कौल की टिप्पणियां कालेजियम प्रणालीमें स्पष्ट सुधारोंकी मांग करती हैं, लेकिन सुधार लानेका अर्थ न्यायाधीशोंकी नियुक्तिका अधिकार सरकारको सौंपना या एनजेएसीको उसी पुराने स्वरूपमें पुनर्जीवित करना नहीं है, जिसे रद कर दिया गया था। सुधारका वास्तविक अर्थ यह होना चाहिए कि सार्वजनिक रूपसे घोषित पात्रता मानदंड, प्रलेखित मूल्यांकन, सुसंगत एवं तर्कसंगत प्रस्ताव, तबादलोंकी एक स्पष्ट रूपरेखा और एक पारदर्शी शिकायत निवारण तंत्रके माध्यमसे अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित की जाय। कालेजियमकी विश्वसनीयता इस बातपर निर्भर करेगी कि वह इन सुरक्षा उपायोंको संस्थागत रूप देनेमें कितनी सक्षम है। फिर भी न्यायिक नियुक्तियोंमें कार्यपालिकाको प्रभाव सौंपनेके किसी भी कदमका पुरजोर विरोध किया जाना चाहिए, क्योंकि इससे उस संस्थाकी साखको गंभीर चोट पहुंच सकती है, जिसका समाजमें आज भी अत्यधिक सम्मान है। **-विपिन पब्बी, वाया ईमेल।**

भारत कर सकता है अगुआई

विश्व व्यापार संघटन (डब्ल्यूटीओ) की अक्तूबर २०२६ में जारी वैश्विक व्यापार रिपोर्टमें एक चौंकाने वाली बात सामने आयी है। दुनियामें बढ़ते भू-राजनीतिक तनावोंके बावजूद वर्ष २०२५ में वस्तुओंके वैश्विक व्यापारकी मात्रामें ४.२ फीसदीकी वृद्धि हुई जबकि २०२४ में यह वृद्धि २.८ फीसदी थी।

❑ डी. रवि

डब्ल्यूटीओके अनुसार रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशियाका संकट, एकतरफा शुल्क लगानेकी नीतियां और होर्मुज स्ट्रेट तथा लाल सागर जैसे समुद्री मार्गोंमें बाधाओंके बावजूद व्यापारमें यह तेजी देखनेको मिली। आज भी दुनियाका लगभग ७२ फीसदी व्यापार, सबसे तरजीही राष्ट्र (एमएफएन) के आधारपर होता है। इससे पता चलता है कि दुनियाके देश अब भी नियमोंपर आधारित बहुपक्षीय व्यापार व्यवस्थामें भरोसा रखते हैं। हालांकि इस सकारात्मक तस्वीरके पीछे विकासशील देशोंकी कई गम्भीर समस्याएं छिपी हुई हैं। ऐसेमें आज जरूरत केवल विश्व व्यापार संघटनको फिरसे मजबूत करनेकी नहीं, बल्कि उसमें जरूरी सुधार करनेकी भी है। जब १९९५ में विश्व व्यापार संघटनकी स्थापना हुई थी तब दुनियाको मुख्य रूपसे विकसित और विकासशील देशोंके दो वर्गोंमें देखा जाता था। उस समय यह सोच थी कि विकासशील देशोंको वैश्विक अर्थव्यवस्थासे जुड़नेके लिए विशेष सहायता और कुछ अतिरिक्त छूट दी जानी चाहिए। इसी उद्देश्यसे विशेष एवं विभेदकारी व्यवहार (एसऐंडडीटी) का प्रावधान किया गया। इसके अलावा फैसले आम सहमतिसे लेनेकी व्यवस्था बनायी गयी। इसका बुनियादी सैद्धांतिक उद्देश्य यह था कि शक्तिशाली देश बहुमतके बलपर कमजोर देशोंपर अपनी शर्तें न थोप सकें। लेकिन पिछले ३० वर्षोंमें वैश्विक अर्थव्यवस्थामें काफी बदलाव आया है। ऐसेमें इन बुनियादी सिद्धांतोंकी नये सिरेसे समीक्षा करना जरूरी हो गया है। वर्ष १९९५ में विकासशील देशोंको दी गयी विशेष एसऐंडडीटी छूटका उद्देश्य सही था। हालांकि उस समय यह अनुमान नहीं लगाया गया था कि आने वाले वर्षोंमें देशोंकी आर्थिक स्थितिमें इतना बड़ा बदलाव आयेगा। पिछले दो दशकोंमें उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं (ईएमई) का प्रभाव तेजीसे बढ़ा है। आज करीब ३० बड़ी उभरती अर्थव्यवस्थाएं, वैश्विक अर्थव्यवस्थाको आगे बढ़ानेमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

विश्व व्यापार संघटनके कुल १६६ सदस्य देशोंमें विकसित देशों और उभरती अर्थव्यवस्थाओंकी संख्या मिलाकर लगभग ६० है। बाकी देशोंमें कम आय वाले विकासशील देश और सबसे कम विकसित देश शामिल हैं। वैश्विक व्यापारमें इन बाकी सभी देशोंकी संयुक्त हिस्सेदारी दस फीसदीसे भी कम है। ऐसेमें उभरती अर्थव्यवस्थाओंको विकासशील देशोंसे अलग एक नया वर्ग बनानेका विचार राजनीतिक रूपसे संवेदनशील है। इससे विकासशील देशोंकी एकता कमजोर हो सकती है और वैश्विक मंचोंपर उनकी सामूहिक ताकत घट सकती है। विकसित देश लम्बे समयसे इस बातको रेखांकित करते रहे हैं कि विकासशील देशोंके समूहमें आर्थिक हितोंको लेकर काफी अंतर है। दूसरी ओर, सभी विकासशील देशोंकी जरूरतें एक जैसी नहीं हैं। जो देश तेजीसे विकास करना चाहते हैं, उन्हें अपने विकासके लक्ष्य पूरे करनेके लिए अधिक छूट चाहिए। वहीं, सबसे गरीब देशोंको और अधिक रियायतों तथा बाजारतक बेहतर पहुंचकी जरूरत है। इसमें उभरती अर्थव्यवस्थाओंके बाजार भी शामिल हैं। इसका एक रास्ता यह हो सकता है कि उभरती अर्थव्यवस्थाएं अपनी इच्छासे विशेष एसऐंडडीटी छूटोंका कुछ हिस्सा छोड़ दें। हर देश अपनी आर्थिक क्षमता और सुविधाके अनुसार ऐसा कर सकता है। यदि भारत इस दिशामें पहल करता है तब दूसरे देश भी इससे प्रेरित हो सकते हैं।

भारत बेहद संवेदनशील क्षेत्रोंमें भी इस बदलावकी अगुआई करनेकी क्षमता रखता है। फिलहाल भारत सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के आधारपर किसानोंसे अनाज खरीदती है जिसका संबंध कृषि उत्पादोंकी कीमतों और उत्पादनसे जुड़ा होता है। डब्ल्यूटीओके नियमोंके तहत इस तरहकी सहायताको सामान्यत: ऐम्बर बॉक्समें रखा जाता है, जिसपर कुछ शर्तों के साथ सीमाएं लागू होती हैं। इसके बजाय प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिये किसानोंको सीधे आर्थिक सहायता देनेकी भारतकी व्यवस्था वास्तवमें उत्पादन, कीमतों या उत्पादनके साधनोंसे जुड़ी न हो तो इसे विश्व व्यापार संघटनके कृषि समझौतेके अनुबंध-२ के तहत ग्रीन बॉक्समें रखा जा सकता है। इस श्रेणीकी सहायतापर कटौतीकी बाध्यता नहीं होती।

यही सोच मत्स्य क्षेत्रमें भी अपनायी जा सकती है। भारत विश्व व्यापार संघटनमें मछली पकड़नेसे जुड़ी सब्सिडीपर चल रही बातचीतमें ईंधन और मछली पकड़ने वाले जहाजोंकी क्षमता बढ़ाने वाली सब्सिडीके स्थानपर मछुआरा परिवारोंको सीधे आर्थिक सहायता देनेका प्रस्ताव रख सकता है। इस तरहके सुधारोंकी दिशामें पहल करनेपर भारतको विश्व व्यापार संघटनमें विकासशील देशोंके हितोंकी पैरवी करनेके लिए अधिक नैतिक बल मिलेगा। इसी तरह आम सहमतिका सिद्धांत भी भले ही अच्छे इरादेके साथ बनाया गया था लेकिन इसमें कुछ बुनियादी खामियां थीं। इस सिद्धांतमें यह मान लिया गया था कि सभी सदस्य देशोंके हित एक-दूसरेसे मेल खायंगे जबकि उनकी आर्थिक ताकत और विकासका स्तर काफी अलग-अलग है। व्यवहारमें इसका नुकसान यह हुआ है कि कोई छोटा देश भी बातचीत रोक सकता है और किसी फैसलेपर सहमति बननेमें बाधा डाल सकता है। इस तरहकी रुकावटोंको दूर करनेके लिए आम सहमतिके सिद्धांतमें कुछ बदलाव जरूरी हैं।

डब्ल्यूटीओका एक अन्य महत्वपूर्ण सिद्धांत है तरजीही राष्ट्र यानी एमएफएन। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सदस्य देश व्यापारमें किसी एक देशके साथ भेदभाव न करें और सामान्य तौरपर एक सदस्यको दी गयी व्यापारिक सुविधा दूसरे सदस्योंको भी मिले। डब्ल्यूटीओकी महानिदेशक ओकोंजो-इवेला लगातार इस बातपर जोर देती रही हैं कि इस व्यवस्थाका कमजोर पड़ना एक वास्तविक समस्या है। लम्बे समयमें इसका असर यह हो सकता है कि देश एमएफएन व्यवस्थामें पैदा हुई असमानताओंकी भरपाईके लिए द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की ओर अधिक बढ़ें। इससे उन विकासशील देशोंको नुकसान हो सकता है, जो इन समझौतोंका हिस्सा नहीं हैं। भारतकी सक्रियतासे ऐसी व्यापार व्यवस्था बनानेमें मदद मिल सकती है, जिसमें विकासशील देशोंके हितोंका भी ध्यान रखा जा सकता है। डब्ल्यूटीओके ११वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलनमें पहली बार जिन मुद्दोंपर कुछ सदस्य देशोंके बीच समझौतेकी पहल हुई थी, वे अब विवादका विषय बन गये हैं। इनमें निवेशको आसान बनाना, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), ई-कॉमर्स और स्त्री-पुरुष समानतासे जुड़े मुद्दे शामिल हैं। भारतका अबतक यह रुख रहा है कि ये मुद्दे सीधे तौरपर व्यापारसे संबंधित नहीं हैं। लेकिन आजकी परस्पर निर्भर वैश्विक अर्थव्यवस्थामें इस तर्कको बनाये रखना लगातार कठिन होता जा रहा है। निवेश, छोटे कारोबार, डिजिटल व्यापार और महिलाओंकी आर्थिक भागीदारीका वैश्विक व्यापारसे गहरा संबंध है। भारतने इनमेंसे कई विषयोंपर द्विपक्षीय समझौतोंके तहत प्रतिबद्धताएं पहले ही स्वीकार की हैं। इसके बावजूद वह डब्ल्यूटीओमें इन मुद्दोंपर बहुपक्षीय नियम बनानेकी प्रक्रियामें भाग लेनेको लेकर हिचकिचाता रहा है।

डब्ल्यूटीओकी विवाद निबटान व्यवस्थाको उसकी सबसे बड़ी उपलब्धियोंमें गिना जाता है। लेकिन वर्ष २०१७ से यह व्यवस्था गम्भीर संकटका सामना कर रही है। उस समय अमेरिकाने अपील निकायमें नयी नियुक्ति रोक दी थी। इसके कारण विवादोंपर अपील सुनने वाली व्यवस्था प्रभावी रूपसे ठप हो गयी जो व्यापारमें निष्पक्षता और समानता सुनिश्चित करनेका एक महत्वपूर्ण माध्यम माना जाता था। इस समस्याके समाधानके लिए यूरोपीय संघके वैकल्पिक मॉडलपर विचार किया जा सकता है। इस मॉडलमें मध्यस्थता, अपीलके बिना विवादोंका निबटारा और फैसलोंको लागू करानेकी व्यवस्था जैसे विकल्प शामिल हैं। इसके लिए रचनात्मक सोचकी जरूरत है। डब्ल्यूटीओ और द्विपक्षीय समझौतोंके तहत व्यापारिक विवादोंसे निबटनेका भारतको लम्बा अनुभव है। इस अनुभवका उपयोग ऐसी व्यवस्था तैयार करनेमें किया जा सकता है, जिसपर अधिकसे अधिक सदस्य देशोंकी सहमति बन सके।



डब्ल्यूटीओके ११वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलनमें पहली बार जिन मुद्दोंपर कुछ सदस्य देशोंके बीच समझौतेकी पहल हुई थी, वे अब विवादका विषय बन गये हैं। इनमें निवेशको आसान बनाना, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, ई-कॉमर्स और स्त्री-पुरुष समानतासे जुड़े मुद्दे शामिल हैं। भारतका यह रुख रहा है कि ये मुद्दे सीधे तौरपर व्यापारसे संबंधित नहीं हैं। लेकिन आजकी परस्पर निर्भर वैश्विक अर्थव्यवस्थामें इस तर्कको बनाये रखना लगातार कठिन हो रहा है। निवेश, छोटे कारोबार, डिजिटल व्यापार और महिलाओंकी आर्थिक भागीदारीका वैश्विक व्यापारसे गहरा संबंध है।

अनुभूतिमें प्रवाहित मधु

निद्रामें मस्तिष्कके भीतर बहुत सारे रासायनिक परिवर्तन होते हैं। जल और वायुकी तरह निद्रा महत्वपूर्ण आवश्यकता है। निद्रा ऊर्जा, स्मृति और तेज ओज देती है तो भी इस अन्तः मधुक्षेत्रसे हमारा परिचय नहीं।

❑ हृदयनरायण दीक्षित

हमारे पूर्वजोंने निद्राकी आवश्यकतापर गहरा अध्ययन किया था। वैदिक ऋषि मधुप्रिय हैं। एक मधु अनुभूतिमें प्रवाहित होता है और दूसरा मधु पदार्थ है। आयुर्वेदका प्रतिष्ठित ग्रन्थ चरक संहिता है। चरक संहिताके रचनाकालमें दोनों मधु प्रवाहमान हैं। मधुमक्खियोंका शहद एक मधु है। अन्य सभी मीठे पदार्थ मधु हैं। चरक संहितामें कहते हैं कि केवल मधुरसका अधिक सेवन करनेसे स्थूलता, कोमलता और निद्राकी अधिकता बढ़ती है। 'निद्राकी अधिकता' की ओर स्वाभाविक ही सबका ध्यान जाता है। रक्त रसमें शक्कर या सुगरकी अधिकता आधुनिक समाजकी समस्या है। मधु शक्करका पर्याय नहीं है। शक्कर पदार्थ है और मधु स्वाद अनुभूति। रक्त रसमें शक्करका बढ़ना रोग है लेकिन निद्रा अधिकताकी जगह अनिद्रा भी आधुनिक समाजका बड़ा रोग है। चरक संहितामें बताया गया है, जब कार्य करते-करते मन थक जाता है, इन्द्रियां भी थकनेके कारण अपने-अपने विषयोंसे निवृत्त हो जाती हैं, तब निद्रा। पतंजलि योग सूत्रोंमें भी निद्राको विषयमुक्त चित्तका परिणाम बताया गया है। लेकिन तनावग्रस्त मनका क्या करें। मन थकता ही नहीं। इन्द्रियां विषयोंसे निवृत्त होती ही नहीं। करें तो क्या करे। विषय विषाद देते हैं। प्रसाद फिसल जाता है।

ऊषा आ रही हैं। रात्रि विदा हो रही हैं। पूरा अस्तित्व जागरणसे भर गया है। पक्षी कलरव कर रहे हैं। जो जागे हुए हैं, वे प्रात:कालका सूर्य, तेज अनुभव कर रहे हैं। निद्रा पूरी नहीं है। मेरा मन करता है कि थोड़ा और सो लिया जाय। एक झपकी और। निद्रा रहस्य है। चरक संहितामें बताया गया है कि निद्राके समय रजस् गुणकी शिथिलता होती है, तम गुणका आच्छादन होता है। सत् गुण निष्क्रिय हो जाता है। मैं अपना विश्लेषण करता हूं। स्वविश्लेषण ही अध्यात्म भी है। मैं प्राय: तमगुणके प्रवाहमें ही रहता हूं। तमकी सक्रियताका नेतृत्व रजस् करता है। रजस्का अर्थ ही सक्रियता है। मन थकता नहीं। इन्द्रियां विषयोंसे मुक्त नहीं होतीं। नींदकी प्रतीक्षा बेचैन करती है। नींद जरूरी है। जैसी गहरी निद्रा वैसा ही उतना ही ऊंचा जागरण। शरीर निद्राके समय ही पुनर्नवा ऊर्जा पाता है। टूटे कोष नये होते हैं। चरक संहितामें बताया है कि निद्रासे आरोग्य, शरीरका पोषण, बलवृद्धि, ज्ञानेन्द्रियोंकी उचित प्रवृत्ति और आयु नियत रूपमें बनी रहती है। यहां सबसे बड़ी बात है-ज्ञानेन्द्रियोंकी उचित प्रवृत्ति। अनिद्रा पीड़ितकी ज्ञानेन्द्रियां अपना काम ठीकसे नहीं करतीं। स्मृतिपर भी प्रभाव पड़ता है। निद्रा जरूरी है लेकिन कोई भी व्यक्ति स्वयं निद्रामें नहीं जा सकता। ज्यादासे ज्यादा हम लेट सकते हैं। निद्रा लानेमें हम कर्ता नहीं हैं। निद्रा स्वयं आती है, हमारे बुलानेपर नहीं। हमारे प्रयाससे वह और भी दूर भागती है। बिन बुलाये आना नींदकी लत है। सरकारी बैठकोंमें नेता अफसर सोते देखे जाते हैं। वे बिना प्रयास ही सो जाते हैं। चरक या पतंजलिकी मानें तो उनका मन विषयोंसे पृथक होता है और वे सो जाते हैं। निद्राका अन्त: क्षेत्र मधुमय है। यह एक अज्ञात दिक्हीन, कालहीन चित्तदशा है। दिक्हीन इसलिए कि निद्राका क्षेत्र भौगोलिक नहीं है। निद्रामें समयका अनुभव नहीं होता, निद्रामें काल नहीं होता लेकिन रस होता है। निद्रासे जागरणमें वापसी की मुहूर्त बड़ी मधुरसा है। मन करता है थोड़ा और सो लूं, एक झपकी और। पूर्वजोंने आलस्यको बुरा कहा है। लेकिन निद्रासे जागरणमें आने वाले संधिकालका आलस्य मुझे बहुमूल्य लगता है। आलस्य स्वत: कर्म प्रवृत्तिसे भागनेका नाम है। निद्राका मधुमत्त आलस्य दूसरा ही है। निद्रा ताजा करती है, ऊर्जा देती है, स्मृति और तेज ओज देती है तो भी इस अन्त: मधुक्षेत्रसे हमारा परिचय नहीं। सामान्य बोलचालमें अच्छी नींदको मीठी नींद कहा जाता है।

दुर्गा सप्तशतीके रचनाकारने निद्राको देवी बताया और अनेकश: नमस्कार किया है। अनिद्राके रोगियोंको दवाइयां दी जाती हैं। वे शरीरमें रासायनिक परिवर्तन लाती हैं। उनसे लायी गयी कृत्रिम निद्रा मधुमत्त नहीं होती। जीवन मधुरसकी इच्छासे भरापूरा है। यह सहज उपलब्ध है। सप्रयास नहीं। अनायास ही। निद्रा सप्रयास नहीं आती। प्रकृतिका अन्तस् मधुरसा है। सुख स्वस्ति और संतुष्टि मधुरस हैं। आनन्द मधुरसा है। आनन्द मधुरसविहीन नहीं हो सकता। वृक्ष, वनस्पति मधुरसा हैं। नदियां और सारे जल भी। वाणीका मधु या मधुमय वाणी सबकी अभीप्सा है। मंत्रोंका छन्दस मधु माधव है। स्वभाव अध्यात्म है और अध्यात्मकी लब्धि मधु है। वृहदारण्यक उपनिषद्में धर्मको भी मधु बताया गया है। प्रीति रीतिका मधु संसार व्यापी है। बादलोंमें भरा मधुकोष ऋग्वेदके ऋषियोंने ही देखा था। नृत्यका आस्वाद मधुमय है। सर्वभूतहितके सभी कर्म मधुकर्म और मधुरसा हैं। सर्वभूतहित संलग्न लोग मधुकर हैं। यह सृष्टि स्रष्टाका मधुकार्य है और द्रष्टाकी मधु अनुभूति। कवि हृदयका सौन्दर्यबोध वस्तुत: मधुबोध है। काव्यरस मधुरसा है और कविता मुधमत्त मधुर चिरकुमारी युवती। ऋचाएं मधुमती हैं। यहां सब तरफ मधुका आच्छादन है। मधुने ही दशों दिशाओंसे मधुको आवृत्त कर लिया है लेकिन विषादग्रस्त चित्तका क्या करें, मधुरसा प्रवाहमें गतिशील होनेके बावजूद हम जीवनके मधुसे वंचित हैं। मैं मधुरसा नादमें हूं। नाद भीतरसे बाहरकी ओर प्रवाहमान है। नाद सुनता हूं, लेकिन भीतर रस प्रवाह नहीं है। रस है, लेकिन मन पराजित है। देव शक्तियां कृपा करें और सही मार्गपर चलनेका साहस दें।



शक्ति हैं मां अहोई

❑ श्वेता गोयल

अहोई अष्टमीकी मान्यताके अनुसार इस दिन विशेष पूजा-अर्चना करनेसे माता अहोई संतान सुख प्रदान करती हैं। अहोई माताको देवी पार्वतीका अवतार माना जाता है, जिन्हें बच्चोंकी रक्षकके रूपमें पूजा जाता है। यह व्रत काफी कठिन और महत्वपूर्ण माना जाता है। महिलाएं इस दिन निर्जला व्रत रखती हैं और माता पार्वतीके अहोई रूपकी पूजा करती हैं, उसके बाद तारोंको देखकर अर्ध्य देनेके बाद ही अपना व्रत खोलती हैं। अहोई अष्टमीका पर्व भारतीय समाजमें मातृत्वकी शक्ति और बच्चोंके प्रति मांकी चिन्ताको दर्शाता है। अहोई अष्टमीपर माताएं अहोई मातासे यही आशीर्वाद मांगती हैं कि उनके बच्चोंके सभी सपने साकार हों, उनका जीवन स्वस्थ रहे और वे दीर्घायु हों। परिवारकी एकताको मजबूत करता यह पर्व न केवल एक धार्मिक पर्व है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोणसे भी बहुत महत्व रखता है। धार्मिक आस्थाका प्रतीक पर्व अहोई अष्टमी हमारी संस्कृति और परम्पराओंको जीवित रखनेमें अहम भूमिका निभाता है। दरअसल इस पर्वकी पूजा विधि, कथा और परम्पराएं हमें अपने परिवार और समाजके प्रति जिम्मेदारीका अहसास कराती हैं और इस प्रकार यह पर्व हमारे जीवनमें एक महत्वपूर्ण स्थान रखते हुए हमें यह भी सिखाता है कि हम कैसे अपने बच्चोंके प्रति अपने प्रेम और चिंताको प्रकट कर सकते हैं। अहोई अष्टमी पर्वके माध्यमसे हम अपने पारिवारिक बंधनोंको मजबूत करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारी आने वाली पीढ़ियां भी इस सांस्कृतिक धरोहरको संजोकर रखें। अष्टमीके दिन अधिकांश स्थानोंपर तारोंको देखकर अर्ध्य देनेकी परम्परा है। माना जाता है कि आसमानमें सभी तारे अहोई माताके वंशज हैं, इसीलिए यह व्रत तबतक पूरा नहीं माना जाता, जबतक तारोंको अर्ध्य नहीं दिया जाता। अष्टमीके दिन तारोंकी पूजाको लेकर मान्यता है कि यदि माताएं अहोई अष्टमीके दिन असंख्य तारोंके दर्शन और पूजा करेंगी तो पूजा करनेसे उनके कुलमें अनगिनत संतान होती हैं। अहोईका अर्थ है 'अनहोनीको होनी बनाना'। समयके साथ अहोई अष्टमी मनानेकी परम्पराओंमें सुखद बदलाव भी आया है। दरअसल पहले अहोई अष्टमी व्रत केवल पुत्रकी खुशहाली और लंबी उम्रके लिए ही किया जाता था और यह व्रत केवल वही महिलाएं करती थीं, जो पुत्रवती होती थी लेकिन अब अहोई अष्टमी व्रत पुत्र-पुत्रीका भेद किये बिना माताएं अपनी संतानकी सुख-समृद्धिके लिए करती हैं। यह पर्व मातृत्व, परिवार और समुदायके बीचकी कड़ीको मजबूत बनाता है। ऐसे पर्व हमारे समाजमें सामंजस्य, प्रेम और एकताका संदेश देते हैं, जो हमें आगे बढ़ने और अपने बच्चोंके लिए एक बेहतर भविष्य बनानेके लिए प्रेरित करते हैं।

पत्रकारिताकी स्वतंत्रतापर सवाल

❑ रजनीश कपूर

लोकतंत्रमें जनता की जवाबदेही तभी संभव है जब मीडिया स्वतन्त्र और निष्पक्ष हो। अब सर्वोच्च न्यायालय से ही उम्मीद है कि वह पत्रकारिताकी स्वतंत्रताकी रक्षा करे और इसे कमजोर न होने दे। हालमें डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स असोसिएशन (डीएनपीए) ने सुप्रीम कोर्टमें डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटैक्शन (डीपीडीपी) एक्ट २०२३ और उसके नियमों २०२५ के खिलाफ याचिका दायर की है। देशके २१ प्रमुख मीडिया संघटनोंका प्रतिनिधित्व करने वाली इस याचिकामें आरोप लगाया गया है कि कानून पत्रकारीय गतिविधियोंके लिए कोई स्पष्ट छूट नहीं देता, जिससे खोजी पत्रकारिता बाधित हो सकती है। सुप्रीम कोर्टने केन्द्रको नोटिस जारी किया है और १७ नवम्बरको सुनवाई तय की है। अदालतने इसपर किसी भी तरहकी अंतरिम रोक नहीं लगायी लेकिन निजता और अभिव्यक्तिकी स्वतंत्रताके बीच संतुलनकी जरूरत पर जोर दिया।

उल्लेखनीय है कि इस याचिकामें याचिकाकर्त्ताओंका मुख्य तर्क है कि कानून पत्रकारों, संपादकों और समाचार संघटनोंको 'डाटा फिड्यूशियरी' मानकर नोटिस, सहमति और डाटा मिटाने जैसी बाध्यताएं लागू करता है। इस कानूनकी धारा सात (वैध उपयोग) और धारा १७ (छूट) में पत्रकारिताका कोई उल्लेख नहीं है, जबकि पहलेके मसौदों (२०१८, २०१९, २०२१) में ऐसी छूट थी। इसकी अनुपस्थितिका मतलब है कि किसी व्यक्तिपर रिपोर्ट लिखते समय उसकी सहमति लेनी पड़ सकती है। ऐसी खोजी रिपोर्टोंमें यदि संदिग्धको पहलेसे सूचित किया जाय तो वह सबूत नष्ट करने, गवाहोंको धमकाने या कहानी रोकनेका प्रयास कर सकता है। इसके अलावा धारा ३६ और नियम २३ के तहत सरकार बिना न्यायिक निगरानीके किसी भी डाटा फिड्यूशियरीसे जानकारी मांग सकती है। याचिकाकर्त्ताओंका कहना है कि यह पत्रकारीय स्रोतोंको उजागर कर सकता है। धारा ४४(३) ने आरटीआई अधिनियमकी धारा ८(१)(जे) में संशोधन कर व्यक्तिगत सूचना' को व्यापक रूपसे छूट दे दी है। पहले सार्वजनिक हितका प्रावधान था, अब वह हटा दिया गया है। इससे आरटीआइके जरिये सार्वजनिक पदाधिकारियोंकी जानकारी हासिल करना और कठिन हो सकता है। वहीं सरकारका आधिकारिक रुख निजताकी रक्षा है। २०१७ के पुट्टस्वामी फैसलेके बाद निजता मौलिक अधिकार बन चुकी है। सरकारका तर्क है कि आजके डिजिटल युगमें विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म और कम्पनियों द्वारा डाटाके दुरुपयोगको रोकनेके लिए यह कानून जरूरी माना गया। विभिन्न मीडिया संघटनों और उनके प्रतिनिधियोंके साथ हुई कुछ बैठकोंमें मीडिया संघटनों को आश्वासन भी दिये गये कि इस कानूनसे प्रेसकी स्वतंत्रता प्रभावित नहीं होगी। लेकिन लिखित छूट न होने और पहलेके मसौदोंसे हटाये जानेपर सवाल उठते हैं।

यूरोपीय संघके जनरल डाटा प्रोटैक्शन रैगुलेशन (जीडीपीआर) के अनुच्छेद ८५ में स्पष्ट कहा गया है कि सदस्य देश डाटा संरक्षण और अभिव्यक्तिकी स्वतंत्रता (पत्रकारिता सहित) के बीच सामंजस्य बैठायें। ब्राजीलके सामान्य डेटा संरक्षण कानून (एलजीपीडी) और कई अन्य देशोंमें भी पत्रकारीय उद्देश्यके लिए छूट या संतुलित प्रावधान हैं। ये कानून निजताकी रक्षा करते हैं लेकिन सार्वजनिक हित की रिपर्टिंगको रोकते नहीं।

पत्रकारिता लोकतंत्रका चौथा स्तंभ है। खोजी पत्रकारिता भ्रष्टाचार, सत्ताके दुरुपयोग और सार्वजनिक मुद्दोंको उजागर करती है। यदि हर रिपोर्टके लिए सहमति जरूरी हो जाय तो कई कहानियां छप ही नहीं पायंगी। स्रोत गोपनीयता खतरेमें पड़नेसे व्हिसलब्लोअर और आम नागरिक भी जानकारी सांझी करनेसे हिचकिचायंगे। विश्व प्रैस फ्रीडम इंडैक्समें भारतकी रैंकिंग पहलेसे ही चिन्ताजनक बनी हुई है। निजता और सूचनाका अधिकार दोनों मौलिक हैं और इनमें संतुलन भी जरूरी है। समाधान यह हो सकता है कि पत्रकारिताके लिए स्पष्ट छूट दी जाय, जो प्रेस काऊंसिल या स्व-नियामक संहिताओंसे जुड़ी हो। सार्वजनिक हितका परीक्षण, आनुपातिकता और न्यायिक निगरानी जैसी सुरक्षाएं भी रखी जायं। डाटा मिटानेके अधिकारको प्रकाशित खबरोंपर लागू न किया जाय, खासकर जब वे सार्वजनिक रिकॉर्ड बन चुकी हों। लोकतंत्रमें सत्ताकी जवाबदेही तभी संभव है जब मीडिया स्वतंत्र और निष्पक्ष हो। आने वाले समयमें सुप्रीम कोर्टका फैसला इस संतुलनको तय करेगा। उम्मीद की जा सकती है कि अदालत निजताकी रक्षा करे लेकिन पत्रकारिताकी स्वतंत्रताको कमजोर न होने दे। अन्यथा यह स्वतंत्र और निष्पक्ष मीडियाके लिए बड़ा झटका साबित हो सकता है, जो किसी भी जीवंत लोकतंत्रके लिए खतरनाक होगा।

बदलाव की उम्मीद के समांतर चुनौतियां

इजराइल की रणनीतिक और भू-राजनीतिक स्थिति जितनी जटिल है, उसकी घरेलू राजनीति भी उतनी ही उलझी हुई है। ताजा चुनाव परिणामों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इजराइल में किसी एक विचारधारा या राजनीतिक गठबंधन के लिए सरकार बनाना आसान नहीं है। वहीं इजराइल के चुनाव परिणाम ट्रंप के लिए भी संकेत है कि नेतन्याहू को अमेरिकी समर्थन मिलने के बावजूद वे बहुमत हासिल नहीं कर सके। इससे ट्रंप की पश्चिम एशिया नीति के सामने नई चुनौती खड़ी हुई है। ईरान, गाजा युद्ध और क्षेत्रीय शांति के मुद्दों पर उन्हें इजराइल की नई राजनीतिक परिस्थितियों के अनुरूप रणनीति बनानी होगी।

इजराइल में राजनीतिक दलों की वैचारिकी में यहूदी राष्ट्रवाद, धार्मिक परंपराओं, धर्मनिरपेक्षता, राष्ट्रीय सुरक्षा और फिलिस्तीन के प्रश्न को लेकर गहरे मतभेद हैं। नेतन्याहू की लिकुड पार्टी दक्षिणपंथी राष्ट्रवाद और कठोर सुरक्षा नीति की समर्थक है, जबकि आइजेनकोट की वाशर पार्टी मध्यमार्गी राष्ट्रवाद, सुरक्षा के साथ लोकतांत्रिक संस्थाओं में सुधार और सभी नागरिकों के लिए समान जिम्मेदारी पर जोर देती है। इस समय नेतन्याहू सबसे बड़े राजनीतिक दल के नेता हैं, लेकिन उन्हें सहयोगी दलों की जरूरत है। आइजेनकोट विपक्ष का प्रमुख चेहरा बनकर उभरे हैं, पर उनके सामने भी विभिन्न विचारधाराओं वाले दलों को साथ रखने की चुनौती है। इसके अलावा, अन्य दलों में कुछ धर्मनिरपेक्षता, नागरिक अधिकारों, सामाजिक समानता और फिलिस्तीन के साथ शांतिपूर्ण समाधान का, तो कुछ यहूदी राष्ट्रवाद का समर्थन करते हैं। जबकि अरब नागरिकों का प्रतिनिधित्व करने वाले राअम और जाइंट लिस्ट इस समय बेहद मजबूत स्थिति में हैं और उनके लिए समान नागरिक अधिकार, स्थानीय विकास और फिलिस्तीनियों के राजनीतिक अधिकार की मांग केंद्रीय मुद्दे हैं।

राजनीतिक प्राथमिकताएं

इजराइल की बदलती राजनीतिक स्थितियों के बीच नेतन्याहू और गादी आइजेनकोट की नीतियों को जानना बेहद दिलचस्प है। नेतन्याहू की राजनीति राष्ट्रीय सुरक्षा, यहूदी राष्ट्रवाद और धार्मिक दक्षिणपंथी दलों के सहयोग पर आधारित है। वे हमास, हिजबुल्लाह और ईरान के विरुद्ध कठोर सैन्य नीति के समर्थक हैं। इसके विपरीत, आइजेनकोट भी इजराइल की सुरक्षा को सर्वोच्च महत्त्व देते हैं, लेकिन उनके राजनीतिक दृष्टिकोण में संस्थागत जवाबदेही, सभी नागरिकों के लिए समान सैन्य या राष्ट्रीय सेवा और कूटनीतिक संवाद को अधिक स्थान मिल सकता है। फिलिस्तीन के मुद्दे पर दोनों के बीच बहुत बड़ा वैचारिक अंतर नहीं है। दोनों हमास के निरस्त्रीकरण और इजराइल की सुरक्षा को जरूरी मानते हैं। हालांकि पश्चिमी तट में यहूदी बस्तियों के विस्तार और फिलिस्तीनी क्षेत्रों के प्रति नीति में अंतर दिखाई देता है। आइजेनकोट अनधिकृत बस्तियों के विस्तार और वहां होने वाली हिंसा का विरोध करते रहे हैं।

मतभेद के बीच

नेतन्याहू अगर जोड़तोड़ करके सत्ता बचाए रखने में फिर कामयाब रहते हैं, तो गाजा में सैन्य कार्रवाई, फिलिस्तीनी क्षेत्रों में इजराइली नियंत्रण और ईरान के विरुद्ध कठोर रुख उनकी सरकार की प्राथमिकताओं में बने रह सकते हैं। जाहिर है, अरब देशों के साथ संबंध सुधारने और क्षेत्र में स्थायी शांति की कोशिशों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। नेतन्याहू की राजनीति में धार्मिक राष्ट्रवाद और दक्षिणपंथी विचारधारा का प्रभाव अधिक रहा है। इससे धार्मिक और धर्मनिरपेक्ष यहूदियों के बीच पहले से मौजूद मतभेद गहरा सकते हैं। न्यायपालिका और सरकार के बीच टकराव भी नेतन्याहू की राजनीति का महत्त्वपूर्ण पहलू है। न्यायिक व्यवस्था में सरकार के अधिकार बढ़ाने की कोशिशों ने इजराइल में बड़े जनविरोध को जन्म दिया था। सत्ता में लौटने पर ऐसे प्रयास फिर तेज हो सकते हैं। इससे लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता और सरकार की जवाबदेही को लेकर बहस बढ़ेगी।



प्रसंगवश

ब्रह्मदीप अलूने

ताजा चुनाव परिणामों ने इजराइल की राजनीति में यहूदी राष्ट्रवाद और अरब नागरिकों के राजनीतिक प्रतिनिधित्व के बीच बढ़ते टकराव को नई पहचान दी है। यहूदीवाद को अरबवाद की चुनौती कहना इस बदलाव का एक पक्ष हो सकता है, लेकिन असल मुद्दा इजराइल के बहुलतावादी लोकतंत्र का है। अरब नागरिकों की बढ़ती राजनीतिक भागीदारी यह बता रही है कि वे देश की सत्ता और नीतियों में अपनी हिस्सेदारी चाहते हैं।

बदलाव के कोने

दूसरी ओर, आइजेनकोट के प्रधानमंत्री बनने पर राजनीतिक स्थितियां अलग हो सकती हैं। गादी आइजेनकोट का नेतृत्व नेतन्याहू की तुलना में अलग राजनीतिक शैली प्रस्तुत कर सकता है। वे इजराइल के पूर्व सैन्य प्रमुख रहे हैं और सुरक्षा मामलों की गहरी समझ रखते हैं। इसलिए उन्हें उदारवादी या कमजोर सुरक्षा नीति का समर्थक मानना उचित नहीं होगा। उनकी सरकार बनने पर सबसे बड़ा बदलाव इजराइल की आंतरिक राजनीति में दिखाई दे सकता है। वे सात अक्तूबर, 2023 के हमले और सुरक्षा व्यवस्था की विफलता की जांच के पक्षधर रहे हैं। ऐसी जांच से यह स्पष्ट करने का प्रयास होगा कि खुफिया एजंसियों, सेना और राजनीतिक नेतृत्व के स्तर पर कहां चूक हुई। इससे प्रधानमंत्री और सरकार की जवाबदेही मजबूत हो सकती है। इजराइल के नागरिकों में भी यह भरोसा पैदा हो सकता है कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े गंभीर मामलों में राजनीतिक नेतृत्व को जवाब देना होगा। उनकी सरकार धार्मिक संस्थाओं और सैन्य सेवा के प्रश्न पर भी नई बहस शुरू कर सकती है। इजराइल में लंबे समय से यह विवाद है कि धार्मिक शिक्षा संस्थानों में पढ़ने वाले युवाओं को अनिवार्य सैन्य सेवा से छूट क्यों दी जाए, जबकि दूसरे समुदायों के युवाओं को सेना में सेवा देनी पड़ती है। अगर उनकी सरकार इस दिशा में आगे बढ़ती है तो धार्मिक दलों के प्रभाव को चुनौती मिल सकती है।

फिलिस्तीन के प्रश्न पर आइजेनकोट से बहुत बड़े बदलाव की उम्मीद करना भी उचित नहीं होगा। वे स्वतंत्र फिलिस्तीनी राष्ट्र की स्थापना के पक्ष समर्थक नहीं हैं। हमास के निरस्त्रीकरण और इजराइल की सुरक्षा को वे प्राथमिक शर्त मानते हैं। पश्चिमी तट में अवैध बस्तियों के विस्तार और वहां होने वाली हिंसा को लेकर उनका रुख नेतन्याहू की तुलना में अलग हो सकता है। वे अनधिकृत बस्तियों के विस्तार का विरोध करते रहे हैं। इससे पश्चिमी तट में तनाव कम करने की कुछ गुंजाइश बन सकती है, लेकिन फिलिस्तीनियों की स्वतंत्रता और राजनीतिक अधिकारों का प्रश्न बना रहेगा। आइजेनकोट के नेतृत्व में इजराइल की विदेश नीति में संवाद और कूटनीति के लिए कुछ अधिक स्थान बन सकता है।

आइजेनकोट के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि वे अलग-अलग विचारधारा वाले विपक्षी दलों को एक साथ कैसे रखते हैं। अरब दलों के समर्थन या मतदान से दूरी बनाए रखने की स्थिति में उनकी सरकार बन सकती है, लेकिन इजराइल की राजनीति में अरब दलों के साथ सहयोग को लेकर कई विपक्षी नेताओं की अपनी सीमाएं हैं। इसलिए अल्पमत सरकार बनना संभव तो है, लेकिन उसका स्थिर रहना आसान नहीं होगा। उसे बजट, सैन्य नीति, धार्मिक संस्थाओं और फिलिस्तीन जैसे विवादित मुद्दों पर लगातार राजनीतिक सहमति बनानी पड़ेगी।

भविष्य की दिशा

ताजा चुनाव परिणामों ने इजराइल की राजनीति में यहूदी राष्ट्रवाद और अरब नागरिकों के राजनीतिक प्रतिनिधित्व के बीच बढ़ते टकराव को नई पहचान दी है। यहूदीवाद को अरबवाद की चुनौती कहना इस बदलाव का एक पक्ष हो सकता है, लेकिन असल मुद्दा इजराइल के बहुलतावादी लोकतंत्र का है। अरब नागरिकों की बढ़ती राजनीतिक भागीदारी यह बता रही है कि वे देश की सत्ता और नीतियों में अपनी हिस्सेदारी चाहते हैं। अब इजराइल के सामने सबसे बड़ी चुनौती यहूदी और अरब नागरिकों के बीच मतभेद कम करके राष्ट्रीय एकता मजबूत करने की है। पहचान आधारित राजनीतिक ध्रुवीकरण जारी रहने पर सामाजिक विभाजन और गहरा सकता है। इस राजनीतिक परिस्थिति में नेतन्याहू का भविष्य और इजराइल का लोकतांत्रिक स्वरूप दोनों महत्त्वपूर्ण मोड़ पर है। बहरहाल, इजराइल के चुनाव परिणामों ने स्पष्ट कर दिया है कि देश का भविष्य अब केवल किसी एक नेता की सत्ता पर निर्भर नहीं है। त्रिशंकु संसद और अरब दलों की बढ़ी राजनीतिक भागीदारी के बीच यह तय होगा कि नया नेतृत्व टकराव और विभाजन की राजनीति को आगे बढ़ाता है या सुरक्षा के साथ सामाजिक एकता, जवाबदेही और क्षेत्रीय शांति को प्राथमिकता देता है।

विरोध का मौसम



वक्त की नब्ज

तवलीन सिंह

दुनिया भर में मौसम इन दिनों क्रांति और विरोध का चल रहा है। कारण हर जगह एक ही है- लोग तंग आ चुके हैं अपने राजनेताओं की नाकामियों से और उनके झूठे वादों से। तो क्या अपने देश में भी कुछ यही हो रहा है या कुछ अलग? मेरा मानना है कि अपने भारत महान में कुछ अलग हो रहा है। ऐसा नहीं है कि हमारे युवा परिवर्तन की मांग नहीं कर रहे हैं। मगर पिछले सप्ताह, जब भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर मांग की लोकतंत्र को बहाल रखने की और अराजकता को समाप्त करने की, तो मामला बदल-सा गया।

ऐसा लगने लगा है अब, जैसे भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच एक स्पर्धा शुरू हो गई है जिसका मकसद एक ही है, और वह है एक-दूसरे को नीचा दिखाना। ऐसा भी लगने लगा है कि भाजपाई इस स्पर्धा में भाग लेने लगे हैं इसलिए कि उनको शक है कि बेजान विपक्ष में एक नई ऊर्जा पैदा हुई है जबसे राहुल गांधी ने सर्वोच्च न्यायालय तक शक्ति प्रदर्शन किया और इसके समर्थन में हजारों लोग दिल्ली की सड़कों पर उतर आए थे। तो क्या इंडिया गठबंधन के दलों को आम लोग पहले से ज्यादा पसंद करने लगे हैं?

हो सकता है कि रामलीला मैदान में सभा करने का फैसला कांग्रेस ने पहले से लिया हो, लेकिन लगता है कि उम्मीद से ज्यादा समर्थन देखने के बाद ही राहुल गांधी ने तय किया बहुत बड़ी सभा करने का, ताकि बीसबालाई हुई मोदी सरकार थोड़ा और बौखलाए। यह जलसा आज होने वाला है। इसको रोकने के लिए भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ता निकल आए दिल्ली की सड़कों पर हाथ में तिरंगा लहराते हुए। समझना मुश्किल है कि जब सरकार अपनी है, तो विरोध प्रदर्शन करने का मतलब क्या है। लोकतंत्र को बचाने का विपक्षी दलों का नारा भाजपाइयों ने क्यों उठाया उसको अराजकता समाप्त करने के नारे के साथ जोड़कर? क्या यह सिर्फ शक्ति प्रदर्शन था कांग्रेस को याद दिलाने के लिए कि भीड़ जितनी भी जुटा लो, भाजपा का मुकाबला नहीं कर सकते?

इस बीच आए विधान परिषदों के चुनाव नतीजे, जिनसे स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस अभी भी चुनावी मामलों में इतनी कमजोर है कि एक सीट नहीं हासिल कर पाई उत्तर प्रदेश और बिहार में। और न ही कर्नाटक में जहां सरकार कांग्रेस की है। नतीजों के आने के बाद भाजपाई प्रवक्ताओं ने टीवी पर छाती चौड़ी करके कहना शुरू किया कि चाहे ईवीएम से चुनाव कराए जाएं या मतपत्रों से, कांग्रेस हारती ही रहेगी। नतीजे आ

ऐसा लगने लगा है अब, जैसे भाजपा और कांग्रेस के बीच एक स्पर्धा शुरू हो गई है जिसका मकसद एक-दूसरे को नीचा दिखाना है। ऐसा भी लगने लगा है कि भाजपाई इस स्पर्धा में भाग लेने लगे हैं इसलिए कि उनको शक है कि बेजान विपक्ष में एक नई ऊर्जा पैदा हुई है जबसे राहुल गांधी ने सर्वोच्च न्यायालय तक शक्ति प्रदर्शन किया और इसके समर्थन में हजारों लोग दिल्ली की सड़कों पर उतर आए थे।

ही रहे थे कि राहुल गांधी दिखे सोशल मीडिया पर कहते हुए कि रामलीला मैदान लोगों को जरूर आना चाहिए रविवार के दिन यह दिखाने कि मोदी सरकार से सारा देश तंग आ चुका है।

कुछ हद तक उनकी बात सही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का यह तीसरा वर्ष है, जो अक्सर बुरा गुजरता है राजनेताओं के लिए। इंदिरा गांधी के साथ भी ऐसा ही हुआ था और विरोध इतना फैलता गया उस समय इंदिरा गांधी के खिलाफ कि उन्हें आपातकाल लगाना पड़ा था, आम चुनावों को टालने के लिए। मगर ऐसा करके उन्होंने कांग्रेस की छवि इतनी खराब कर दी कि जब चुनाव हुए तो न वह अपनी रायबरेली की सीट बचा सकीं और न उनका बेटा संजय गांधी अपनी अमेठी वाली सीट बचा सके। माना कि जनता दल की सरकार सिर्फ दो साल टिक सकी थी, लेकिन कम से कम यह तय हुआ कि कांग्रेस के बिना भी केंद्र में सरकार बन सकती है।

फिर भी एक दशक और राज रहा कांग्रेस का और जब अटल बिहारी वाजपेयी पहली बार प्रधानमंत्री बने, तो उनकी सरकार तेरह दिन भी नहीं टिक सकी। दोबारा जब प्रधानमंत्री बने, तो उनकी सरकार को गिराया सोनिया गांधी ने ऐसी चाल चल कर जिसको राजनीति के जानकार उनकी सबसे बड़ी गलती मानते हैं आज भी। मुलायम सिंह पर भरोसा करके सोनिया गांधी नहीं राष्ट्रपति भवन यह दावा करने कि उन्हें समर्थन मिल रहा है 272 सांसदों का, लेकिन ऐसा न हुआ और चुनाव फिर हुए अगले साल जिसमें वाजपेयी को बहुमत तो नहीं मिला, लेकिन इतनी सीटें जरूर मिलीं कि वे अपना कार्यकाल पूरा कर सके।

इस इतिहास को ध्यान में रखकर वर्तमान को अगर आप देखेंगे, तो दिखेगा शायद कि नरेंद्र मोदी के भी अब बुरे दिन शुरू हो गए हैं, चाहे शक्ति प्रदर्शन जितने भी हों उनके समर्थन में। इसका मतलब यह नहीं है कि अब राहुल गांधी के प्रधानमंत्री बनने के आसार दिखने लग गए हैं, लेकिन इतना जरूर साबित हुआ है कि मोदी सरकार अब उन्हें एक काबिल प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखने लग गई है। ऐसा न होता तो इतनी बौखलाहट न दिखती सरकार में और इतनी अस्पष्टता न दिखती भारतीय जनता पार्टी की रणनीति में कि विरोध प्रदर्शन उनकी तरफ से भी होने लग जाएं जब सरकार उनकी ही है केंद्र में।

विरोध प्रदर्शनों की स्पर्धा चल ही रही थी कि राहुल गांधी ने एक बार फिर ऐसी गलती की, जिसका लाभ मोदी सरकार को मिला। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त पर 'जनता का महाभियोग' बुलाया, जिसने गंभीर राजनीतिक मुद्दे को बच्चों के खेल में तब्दील कर दिया। भूल गए शायद नेता प्रतिपक्ष कि लोकतंत्र कायम है लोकतांत्रिक संस्थाओं से जिनमें सबसे महत्त्वपूर्ण है चुनाव आयोग। ऐसा करके कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर सिद्ध किया है कि उनको तकलीफ लोकतंत्र के कमजोर होने से नहीं है। तकलीफ है इससे कि बिना 'वोट चोरी' के आरोप लगाए वह समझा नहीं सकती है कि चुनाव क्यों नहीं जीत पाती है।

संघ, सरकार और समाज



संदर्भ

राकेश सिन्हा

विचारों की इस लड़ाई में संघ को अपने अनुकूल राजनीति स्थापित करने में सफलता मिली। डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक संघ का योगदान प्रतिफलित हुआ। अब चुनौती की प्रकृति बदल गई है और वह है इस परिवर्तन की योग्यता, साख और उपयोगिता को बनाए रखने की है। नेहरूवादी विचारधारा इन पर ही सवाल खड़ा करने की ताक में है। मगर नई परिस्थिति में सैद्धांतिक पक्ष से व्यावहारिक पक्ष महत्त्वपूर्ण हो जाता है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सौ साल पूरा कर नई शताब्दी की शुरुआत की है। अपने इतिहास में संघ ने राजनीतिक दृष्टि से दो बिल्कुल भिन्न परिस्थितियों को देखा है। वे भिन्न ही नहीं, विरोधाभासी भी हैं। पहली परिस्थिति है संघ बनाम सरकार। इसके इतिहास का अधिकांश समय सरकार के साथ टकराव में बीता। दूसरी परिस्थिति समानधर्मी सरकार है। औपनिवेशिक काल में सरकार ने तीन बार संघ के अस्तित्व पर संकट पैदा किया। वर्ष 1932-33 में सरकारी कर्मचारियों के संघ में सम्मिलित होने पर प्रतिबंध लगाया गया। वर्ष 1940 में इसकी शाखा पर परेड व्यायाम आदि को प्रतिबंधित कर दिया गया। वर्ष 1945 में प्रशिक्षण शिविर पर पाबंदी लगाकर संघ के कार्यालयों और शिविरों पर पुलिस कार्रवाई की गई। यह सब साम्राज्यवाद बनाम राष्ट्रवाद की लड़ाई का हिस्सा था।

स्वतंत्रता के बाद संघ को अनापेक्षित संकट का सामना करना पड़ा। नेहरूवादी विचारधारा इसे धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र और आधुनिकता का विरोधी मानती थी। महात्मा गांधी की हत्या के बाद संघ पर वर्ष 1948 में प्रतिबंध लगा दिया गया। मगर तब संघ की सामाजिक जड़ मजबूत हो चुकी थी। राजनीतिक वैधानिकता पर सामाजिक वैधानिकता की हमेशा जीत होती है। अमेरिका में मार्टिन लूथर किंग (जूनियर) और अफ्रीका में नरसवाद की लड़ाई लड़ने वाले 'अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस' इसके ऐसे ही उदाहरण हैं। ऐसी लड़ाई संख्या बनाम साख की होती है। संख्या पक्ष कांग्रेस के पास था, तो साख संघ के पास थी। संघ ने अपने विचार को सेमिनारों, बहसों, विमर्शों और कुलीनों की सीमाओं से बाहर जमीनी स्तर पर सामान्य लोगों के बीच रखा।

जहां राज्य सरकार की शिक्षा नहीं पहुंची, वहां संघ का 'एकल विद्यालय' स्थापित हो गया। ऐसे अनगिनत उदाहरण हैं। संघ का यह कार्य वैचारिक चेतना को समृद्ध करने का माध्यम है। नेहरूवाद को इससे परेशानी थी और है। वर्ष 1975 और 1992 में संघ पर प्रतिबंध तो लगा, लेकिन इससे संघ से अधिक नेहरूवाद को ही क्षति हुई। इस कार्य में संघ ने औपनिवेशिक संस्कृति की राजनीति को नहीं अपनाया। साधारणतया राजनीति अभी भी उसी की प्रतिबिंब बनी हुई है। सत्ता और विपक्ष सदैव आर-पार की मुद्रा में होते हैं।

वर्ष 1949 में प्रतिबंध हटने के बाद द्वितीय सरसंघचालक गोलवलकर (श्री गुरुजी) ने अपने पहले सार्वजनिक भाषण में कहा था कि नेहरू सरकार अपनी सरकार है और हमें राष्ट्रहित में जहां भी अवसर हो, सहयोग करना चाहिए। यह न तो सरकार से भय और न ही उससे मित्रता की अभिव्यक्ति थी। इसका व्यावहारिक पक्ष भी सामने आया। नेहरू सरकार के दौरान खाद्य अभियान में स्वयंसेवकों की जरूरत थी। तब संघ का सहयोग लेने के अलावा कोई रास्ता नहीं था। नेहरू ने यह कहते हुए मंजूरी दी कि उनकी सहायता लीजिए, मगर वे सही लोग नहीं हैं। यही सोच नेहरूवादियों की संघ के साथ संवाद में जड़ता का कारण और परिणाम दोनों बना हुआ है। जिस दिन वे इस विडंबना से बाहर निकलेंगे, वह उनके और लोकतंत्र दोनों के लिए अच्छा होगा।

विचारों की इस लड़ाई में संघ को अपने अनुकूल राजनीति स्थापित करने में सफलता मिली। डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक संघ का योगदान प्रतिफलित हुआ। अब चुनौती की प्रकृति बदल गई है और वह है इस परिवर्तन की योग्यता, साख और उपयोगिता को बनाए रखने की है। नेहरूवादी विचारधारा इन पर ही सवाल खड़ा करने की ताक में है। मगर नई परिस्थिति में सैद्धांतिक पक्ष से व्यावहारिक पक्ष महत्त्वपूर्ण हो जाता है। डा हेडगेवार ने वर्ष 1936 में हिंदू महासभा बनाम कांग्रेस के विवाद पर संघ की भूमिका के बारे में कहा था कि यह संगठन किसी पक्ष या विचार की ओर झुका नहीं है। यह 'सार्वभौमिक नैतिकता और सार्वभौमिक मूल्यों' के आधार पर राष्ट्रीय कार्य करता है। इन दोनों का तात्पर्य स्वयं को उदाहरण बनाकर सामाजिक, राजनीतिक और राष्ट्रवादी कार्य को आगे बढ़ाना है।

पूर्व की स्थिति में संघ के लिए सांस्कृतिक पक्ष सबसे महत्त्वपूर्ण था, क्योंकि नेहरूवादी विचारधारा भारतीय संस्कृति को सीमित और चयनित तरीके से देखती थी। संघ ने इस स्थिति को बदलने में सौ फीसद सफलता हासिल की है। सभ्यताई राष्ट्र का निर्माण दो बातों पर निर्भर है। सामाजिक -आर्थिक विरोधाभासों को न्यूनतम स्तर पर लाना और सांस्कृतिक चेतना एवं लोकतांत्रिक चेतना के अंतर को समाप्त करना। जातिवाद, अस्पृश्यता और सांप्रदायिकता जैसी बुराइयों की मजबूत स्थिति भारतीय जीवन में दर्ज है और यह राजनीति के माफत अपनी ताकत से अधिक प्रतिक्रियावाद उपजा रहा है।

इसमें निर्णायक लड़ाई लड़ने की अपेक्षा संघ से ही है।

इतिहास ने बड़े नामों और उद्देश्यों से स्थापित संस्थाओं के क्षरण देखा है। इस संबंध में भारत का साधु समाज, जिससे तुकडो जी महराज, गुलजारी लाल नंदा, डा राजेंद्र प्रसाद जैसे लोग जुड़े थे, इसका दायरा है। नेहरू ने मई, 1959 में कहा था कि वे उनके कार्यक्रम में इसलिए आना नहीं चाहते थे कि क्योंकि सरकार का हिस्सा होने के कारण उनकी उपस्थिति से दोनों की प्रतिबद्धता एक-दूसरे के प्रति हो जाती है। उन्होंने कहा, 'मेरी राय में आपको जितना संभव हो सके सरकारी पैसे से दूर रहना चाहिए। यह जितना आपके लिए अच्छा है, उतना सरकार के लिए भी।' सिर्फ यही नहीं महात्मा गांधी का 'हरिजन सेवक संघ' और गोपालकृष्ण गोखले का 'सर्वेंट आफ इंडिया सोसाइटी' भी इस जंजाल में फंसकर रह गया।

संघ ने अपने इतिहास में डा हेडगेवार से मोहन भागवत तक संगठनात्मक स्वावलंबन और स्वायत्तता को पिचलने नहीं दिया और राज्य के उपक्रमों से दूर रहा। इसी चरित्र की मजबूती इसकी अगली शताब्दी की रचनात्मक यात्रा सुनिश्चित करेगी। यह भीड़ बढ़ाना नहीं, बल्कि लोकशक्ति का उपार्जन है और यही संघ कार्य की सफलता का सूचकांक और संकल्प दोनों है।

बारिश पर महाभियोग



बाखबर

सुधीश पचौरी

इन दिनों भारतीय राजनीति में नेता कम, उनके अवतार ज्यादा दिखाई देते हैं। कोई जननायक है, कोई थलैवा, कोई संविधान का सबसे बड़ा रक्षक है, कोई लोकतंत्र का सबसे बड़ा और अंतिम प्रहरी। हर दल अपने नेता को इतिहास का निर्णायक पात्र और विरोधी को लोकतंत्र का सबसे बड़ा खतरा बताने में जुटा है। नतीजा यह कि राजनीति अब मुद्दों से कम और विशेषणों से ज्यादा चलने लगी है।

भाषा का हाल यह है कि शब्दकोश वाले शब्द भी अब पुराने पड़ने लगे हैं। अब हर दिन नए राजनीतिक मुहावरे गढ़े जाते हैं। कोई किसी को चोट चोर कहता है, तो कोई लोकतंत्र चोर। कोई जनादेश चोर कहता है तो कोई किसी को संविधान चोर कहने लगता है। आरोपों की ऐसी बाढ़ आई है कि कभी-कभी लगता है राजनीति नहीं, देश में एकआइआर लेखन प्रतियोगिता चल रही है।

टीवी चैनलों का हाल तो और भी निराला है। बहस महंगाई पर शुरू होती है, पहुंच जाती है किसी नेता के बयान तक। चर्चा बेरोजगारी पर होती है और समाप्त विपक्ष की नीयत या सत्ता की मंशा पर होती है। तथ्य बेचारे बीच रास्ते में उतर जाते हैं और प्रवक्ता आखिरी स्टेशन तक लड़ते रह जाते हैं।

इसी बीच एक बयान आया और पूरा राजनीतिक देश उसी में समा गया। एक तरफ से आवाज आई कि मोदी कहीं नहीं जाएंगे। दूसरी तरफ से जवाब आया कि मोदी ही नहीं, और भी बहुत कुछ जाएगा। फिर क्या था! शिक्षा गई, स्वास्थ्य गया, रोजगार गया, किसानों की समस्या गई। देश का सबसे बड़ा सवाल यह हो गया कि आखिर कौन जाएगा और कौन नहीं जाएगा।

इसके बाद व्याख्याओं का मेला लग गया। किसी ने कहा, यहां 'बाप' का मतलब जैविक पिता नहीं, वैचारिक पिता है। किसी ने कहा, यह राजनीतिक मर्यादा का पतन है। किसी ने कहा, यह प्रतिरोध की भाषा है। राजनीति में अब बयान से ज्यादा उसकी व्याख्या चलती है। बयान पांच सेकंड का होता है, उसकी चर्चा पांच दिन चलती है।

उधर, चुनाव आयोग पर आरोप लगे, जवाब आए। सुप्रीम कोर्ट में हलफनामे भी दाखिल हुए। फिर हलफनामों पर बहस शुरू हो गई। बहसों पर प्रतिक्रियाएं आने लगीं। प्रतिक्रियाओं पर प्रतिक्रियाएं आईं। देखते-देखते आरोप और जवाब का ऐसा चक्र बना कि किसी को याद ही नहीं रहा कि शुरुआत आखिर हुई कहां से थी।

फिर घोषणा हुई कि जनता की अदालत लगेगी। प्रतीकात्मक संसद बैठेगी। महाभियोग की मांग उठेगी। हमारे यहां प्रतीकों का बड़ा महत्त्व है। असली संसद से पहले प्रतीकात्मक संसद, असली लड़ाई से पहले सांकेतिक लड़ाई और असली फैसले से पहले नैतिक फैसला आ जाता है। इसीलिए राजनीति में अब मंच भी समांतर सजने लगे हैं और सत्य भी समांतर।

घोषणा हुई कि जनता की अदालत लगेगी। प्रतीकात्मक संसद बैठेगी। महाभियोग की मांग उठेगी। हमारे यहां प्रतीकों का बड़ा महत्त्व है। असली संसद से पहले प्रतीकात्मक संसद, असली लड़ाई से पहले सांकेतिक लड़ाई और असली फैसले से पहले नैतिक फैसला आ जाता है।

जवाब में सत्ता पक्ष भी कम उत्साहित नहीं दिखा। उसने भी अपने कार्यक्रम बना लिए। एक तरफ लोकतंत्र बचाने का दावा, दूसरी तरफ लोकतंत्र खतरे में होने का दावा। एक तरफ जनादेश की दुहाई, दूसरी तरफ जनमत की दुहाई। ऐसा लगा मानो पूरा देश एक साथ कई राजनीतिक नाटकों का मंच बन गया हो और हर दल अपनी-अपनी पटकथा का नायक हो।

फिर कुछ चुनावी नतीजे आए। जिसने ज्यादा सीटें जीतीं, उसने ऐतिहासिक जीत बताई। जिसने कम सीटें जीतीं, उसने नैतिक जीत बता दी। भारतीय राजनीति की यही खूबी है। यहां हारने वाला कहता है कि असली जीत उसकी है और जीतने वाला कहता है कि जीत अपेक्षा से कम है। इसलिए यहां कोई पूरी तरह हारता नहीं और कोई पूरी तरह जीतता नहीं।

तभी राजनीति के इस विराट रंगमंच पर एक ऐसा पात्र उतर आया, जो न सत्ता पक्ष का था, न विपक्ष का। वह थी बारिश! जिस दिन प्रतीकात्मक संसद सजनी थी, जिस दिन महाभियोग का राजनीतिक महोत्सव होना था, जिस दिन कैमरों के सामने लोकतंत्र का एक और सांकेतिक संग्राम लड़ा जाना था, उसी दिन बारिश आ गई। मंच तैयार था, भाषण तैयार थे, नारे तैयार थे, आरोप तैयार थे, प्रत्यारोप तैयार थे। यहां तक कि टीवी चैनलों के प्राइम टाइम शीर्षक भी लगभग तैयार ही थे। बस मौसम ने पटकथा पढ़ने से इनकार कर दिया। और कार्यक्रम टल गया।

अब सोचिए, इस देश में अगर हर बात के लिए कोई न कोई दोषी खोज लिया जाता है, तो बारिश को क्यों छोड़ा जाए? उसने नेताओं को बोलने नहीं दिया। उसने तैयार भाषणों को फाइलों में वापस भिजवा दिया। उसने कैमरों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उसने राजनीतिक उत्तेजना का तापमान अचानक ठंडा कर दिया। जो काम आरोप नहीं कर पाए, जो काम प्रत्यारोप नहीं कर पाए, जो काम प्रवक्ता नहीं कर पाए, वह काम दिल्ली की बारिश ने कर दिखाया।

इसलिए लोकतांत्रिक निष्पक्षता की मांग है कि अगला महाभियोग इसी बारिश के खिलाफ लाया जाए। आखिर उसने राजनीतिक नाटक का चरम दृश्य ही स्थगित करा दिया। भारतीय राजनीति में इससे बड़ा अपराध फिलहाल तो दर्ज दिखाई नहीं देता! बहरहाल, चर्चा चल पड़ी बारिश की। बारिश ने भी खूब रंग जमाया और चर्चाओं में शामिल होकर अपने महत्त्व को साबित कर दिया।